भोपाल
सोमवार, 21 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 12, अंक : 111
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 31
न्यून. 24

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## कांग्रेस इन मुद्दों को उठाएगी

*सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि इस सत्र में हम पहलगाम हमला, बांग्लादेश सीमाओं पर संघर्ष, बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण, ट्रंप के दावों समेत कई मुद्दे उठाएंगे। प्रधानमंत्री का यह कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है कि वे संसद के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करें। दूसरा मुद्दा अमेरिकी राष्ट्रपति के हालिया बयान से जुड़ा है, जो भारत की गरिमा और हमारी सेना की वीरता पर सवाल उठाने का है। इसका जवाब सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री ही दे सकते हैं। तीसरा अहम मुद्दा मतदान के अधिकार और चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा है। आज जब चुनाव आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों से संवाद से बच रहा है, स्पष्टता नहीं दे रहा है, तो आगामी राज्य चुनावों और लोकतांत्रिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे संसद में आकर सरकार का पक्ष रखें। गोगोई ने कहा कि तीसरी बात ये है कि हमारे वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा उठाया है। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ हमारी सीमा पर जो दो-मोर्चे की धुरी बन गई है, इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम रक्षा और विदेश नीति पर बात करें। प्रधानमंत्री मोदी का इस सदन में आना और इन तीनों विषयों पर अपने विचार रखना बहुत महत्वपूर्ण होगा।*

## खबर संक्षेप

### 'डॉन' के निर्देशक चंद्र बरोट का निधन

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन द्वारा अभिनीत एवं 1978 में रिलीज हुई 'डॉन' फिल्म के निर्देशक चंद्र



बरोट का रविवार को मुंबई के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। बरोट के परिवार ने यह जानकारी दी। चंद्र बरोट 86 वर्ष के थे। बरोट के परिवार के अनुसार, वह पिछले 11 वर्षों से फेफड़े से जुड़ी बीमारी से जूझ रहे थे।

### कंगना बोलीं- मंडी में आया भारी भूकंप

**मंडी।** अभिनेत्री एवं मंडी की सांसद कंगना रनौत एक बार फिर अपने बयान से चर्चाओं में हैं। एक



एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कंगना ने मंडी संसदीय क्षेत्र में आई आपदा को भारी-भरकम भूकंप बता दिया। इससे एक बार फिर वह सोशल मीडिया यूजर्स और कांग्रेस के निशाने पर हैं। इंटरव्यू में कंगना ने संसद के सत्र को लेकर उत्साहित होने की बात कही।

### नीट पीजी परीक्षा का एडमिट कार्ड 31 को

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी 2025



परीक्षा के लिए स्लिप 21 जुलाई 2025 से सभी आवेदकों के लिए उनके रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर उपलब्ध हो जाएगी, जबकि एडमिट कार्ड 31 जुलाई को जारी किया जाएगा। उम्मीदवार एनबीईएमएस की आधिकारिक वेबसाइट natboard.edu.in पर जाकर नोटिस देख सकते हैं।

### अतिक्रमण रोकने गए वनकर्मियों पर हमला

**कटनी।** जिले में ग्रामीणों ने वनकर्मियों पर हमला कर दिया है। वनकर्मी अतिक्रमण हटाने गए थे



तभी ग्रामीणों ने उन्हें दौड़ाकर लाठी-डंडों से पीट दिया। इस हमले में दो डिप्टी रेंजर और तीन वनरक्षक घायल हो गए हैं। इस घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।वन कर्मियों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आज से संसद का मानसून सत्र : 21 अगस्त तक चलेगा, इसमें कुल 21 बैठकें संसद में हर सवाल का जवाब देगी सरकार

# संसदीय कार्यमंत्री मंत्री रिजिजू बोले-हम 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के लिए तैयार

*रिजिजू ने कहा कि हमने सभी दलों से अनुरोध किया है कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को अच्छे समन्वय के साथ मिलकर काम करना चाहिए*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार-विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए।

हम मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस सत्र में कुल 51 राजनीतिक दल और स्वतंत्र सांसद भाग लेंगे। इन 51 ⏩ शेष पेज 6 पर

सर्वदलीय बैठक में 51 दलों के 54 सदस्यों ने बैठक में भाग लिया

40 सांसदों ने अपनी पार्टियों की ओर से अपनी राय रखी



### सभी को मिलेगा समय

रिजिजू ने कहा कि छोटे राजनीतिक दलों, खासकर जिनके 1-2 सांसद हैं, को बोलने के लिए कम समय मिलता है क्योंकि समय उनकी संख्या के अनुसार आवंटित किया जाता है। लेकिन हमने इसका संज्ञान लिया है। हम छोटे दलों को पर्याप्त समय आवंटित करने पर सहमत हुए हैं। हम इसे लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के समक्ष रखेंगे और फिर हम इस मुद्दे को कार्य मंत्रणा समिति में उठाएंगे।

### कांग्रेस पीएम से अनुरोध करेगी कि वे मणिपुर जाएं

गोगोई ने कहा कि सरकार मणिपुर से संबंधित कई विधेयक ला रही है, लेकिन प्रधानमंत्री ने पहले कहा था कि कुछ महीनों में मणिपुर में शांति लौटेगी। अब लगभग ढाई साल बीत चुके हैं, लेकिन वहां अभी भी अशांति का माहौल बना हुआ है। प्रधानमंत्री छोटे-छोटे देशों की यात्रा तो करते हैं, लेकिन अपने ही देश के एक छोटे राज्य में, जहां अब भी हालात गंभीर हैं, वहां जाने से परहेज कर रहे ⏩ शेष पेज 6 पर

## दुबई व स्पेन की अपनी एक सप्ताह की यात्रा के बाद देर रात भोपाल पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मिले 11 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मप्र के 14 हजार युवाओं को मिल सकेगा रोजगार



*दुबई में 'इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम', फ्रेंड्स ऑफ एमपी सम्मेलन और भारत मार्ट जैसे मंचों से हमने प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर प्रस्तुत किया। यहां से 6,801 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को देर रात दुबई व स्पेन के अपने एक सप्ताह की यात्रा के बाद भोपाल वापस पहुंच गए। उन्होंने विदेश यात्रा से आते ही सबसे पहले स्टेट हैंगर में ही पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुबई और स्पेन की दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय यात्राओं से लौटकर आप सभी के समक्ष अत्यंत संतोष और आत्मविश्वास महसूस कर रहा हूं। दोनों देशों की यात्राओं में 11,119 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। इससे 14,202 लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश- ग्लोबल मिशन' 2025 हमारी सरकार के उद्योग एवं रोजगार वर्ष की दो निर्णायक अंतरराष्ट्रीय कड़ियां थीं, जिन्होंने मप्र को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और अधिक मजबूती से स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारा भारत और सशक्त व मजबूत हो रहा है एक तरह ⏩ शेष पेज 6 पर

**सीएम ने कहा**
दुबई व स्पेन यात्रा का मुख्य उद्देश्य ही मप्र को वैश्विक स्तर पर लाना रहा है। मप्र अनंत संभावनाओं वाला प्रदेश





स्पेन में मैड्रिड, ला कोरोन्या और बार्सिलोना में टेक्सटाइल, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और संस्कृति जैसे क्षेत्रों की ताकत को प्रस्तुत किया गया। स्पेन में 4,318 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए

### इन सेक्टर के निवेश प्रस्ताव आए

- बीएनडब्ल्यू डेवलपर्स
- स्टील
- हॉस्पिटेलिटी एवं मीडिया
- वेयरहाउसिंग
- रक्षा एवं एआई डेटा सेंटर
- फूड-प्रोसेसिंग एवं कोल्ड स्टोरेज
- फर्नीचर निर्माण
- एविएशन प्रशिक्षण
- टेलीकॉम पार्क
- साइबर सुरक्षा
- डेटा सेंटर
- स्टार्ट-अप फंड
- शिक्षा
- सतत ऊर्जा क्षेत्र

***स्पेन से मिले यह प्रमुख निवेश प्रस्ताव***
*स्पेन में 4,318 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। बार्सिलोना में आयोजित इनवेस्ट इन मप्र बिजनेस फोरम में 300 से अधिक निवेशकों की भागीदारी रही। इसी तरह सबमेर टेक्नॉलाजी में के साथ 4,318 करोड़ रुपए से अधिक के* ⏩ शेष पेज 6 पर

### दुबई और स्पेन की यात्रा सफलता के द्वार खोलेगी

दुबई में 'इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम', फ्रेंड्स ऑफ एमपी सम्मेलन और भारत मार्ट जैसे मंचों से हमने प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर प्रस्तुत किया। स्पेन में मैड्रिड, ला कोरोन्या और बार्सिलोना में टेक्सटाइल, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और संस्कृति जैसे क्षेत्रों की ताकत को प्रस्तुत किया गया। यह यात्रा मप्र को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि हमारे प्रयास सफलता के द्वार खोलेंगे। हमने मध्यप्रदेश के नव निर्माण में और युवाओं के बेहतर भविष्य की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाएं हैं। ⏩ पढ़ें पेज 05 भी

### दुबई में इस तरह से मिले निवेश के प्रस्ताव

दुबई में बीएनडब्ल्यू डेवलपर्स, कोनारेस मेटल, स्पैन कम्युनिकेशंस, रिलायंस डिफेन्स जैसी कंपनियों से 6,801 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। दुबई में इन्वेस्ट इन मप्र बिज़नेस फोरम का आयोजन हुआ। इसमें दुबई चैम्बर्स, भारत के वाणिज्य दूतावास और हमारे तीन प्रमुख सचिवों ⏩ शेष पेज 6 पर

## मांडू पहुंचे कांग्रेस विधायक, नव संकल्प शिविर आज से



# वर्चुअली संबोधित करेंगे राहुल गांधी व कमलनाथ

- *तन्खा बताएंगे झूठे मुकदमों से निपटने के दांव-पेच*
- *मिशन 2028 की तैयारी के तहत नव संकल्प शिविर*

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

कांग्रेस विधायक दल की ओर से दो दिवसीय नव संकल्प शिविर का आयोजन पर्यटन स्थल मांडू में सोमवार 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसमें हिस्सा लेने पार्टी के अधिकांश विधायक और नेता रविवार को ही मांडू पहुंच गए हैं। इसकी जानकारी देते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि इस दो दिवसीय शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, राजनीतिक विशेषज्ञ और प्रेरक वक्ता विधायकों के साथ गहन चिंतन कर अपने अनुभव साझा करेंगे। वर्चुअली जुड़कर राहुल गांधी भी संबोधित करेंगे। वे विधायकों को 'पार्टी की रणनीति, मूल्यों और समकालीन राजनीतिक ⏩ शेष पेज 6 पर

### विभिन्न विषयों पर आयोजित होंगे 12 सत्र

सिंघार ने बताया कि शिविर में कुल 12 सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें कांग्रेस पार्टी के इतिहास, आजादी के आंदोलन में उसके योगदान, संगठनात्मक रणनीति और पार्टी की भविष्य की योजना पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नई सोच-नई रणनीति, मिशन 2028 और राज्य की जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर विधायकों से मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायकों के साथ भाजपा सरकार को घेरने और जनता की जनसमस्याओं पर मंथन कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। सिंघार ने कहा कि यह ट्रेनिंग प्रोग्राम नहीं है क्योंकि सभी विधायक नेता हैं। ये मिशन 2028 की तैयारी के तहत नव संकल्प शिविर है। शिविर को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रेरक वक्ता सोनू शर्मा, विधानसभा के पूर्व प्रमुख ⏩ शेष पेज 6 पर

## केरल हाईकोर्ट की नई गाइडलाइन

### एआई से फैसला नहीं ले सकेंगे जज! नियम तोड़ा तो कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केरल हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जिला न्यायपालिका में



■ कोर्ट के मुताबिक यह देश की पहली नीति

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग को लेकर सख्त गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत किसी भी हालत में एआई टूल्स का इस्तेमाल न्यायिक फैसले या कानूनी विश्लेषण के लिए नहीं होगा। एआई टूल्स का इस्तेमाल केवल सहायक उपकरण के तौर पर ही किया जा सकता है, न कि किसी फैसले या कानूनी राय के लिए। कोर्ट के मुताबिक यह देश की ⏩ शेष पेज 6 पर

## बेंगलुरु से जयपुर जा रही थी छात्रा

### पानी लेने उतरी और चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिर गई, मौत

**बैतूल।** मैसूर से जयपुर जा रही जयपुर एक्सप्रेस (12975) प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर खड़ी थी। छात्रा पानी की बोतल लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरी



■ छात्रा को बचाने के चक्कर में यात्री भी घायल

थी। इसी दौरान ट्रेन अचानक चल पड़ी। उसने ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका हाथ छूट गया। छात्रा ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई, जिससे उसकी मौत हो गई। उसे बचा रहा एक यात्री भी घायल हो गया। हादसा रविवार दोपहर को हुआ। हादसे के बाद ट्रेन आधा घंटा प्लेटफॉर्म पर ही रुकी रही। पूरा घटनाक्रम ⏩ शेष पेज 6 पर

## काम के दबाव में जहर खाने का अनुमान

### निशातपुरा थाना प्रभारी ने खाया जहर, निजी अस्पताल में भर्ती

**भोपाल।** निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे द्वारा जहर खाने का मामला सामने आया है। उल्टियां



■ हालत गंभीर जांच में जुटी पुलिस

करने पर उनकी पत्नी हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल उन्हें लेकर पहुंची थी। वहां उनका इलाज चल रहा है। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया इसकी जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि उन्होंने काम के ⏩ शेष पेज 6 पर

## चार युवकों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

# आदिवासी युवक के प्राइवेट पार्ट में मिर्ची डाली गई, थाने में उल्टा लटकाकर पीटा

◆ **पुलिस का दावा:** मेडिकल रिपोर्ट में मिर्च पाउडर का जिक्र नहीं है, न ही कोई फ्रैक्चर हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छतरपुर

जिले के नौगांव थाने में पुलिस पर 4 युवकों से मारपीट करने का आरोप लगा है। युवकों का कहना है कि उनके कपड़े उतारकर उन्हें चार दिन तक पीटा गया। इतना ही नहीं गुप्तांग में मिर्च पाउडर डालने का भी आरोप पुलिस पर लगाया गया है। इस मामले



में शनिवार शाम करीब 4 बजे पीड़ित और भीम आर्मी के कार्यकर्ता नारेबाजी करते ⏩ शेष पेज 6 पर

### शिकायत पर 3 पुलिसकर्मी सस्पेंड

मारपीट करने वाले नौगांव थाने के तीनों पुलिसकर्मियों एएसआई शिवदयाल वाल्मीकि, राम जाट और अरविंद शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया है। नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आ गई है, उसमें मिर्च पाउडर का जिक्र नहीं है, न ही कोई फ्रैक्चर हुआ है। सीसीटीवी फुटेज और पीड़ित के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## लोकल ट्रेन में सीट का झगड़ा भाषा विवाद में बदला

### मुंबई लोकल में महिला यात्रियों के बीच तीखी बहस

# मुंबई में रहना है तो मराठी बोलो वरना बाहर निकलो

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई लोकल में सीट को लेकर झगड़ा हिंदी-मराठी भाषा विवाद में बदल गया। महिलाओं के डिब्बे में सीट को लेकर कहा-सुनी हुई।

फिर कुछ मराठी बोलने वाली महिलाओं ने एक महिला यात्री को हिंदी में बोलने से मना किया और मराठी में बोलने को कहा। वीडियो में एक महिला हिंदी में बात करने पर आपत्ति जता रही है। वह कह रही है कि मराठी में बात करो। मराठी भाषी महिलाओं के एक ग्रुप ने एक साथी



यात्री से हिंदी में बात करना बंद करने और मराठी में बात करने की मांग की। यात्री महिला से कहा कि अगर आपको हमारी मुंबई में रहना है, तो मराठी बोलें। वरना बाहर निकल जाएं।

### विक्रोली में भी सामने आया मामला

एक अन्य अलग घटना में विक्रोली के एक राजस्थानी दुकानदार पर स्थानीय महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) कार्यकर्ताओं ने तब हमला किया जब उसने कथित तौर पर 'मराठी मानुष (मराठी भाषी लोगों) का अपमान करने वाला' वॉट्सएप स्टेटस पोस्ट किया था।

## अहमदाबाद विमान हादसे में मृतक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हरप्रीत की याद में बना ट्रस्ट

### राम हरप्रीत मेमोरियल ट्रस्ट नाम रखा, मुआवजा या बीमा राशि मिलती है, तो वह भी पूरी की पूरी इस ट्रस्ट को दी जाएगी

# 'दुख' को 'सेवा' में बदलने का फैसला गरीब महिलाओं पर खर्च होगी ये राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

प्रेरक खबर

अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान हादसे ने कई परिवारों को गहरे जख्म दिए। इसी हादसे में इंदौर की सॉफ्टवेयर इंजीनियर हरप्रीत कौर होरा की भी दर्दनाक मौत हो गई थी। अब उनके परिवार ने इस दुख को सेवा में बदलने का फैसला किया है। हरप्रीत के माता-पिता ने बेटी ⏩ शेष पेज 6 पर

### पति को देने जा रही थीं सरप्राइज

30 वर्षीय हरप्रीत पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं। उनका ससुराल इंदौर में ही है। वह लंदन में रह रहे अपने पति रॉबी होरा को जन्मदिन पर सरप्राइज देने जा रही थीं। हरप्रीत बेंगलुरु की एक आईटी कंपनी में काम करती थीं। हादसे के बाद उनकी पहचान बहन सिमरन के डीएनए सैंपल से हुई थी।





### पिता ने कहा बेटी को सपनों में रखना चाहते हैं जिंदा

हरप्रीत के पिता ने कहा की हम अपनी बेटी के सपनों को जिंदा रखना चाहते हैं। यह ट्रस्ट समाज की उन बच्चियों की मदद करेगा, जो शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए संघर्ष कर रही हैं। हमारा मकसद है कि हरप्रीत की स्मृति सिर्फ तस्वीरों में न रहे, बल्कि सेवा कार्यों के जरिए हमेशा जीवित रहे।

सर्वार्थ सिद्धि अमृत सिद्धि योग भी रहेगा, अत्यंत फलदायी होता है यह संयोग

# सावन का दूसरा सोमवार व कामदा एकादशी आज: बन रहा विशेष संयोग, भगवान भोलेनाथ व श्रीहरि विष्णु की एक साथ होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सावन मास के दूसरे सोमवार को विशेष संयोग देखने को मिल रहा है। दरअसल दूसरे सोमवार के साथ कामदा एकादशी का संयोग भी बन रहा है। ऐसे में राजधानीवासी भगवान भोलेनाथ व भगवान विष्णु की भक्ति में डूबा नजर आएगा। इस तरह के संयोग से इस दिन का बड़ा धार्मिक महत्व है। राजधानी के प्रमुख शिवालयों में इस दिन भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां जोरों पर हैं।



**राजसी श्रृंगार कर झूले में**

*श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार पर राजसी श्रृंगार कर मां गौरा के साथ बाबा बटेश्वर को झूला झुलाया जाएगा। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि प्रातःकाल रुद्राभिषेक दोपहर होशंगाबाद से चलकर भोपाल आए कांवड़ियों द्वारा नर्मदा जल से अभिषेक एवं सायंकाल जरी, कपड़ा, गोटा, कांच एवं फूलों से सजे गर्भगृह में बाबा बटेश्वर के साथ मां गौरा का राजसी स्वरूप में श्रृंगार कर झूले में विराजित किएया जाएगा। तो वहीं रात 9 बजे महाआरती होगी।*



## खाटू श्याम का पवित्र फूलों से होगा श्रृंगार

*कामदा एकादशी पर मां वैष्णों धाम नौ दुर्गा मंदिर टीटी नगर में शाम 7 बजे भगवान खाटू श्याम का दो-तीन सौ किलो पवित्र फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। इत्र का छिड़काव होगा। रात 12 बजे आरती होगी। दूसरी ओर गुफा मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण की पूजा, सहस्त्रनाम पाठ व दीप दान होगा। मार्कण्डेय मंदिर में एकादशी व्रत कथा की जाएगी। पुतली घर, सिंधी कॉलोनी, कोलार सर्वधर्म स्थित मंदिर में ज्योत जलाकर भजन किए जाएंगे।*

### उमड़ेगी भक्तों की भीड़

आस्था के इस पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। सर्वार्थ सिद्धि अमृत सिद्धि योग रहेगामां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन जब सावन सोमवार और कामदा एकादशी एक साथ पड़ें, तो यह संयोग अत्यंत फलदायी होता है। व्रत-पूजन करने से सभी पाप कटते हैं और इच्छाएँ पूर्ण होती हैं।

## खबर संक्षेप

### पितृपक्ष में सिंधु एक्सप्रेस रद्द करने पर आपत्ति

**भोपाल।** पितृपक्ष के दौरान सिंधु एक्सप्रेस (22911) को रद्द किए जाने के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। पश्चिम मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्रि समिति के सदस्य मुकेश अवस्थी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस निर्णय पर आपत्ति जताई है और ट्रेन को फिर से शुरू करने की मांग की है। मुकेश अवस्थी ने कहा कि पितृपक्ष के समय लाखों श्रद्धालु गया जाकर पिंडदान और तर्पण करते हैं। इस दौरान ट्रेनों में भारी भीड़ होती है, ऐसे में सिंधु एक्सप्रेस जैसी जरूरी ट्रेन का रद्द होना लोगों के लिए परेशानी का कारण बनेगा।

### दस्तक अभियान का प्रथम चरण कल से

**भोपाल।** दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन 22 जुलाई से किया जा रहा है। 16 सितंबर तक संचालित इस अभियान में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी, जिनमें निमोनिया व गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान व रेफरल एवं प्रबंधन, डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर द्वारा एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, दस्त रोग की पहचान एवं ओआरएस एवं जिंक के उपयोग के संबंध में जागरुकता, विटामिन ए की खुराक का सेवन जैसी सेवाएं प्रमुख हैं। अभियान के संबंध में जिला टास्क फोर्स बैठक आयोजित की जा चुकी है।

नई रेल लाइन व प्लेटफार्म योजना पर अब तक शुरू नहीं हो सका काम

# निशातपुरा आउटर पर ट्रेनों को रोका जा रहा घंटों, दो से ढाई हजार यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीना ओर से भोपाल आने वाली यात्री ट्रेनों को लगातार सुखीसेवनियां व निशातपुरा आउटर पर रोका रहा है। दरअसल ट्रैक पर आगे ट्रेन होने और स्टेशन पर प्लेटफार्म खाली होने की स्थिति में ट्रेन को आउटर रोका जा रहा है। इसके चलते एक दर्जन से अधिक ट्रेनें लेट होने से दो से ढ़ाई हजार यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई को पमरे जोन जीएम पमरे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों को ट्रेन पंक्चुअलिटी को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए थे।

**सात नंबर प्लेटफार्म बनाने का काम भी नहीं हो सका शुरू**



*इस समस्या को दूर करने के लिए भोपाल रेल मंडल की ओर से 700 मीटर लंबा सात नंबर प्लेटफार्म बनाने व स्टेशन के एक नंबर की ओर नई रेल लाइन बनाने की योजना थी। लेकिन करीब छह माह से अधिक बीतने के बाद भी इन योजना पर कोई काम शुरू नहीं किया गया।*

### ढाई किमी के लिए यात्रियों को करना पड़ता है इंतजार

*जानकारी के अनुसार निशातपुरा से भोपाल के बीच ढाई किलोमीटर का सफर है। बीना से भोपाल आने वाली अधिक ट्रेनों को यहीं आउटर पर अक्सर 20 मिनट से लेकर एक घंटे तक रोक दिया जाता है। जबकि यहां पर तीसरी रेल लाइन भी शुरू हो गई। इसके बाद भी अक्सर आउटर ट्रेनों को रोका जा रहा है। इसके चलते बीना से भोपाल अप-डाउन करने वाले करीब दो हजार से अधिक यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं इस संबंध में रेलवे के आला-अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे है।*

### आधा घंटा रुकी राज्यरानी

*रविवार को दमोह भोपाल-राज्यरानी एक्सप्रेस को आधा घंटे तक निशातपुरा तक रोके रखा गया। इसके चलते यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके चलते देरी की वजह से दर्जन यात्री पैदल ही ट्रैक से चल भोपाल स्टेशन पहुंच गए। तो सामने सड़क से रिक्शा कर रवाना हुए।*

### 11वीं के छात्र की हो चुकी है मौत

*दो माह पहले सूखी सेवनिया पर ट्रेन को रोके जाने से पीएनटी कॉलोनी नेहरू नगर निवासी 11वीं के छात्र यश रघुवंशी की मौत हो गई। वह आउटर पर ट्रेन रुकते ही ट्रेन से नीचे उतरकर दूसरी तरफ के रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया था। उसी समय एक अन्य ट्रेन आने से वह उसकी चपेट में आ गया था।*

### 20 मिनट बंद रहता था ट्रैफिक

*भोपाल- इटारसी रेल लाइन पर गाड़ी को भोपाल स्टेशन से रवाना करने के बाद अगले करीब 20 मिनट तक ट्रैक पर निशातपुरा-भोपाल के बीच रेल ट्रैफिक बंद रहता था। लेकिन, अब बीना की ओर से आने वाली ट्रेनों को इटारसी ट्रैक के व्यस्त होने पर तीसरी लाइन से भोपाल स्टेशन लाया जा सकेगा।*

**63 बेटिकट यात्री पकड़ाए**

## संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन पर चला विशेष टिकट चेकिंग अभियान

**भोपाल।** भोपाल मंडल द्वारा अनियमित यात्राओं पर नियंत्रण लगाने के लिए शनिवार को संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर विशेष किलाबंदी टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसका नेतृत्व मुख्य टिकट निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने किया। अभियान के दौरान वाणिज्य विभाग के 14 टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने स्टेशन परिसर के सभी निकास मार्गों की घेराबंदी की और बिना टिकट या अनुचित टिकट वालों की गहन जांच की। इस दौरान स्टेशन से गुजरने वाली 8 ट्रेनों के यात्रियों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान 63 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनसे 36,130 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं 52 यात्री अनुचित टिकट के साथ यात्रा करते पाए गए, जिनसे 26,300 रुपये की वसूली की गई। इस प्रकार कुल 115 मामलों में रेलवे को 62,430 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस तरह के नियमित जांच अभियानों से यात्रियों में नियमों के प्रति जागरुकता बढ़ती है और अनियमित यात्रा की प्रवृत्ति में कमी आती है। रेलवे प्रशासन आगे भी ऐसे अभियान जारी रखेगा।

**पतंजलि मन्दिर-आकांक्षा योग केंद्र का सम्मिलित कार्यक्रम**

## राज्य स्तरीय जीवन शैली सम्मान समारोह में सम्मानित हुईं विभूतियां




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डॉ. गांगुली योग विद्यापीठ संस्था के 87वें वर्ष पर राज्य जीवन शैली सम्मान और गुरु सम्मान के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय जीवन शैली सम्मान प्रदान किए गए। संस्था के अन्य केन्द्रों में योग साधना केन्द्र पतंजलि मन्दिर और आकांक्षा योग केंद्र का सम्मिलित कार्यक्रम रहा। संस्था द्वारा राज्य स्तरीय जीवन शैली सम्मान से चार अलग-अलग कार्यक्षेत्र की विभूतियों को सम्मानित किया गया। जगदीश गुरु स्मृति सम्मान, लक्ष्मी नारायण प्रयोधि प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. केएम गांगुली स्मृति सम्मान, संजय जैन अपर संचालक जनसंपर्क एवं डॉ. सीबी गुरु स्मृति सम्मान, सरमन नागले संचालक डिजिटल मीडिया और रत्नेश को गुरु स्पोर्ट्स अवॉर्ड डॉ वीके निचलानी आई स्पेशलिस्ट को प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ पवन गुरुजी और ममता गुरुजी की निःस्वार्थ सेवाओं की सराहना की गई।

### सारंग ने प्रदान किए सम्मान

*राज्य जीवन शैली सम्मान एवं गुरु सम्मान 2025 उपलक्ष्य में समान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में युवा और सहकारिता, खेल एवं युवक कल्याण मध्य प्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में योग साधकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संचालन अजय श्रीवास्तव नीलू किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में बताया।*

**ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सदस्यों ने की अरदास**

## अमरनाथ यात्रियों ने प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए हरमंदिर साहब गुरुद्वारा में माथा टेका



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अमरनाथ यात्रा पर गए श्रद्धालुओं ने रविवार को प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए हरमंदिर साहब गुरुद्वारा में माथा टेका।

### शीतलदास की बगिया में प्रवाहित करेंगे जल

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि सदस्यों द्वारा हिमाचल की चार देवियों के दर्शन के बाद हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा (अमृतसर) जाकर अरदास की। वहां से लाए पवित्र जल को शीतल दास की बगिया से बड़े तालाब में प्रवाहित किया जाएगा। अरदास करने वालों में योगेश श्रीवास्तव, कपिल ग्वाला, मनोज नवले, सचिन आर्य, नीलिमा माथुर, दुर्गेश तिवारी, योगिता श्रीवास्तव, जयवर्धन तिवारी, मंडल सदस्य थे।

**साक्षात्कार के आधार पर डिप्लॉयमेंट के लिए आभार**

## प्रगतिशील सहायक प्राध्यापकों ने मंत्री परमार का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रगतिशील सहायक प्राध्यापक कल्याण संघ भोपाल ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का इंदौर में स्वागत किया। इस अवसर पर 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और 13 स्वशासी महाविद्यालयों में साक्षात्कार के आधार पर डिप्लॉयमेंट करने के लिए मंत्री परमार का धन्यवाद दिया। मप्र शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। साथ ही जिसे 2047 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा आत्म निर्भर भारत के सपने को पूरा करने के उद्देश्य से भी लागू किया गया है। बताया गया है कि जल्द ही डिप्लॉयड शिक्षकों के पदांकन का आदेश जारी के लिए मंत्री परमार ने आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

बिसारिया फाउंडेशन और कायस्थ महापरिषद का प्रयास

## होनहार बेटियों को मिली 2 लाख 90 हजार रुपए की स्कॉलरशिप




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को बिसारिया फाऊंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट और राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद ने 2,90,000 रुपए की स्कॉलरशिप, पात्र चित्रांश कन्याओं को प्रदान की। संस्था की डॉ रीना कानूनगो, अभय बिसारिया, मीना बिसारिया ने 19 पात्र कन्याओं को सम्मानित कर चेक प्रदान किए।

### बेटियों की निर्बाधित पढ़ाई प्रमुख उद्देश्य

इस अवसर पर मौजूद राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीएम जौहरी ने बताया कि स्कॉलरशिप की शुरुआत भोपाल के प्रथम मेयर स्व. डॉ. आरके बिसारिया ने की थी जो कि कन्याओं की निर्बाधित पढ़ाई की व्यवस्था के लिए पात्र छात्राओं को प्रदान की जाती है। इस अवसर पर मौजूद प्रदेश युवा अध्यक्ष विलक्षण सक्सेना, संभागीय अध्यक्ष पंकज सक्सेना एवं फाउंडेशन के मैनेजर महावीर साहू की उपस्थिति में कन्याओं ने भोपाल को स्वच्छ रखने एवं प्रति छात्र पांच पेड़ लगाने की शपथ भी ली।

**शिक्षकों की समस्याओं के निवारण के लिए कृत संकल्प**

भेल कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

## अवसर व चुनौतियां विषय पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाविद्यालयीन शिक्षकों की समस्यायों के निवारण प्रयासों के लिए महाविद्यालय शिक्षक संघ कृत संकल्प है। यह विचार बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय शिक्षक संघ मप्र द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: अवसर एवं चुनौतियों विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञों द्वारा व्यक्त किए गए। महाविद्यालय शिक्षक संघ मप्र द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में निटर भोपाल के शिक्षा प्रबंधन के प्रो (डॉ) बीएल गुप्ता ने कहा नीति ने उच्च शिक्षा संस्थानों में शैक्षिक कार्यक्रमों की संरचना और उन्हें लागू करने की रणनीतिक दिशाएं प्रदान की हैं।



### पाठ्यपुस्तकें धार्मिक ग्रंथ से कम नहीं होती

प्राचार्य डॉ संजय जैन ने मप्र के विभिन्न जिलों से पधारे प्राचार्यों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों, अतिथियों तथा विषय विशेषज्ञों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि नीति इन दिनों उच्च शिक्षा संस्थानों में अकादमिक चर्चा का मुख्य विषय बन गया है। पाठ्यपुस्तकें विद्यार्थियों के लिए उनके धार्मिक ग्रन्थ से कम नहीं होतीं।

### विद्यार्थियों को देना चाहिए मार्गदर्शन

महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ आरएस रघुवंशी ने कहा कि नीति 2020 विद्यार्थी केन्द्रित हैं, विद्यार्थियों को हमें अपना पुत्र-पुत्री मानकर गाइडेंस देना चाहिए। महाविद्यालयीन शिक्षकों की समस्यायों के निवारण संबंधी प्रयासों के लिए महाविद्यालय शिक्षक संघ सदैव कृत संकल्पित है।

**बोलीं- समय पर समस्या से अवगत कराते तो टल सकता था हादसा**

## स्कूल में छत का प्लास्टर गिरने से घायल हुई छात्रा से मिलीं राज्यमंत्री कृष्णा गौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के बरखेड़ा स्थित पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल का रविवार को औचक निरीक्षण किया। हाल ही में स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से घायल हुई छात्रा संजना गिरी से वे उनके घर जाकर मिलीं और स्वास्थ्य की जानकारी ली। राज्यमंत्री गौर ने निरीक्षण के दौरान स्कूल प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर समय रहते हमें छत की जर्जर हालत की जानकारी दी जाती, तो यह हादसा टल सकता था। सरकार के पास बजट की कमी नहीं है, लेकिन समस्या से अवगत कराना आवश्यक है।



**रैली निकाल कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

## गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान फिर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गृहे गृहे गायत्री यज्ञ उपासना अभियान और पर्यावरण संदेश के तहत गायत्री नवचेतना केंद्र नेहरू नगर की शाखा के माध्यम से रविवार को 24 घरों में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ का पुनः शुभारंभ किया गया है। साथ में जन जागरण रैली निकाल कर पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण के लिए आम जन को जागरुक किया।

इस दौरान 24 घरों में प्रशिक्षित पुरोहितों ने निःशुल्क गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। इसके साथ ही कॉलोनी में पर्यावरण जन जागरण यात्रा निकाली गई, जिसमें यज्ञ से पर्यावरण शोधन और वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत एक पौधा माताजी के नाम से रोपित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए जिला समन्वय श्याम शर्मा ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से लोगों को देव परिवार से जोड़ना और पर्यावरण संरक्षण एवं व्यसनों से दूर रहने के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। साथ में गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष 2026 के जन जागरण के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से निकली जा रही ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ 1 अगस्त से भोपाल जिले में होगा जो पूरे अगस्त महीने तक भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर जन जागरण करेगा।





# धूप खिली, 32 डिग्री पर पारा, माह का तीसरा सबसे गर्म दिन

*तीन दिन बाद सिस्टम बनने से भोपाल में होगी बारिश, तापमान में आएगी कमी, आज बूंदाबांदी-बौछारों की उम्मीद*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में रविवार को सूर्यदेव मेहरबान रहे। सुबह से धूप खिली और दिन का पारा लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ दर्ज हुआ। रविवार को यहां अधिकतम तापमान दशमलव छह डिग्री बढ़कर 32 डिग्री पर पहुंच गया। यह सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक है। यह बारिश के सीजन में एक जुलाई से रविवार तक तीसरा सबसे गर्म दिन रहा। मौसम केंद्र के ड्यूटी ऑफिसर पीके रायकवार के अनुसार रविवार इस बारिश के सीजन में एक जुलाई से अब तक का तीसरा सबसे गर्म दिन रहा। इससे पहले 11 जुलाई को 32.2 और 16 जुलाई को 32.3 डिग्री तक पहुंच चुका है। तापमान में बढ़त के साथ सुबह गुनगुनी धूप और दोपहर में गर्मी के साथ उमस का असर बढ़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी दो से तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सिस्टम अभी प्रदेश के बाहर है, जिससे भोपाल सहित प्रदेशभर में बारिश थमी हुई है। यह क्रम तीन दिन और चलेगा। भोपाल में लोकल सिस्टम से बीच-बीच में हल्की बौछारें पड़ सकती हैं।



### सैर-सपाटे का लुत्फ बढ़ा

रविवार को शहर में सुबह से मौसम साफ रहने और सुबह-शाम तापमान सामान्य के करीब रहने से लोगों ने सैरसपाटे के लिए शहर और आसपास का रुख किया। बोट क्लब, बड़े तालाब के दूसरे किनारे, केरवा, कलियासोत डैम से लेकर मनुआभान, चिड़ियाटोल, वनविहार में आम दिनों की अपेक्षा करीब दो गुना सैलानियों ने आमद दी। बोट क्लब पर देर शाम तक लोगों की चहलकमी देखी गई।

### आज हल्की बौछारें

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार सोमवार को भोपाल में तापमान बढ़ने के साथ हवा में नमी से लोकल सिस्टम हल्की बौछारें कर सकता है। इससे तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। उमस और दोपहर में हल्की गर्मी का असर बना रहेगा।

### बंगाल की खाड़ी में बनेगा नया लो प्रेशर

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक लो प्रेशर एरिया पश्चिमी राजस्थान और उससे लगे पाकिस्तान में बना हुआ है। इससे जुड़ा सर्कुलेशन सोमवार को धीरे-धीरे आगे बढ़कर लो प्रेशर एरिया वाले क्षेत्र में कमजोर हो जाएगा। मानसून ट्रफ पश्चिमी राजस्थान और उससे लगे पाकिस्तान, चुरू, शाहजहांपुर, लखनऊ, पटना, दीघा और फिर पूर्व की ओर उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक वेलमार्क लो प्रेशर एरिया होकर गुजर रही है। 24 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक नया लो प्रेशर एरिया बनेगा, जिससे भोपाल सहित प्रदेशभर में बारिश फिर से बढ़ेगी और पारा गिरेगा।



वीआईपी रोड पर शाम 6.45 बजे कुछ बादल छाये, जिनसे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## खबर संक्षेप

### कांवड़ यात्रा के युवक को कार ने मारी टक्कर कंट्रोल रूम पर हंगामा

**भोपाल।** पुलिस कंट्रोल रूम के सामने रविवार रात कावड़ यात्रा में शामिल कावड़ियों ने जमकर हंगामा किया। यह सड़क पर बैठ गए। कावड़ियों को समझाने आला अधिकारियों को पहुंचना पड़ा। दरअसल, जहांगीराबाद से कांवड़ यात्रा निकल रही थी। इसी बीच कावड़ यात्रा में शामिल एक युवक को कार ने टक्कर मार दी और कार का चालक भाग निकला। इस घटना से नाराज कांवड़ियों ने कंट्रोल रूम के सामने जमकर हंगामा किया। वे धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जल्द ही कर चालक को गिरफ्तार करने की बात कही इसके बाद ही कावड़ियों का गुस्सा शांत हो सका।

### वन विहार में नया बाड़ा तैयार, असम से जल्द लाया जाएगा बायसन

**भोपाल।** वन विहार नेशनल पार्क में अब बायसन को बसाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। पार्क प्रबंधन द्वाराबायसन के लिए एक नया और सुरक्षित बाड़ा तैयार कर लिया गया है। असम से बायसन लाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। इसके लिए वन विभाग ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

## यातायात पुलिस ने बनाई टीम, करेगी स्कूलों की जांच, रखेगी पैनी नजर

# शहर के स्कूलों में ई-रिक्शा पर बैन: बच्चों को बैठाने पर पहले देंगे समझाइश, फिर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कलेक्टर के निर्देश पर यातायात पुलिस की ओर से टीम गठित की गई है

आज डीईओ देंगे सभी स्कूल संचालकों को ई-रिक्शा बंद करने के निर्देश

राजधानी में सोमवार से स्कूली बच्चों के ई-रिक्शा से स्कूल आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस की ओर से टीम गठित की है, जो कि बच्चों को बैठाने वाले ई-रिक्शा की चेकिंग कर बच्चों को बैठाने पर संचालक पर कार्रवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि ई-रिक्शा को बच्चों के लिए असुरक्षित मानते हुए,भोपाल कलेक्टर ने प्रतिबंध का आदेश जारी किया था। दरअसल, इनके पलटने का डर ज्यादा रहता है। उन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए डीईओ सभी स्कूल संचालकों को ई-रिक्शा बंद करने को कहेंगे। प्रशासन भी पूरी नजर रखेगा।





### साढ़े 12 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा रजिस्टर्ड

*एसीपी ट्रैफिक अजय वाजपेयी ने बताया कि भोपाल में इस समय साढ़े 12 हजार ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं। हालांकि, स्कूलों से ये अटैच नहीं है, लेकिन कई पेरेंट्स अपनी सहूलियत के हिसाब से ई-रिक्शा से बच्चों को स्कूल भेजते हैं। इसको लेकर यातायात पुलिस परिजनों व बच्चों को जागरूक करेंगे। साथ ही अगर कोई ई-रिक्शा संचालक बच्चों को बैठाते नजर आएगा तो पहले समझाइश देंगे। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए अलग-अलग क्षेत्र में टीम लगाई गई है। जोकि सोमवार से स्कूलों में जाकर प्रबंधन से संपर्क करेंगी और ऐसे बच्चों को चिह्नित करेंगी, जो ई-रिक्शा से स्कूल आते-जाते हों। इसके बाद ई-रिक्शा बंद कराए जाएंगे।*

### अभी समझाइश देंगे

इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस डीसीपी बसंत कौल ने बताया सोमवार को स्कूलों में जांच की जाएगी। अगर कोई ऐसा ई-रिक्शा संचालक मिलता है। जो बच्चों को स्कूल छोड़ने या लाने के लिए आता है। तो एक दो दिन उनको समझाइश देंगे। इसके बाद भी नहीं मानते, तब हम कार्रवाई करेंगे।

### तेज गति से चलाते हैं रिक्शा

यातायात पुलिस के अनुसार ई-रिक्शा छोटे व हल्के होते हैं। इनकी सड़क पर पकड़ कम होती है। इस सबके बीच कई संचालक तेजगति व लापरवाही से रिक्शा संचालित करते है। इससे रिक्शा के पलटने का डर रहता है। प्रशासन किसी बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

### ई-रिक्शा से जाने वाले बच्चों की संख्या कम है

यातायात पुलिस सूत्रों के अनुसार विभाग की ओर से एक रिपोर्ट बनाई गई है। जिसमें की ई-रिक्शा से जाने वाले बच्चों की संख्या कम है। ई-रिक्शा से सिर्फ दो या तीन फीसदी छात्र जाते हैं। इनमें भी बड़ी क्लासों के छात्र अधिक हैं। पुलिस और एक्सपर्ट्स की राय पर फैसला-कलेक्टर

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि बैठकों में पुलिस और एक्सपर्ट की राय के बाद ई-रिक्शा में बच्चों को स्कूल लाने ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। भोपाल में ई-रिक्शा में स्कूली बच्चों को लेकर हादसे तो नहीं हुए, लेकिन अन्य शहरों में हादसे हो चुके हैं। इसलिए यह फैसला लिया गया है।

## बदमाशों के हमले में बचे पुलिसकर्मी

# ईरानी गैंग के 2 सदस्यों का दिल्ली पुलिस से मुठभेड़ में शॉर्ट एनकाउंटर





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिल्ली की क्राइम ब्रांच ने भोपाल के करोंद क्षेत्र के रहने वाले ईरानी गैंग के दो सदस्यों का शार्ट एनकाउंटर किया है। दरअसल पूरा मामला यह है कि पुलिस को भोपाल से आए इन बदमाशों के दिल्ली में छिपे होने की सूचना मिल रही थी, जिसके आधार पर इंद्रप्रस्थ पार्क के पास शनिवार रात उनको पकड़ने का प्लान तैयार किया गया।

इस दौरान पार्क के सामने टी प्वाइंट पर जैसे ही पुलिस टीम पहुंची, आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी, इसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। मुठभेड़ में दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए। घटनाक्रम में आरोपियों की पुलिस पर की गई फायरिंग में दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल बुलेटप्रूफ जेकेट पहने होने के कारण बाल बाल बच गए। आरोपियों की पहचान 38 वर्षीय मुर्तजा अली उर्फ दमार और 40 वर्षीय सिराज अली निवाली भोपाल के रूप में हुई है।

### चोरी-डकैती की बड़ी वारदात हुईं नाकाम

दिल्ली क्राइम ब्रांच के अफसरों का कहना है कि मुठभेड़ के दौरान आरोपियों ने चार राउंड फायरिंग की तो जवाब में पुलिस द्वारा भी तीन राउंड फायरिंग की गई। गोलीबारी के बाद दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। इसके बाद उनको अस्पताल ले जाया गया। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वे अपने गिरोह के अन्य चार सदस्यों के साथ चोरी करने के इरादे से भोपाल से दिल्ली गए थे। इस मामले में एक आरोपी मुर्तजा एक साल पहले ही जेल से रिहा हुआ है। आरोप मुर्तजा पर मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में लूट, चोरी तथा डकैती के कई मामले दर्ज है। पुलिस ने शार्ट एनकाउंट के बाद घटनास्थल से दो पिस्टल, आधा दर्जन कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद की है।

# करिश्मा पार्क में लापरवाही की हद, अनुमति थी पैडल बोट की, चला रहे थे मोटर बोट

### *रेस्टोरेंट-कैफे पर चला निगम का बुलडोजर, हुई बड़ी कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के छोटा तालाब स्थित करिश्मा पार्क में रविवार को नगर निगम के अमले ने बड़ी कार्रवाई की। यहां अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट और कैफे को सख्ती से हटाया। करिश्मा पार्क एवं छोटे तालाब किनारे रामसर साइट पर अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट एवं कैफे के अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाने की कार्रवाई की गई। करिश्मा पार्क में अतिक्रमण कर रेस्टोरेंट व रामसर साइट पर लगी टेबल, बेंच पर कैफे का संचालन भी बिना अनुमति के पाया गया। निगम के दल को यह भी जानकारी मिली कि रेस्टोरेंट एवं कैफे का संचालन देर रात तक किया जा रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए निगम प्रशासन ने मोहम्मद बिलाल एवं करण यादव निवासी जहांगीराबाद को दी गई बोट संचालन की अनुमति निरस्त कर दी। यहां से मोटर बोट, टेबल, बेंच, गुमटी और अन्य सामग्री जब्त की गई।



### बोट संचालकों की मनमानी, बोट जब्त

निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण के निर्देश पर झील संरक्षण प्रकोष्ठ की टीम ने छोटे तालाब और करिश्मा पार्क का निरीक्षण किया। बोट संचालन की अनुमति जहांगीराबाद निवासी मोहम्मद बिलाल एवं करण यादव को दी गई थी, लेकिन बोट संचालकों द्वारा अनुमति के विपरीत प्रतिबंधित मोटर बोट का संचालन भी किया जा रहा था। वहीं कुछ बोट भी जब्त की। यहां पर निगम ने पैडल और चप्पू बोट चलाने की परमिशन दी थी, लेकिन मोटर बोट चलाई जा रही थी, जो कि प्रतिबंधित है।

## हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध मांगा न्याय

# नर्सिंग छात्राओं ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की 'विशेष अनुमति याचिका'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश की नर्सिंग छात्राओं का प्री-नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट (पीएनएसटी) 2022 से जुड़ा मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। परीक्षा देने के दो साल बाद भी दाखिला न मिल पाने से दुखी 109 छात्राओं ने उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की है। यह याचिका मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देती है, जिसमें परीक्षा परिणाम जारी करने की अनुमति तो दी गई, लेकिन प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं कराई गई।

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध दायर की गई है जो कि मप्र की 60 हजार छात्राओं के हक की लड़ाई है। सुप्रीम कोर्ट में यह कानूनी लड़ाई वरिष्ठ अधिवक्ता वरुण चोपड़ा लड़ेंगे। परमार ने बताया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा पीएनएसटी 2022 की परीक्षा जून 2023 में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के परिणाम पर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगा दी गई थी, लेकिन 27 मार्च 2025 को हाईकोर्ट के आदेश के बाद परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया, लेकिन अब तक काउंसलिंग शुरू नहीं की गई। चिकित्सा शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण अब तक एक भी प्रवेश नहीं हुआ है। यह छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ है।

रहवासियों के लिए हाउसिंग बोर्ड ने लगाया कैंप

# सरस्वती नगर रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत रहवासियों को मुफ्त मिलेगा पहले से बड़ा घर

### *लोगों के सुझाव मंडल के शीर्ष अधिकारियों के समक्ष भेजे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जवाहर चौक स्थित हाउसिंग बोर्ड की 50 साल पुरानी कॉलोनी सरस्वती नगर का रिडवलपमेंट प्रस्तावित है। बोर्ड ने कॉलोनी में पांच दिन कैंप लगाकर रहवासियों की शंका का समाधान किया और उनके सवालों का जवाब दिया। साथ ही कॉलोनी के लोगों के सुझावों को मंडल के शीर्ष अधिकारियों के पास भेजा गया।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने हाउसिंग बोर्ड को निर्देशित किया था कि कैंप लगाकर रहवासियों की समस्या का समाधान किया जाए। कैंप में रहवासियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मालूम हो कि सरस्वती नगर का लगभग 800 करोड़ रुपए से हाउसिंग बोर्ड रिडेवलपमेंट कर रहा है। नए प्रोजेक्ट में रहवासियों को वर्तमान घर से 20 फीसदी बढ़ा घर फ्री में मिलेगा। साथ ही जब तक प्रोजेक्ट का काम चलेगा तब तक बोर्ड कलेक्टर गाइड लाइन के अनुसार किराया भी देगा। इस प्रोजेक्ट में पहले ही 52 फीसदी से ज्यादा लोगों ने अपनी सहमति दे रखी है। इस प्रोजेक्ट को 23 अप्रैल- को साधिकार समिति से भी सहमति मिल चुकी है। प्रोजेक्ट के लिए आर्किटेक्ट और कंसलटेंट की नियुक्ति के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। बोर्ड अधिकारियों ने बताया कि प्रोजेक्ट के डीपीआर और प्लानिंग पर काम शुरू कर दिया गया है।



## सियाचिन पर रोजाना चार करोड़ क्यों? के सवाल पर यूं बोले सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन

राज्य संग्रहालय में आईपीएस मनीष शंकर सोच और समृद्धि कार्यक्रम में आए जनरल सैयद हसनैन

# यदि सियाचिन से भारत का कब्जा हटता है तो पाकिस्तान से चीन तक एक कॉरिडोर का निर्माण हो जाएगा, जो दोनों ओर से भारत के लिए बेहद खतरनाक साबित होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सियाचिन पर सैनिकों को तैनात करने पर प्रतिदिन का खर्चा 4 करोड़ रुपए आता है और सालाना कई सौ करोड़ में पहुंच जाता है और देखा जाए तो 890 जवान इस दरमियान खत्म हुए हैं और सियाचिन हमेशा भारत के कब्जे में रहना चाहिए। इसका एकमात्र कारण है कि यदि सियाचिन से हमारा कब्जा हटता है तो पाकिस्तान से चीन तक का एक कॉरिडोर जनरेट हो जाएगा, जिससे दोनों ओर से भारत को खतरा होगा इसीलिए भारत सलाना इतना अधिक खर्चा सियाचिन के लिए करता है क्योंकि आज भारत एक ऐसा देश है जिसका मुख्य उद्देश्य अपनी टेरेटरी को चारों ओर से सुरक्षित रखना है और भारत के लिए तीनों तरफ से एक फ्रंट तैयार करना है। जहां वेस्ट में पाक तो नॉर्थ ईस्ट में चीन और अब एक नया फ्रंट तैयार हो गया है बांग्लादेश के रूप में।

यह कहना है सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन का, जो रविवार को राज्य संग्रहालय में आईपीएस मनीष शंकर शर्मा की स्मृति में '21वीं सदी के लिए रणनीतिक अनिवार्यताएं' विषय पर सोच और समृद्धि व्याख्यान कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### दुविधा और भ्रम का शिकार है चीन



चीन को हमेशा ही यह भ्रम रहता है कि भारत कहीं अपनी नेवी को यूएसए और ब्रिटिश के साथ मिलकर ज्यादा ताकतवर न बना ले ताकि वह चीन के रास्ते में बाधा बने और इसीलिए चीन ने हमेशा भारत के साथ सख्त रुख रखा और आज हमने अपने ही बनाए देश को खो दिया। अपने स्पीच के अंत में उन्होंने कहा कि लड़ाई को जीत ली, लेकिन जीतने के बाद एक बात याद रखिए कि उस जीत को हमेशा कायम रखें, नहीं तो हाल वही होगा जो आज बांग्लादेश के साथ हो रहा है। क्योंकि 1971 में हमने एक नया देश बनाया, 53000 बंदी बनाए और 50 साल बाद आज हमने उस देश को खो दिया, उसे भारत का एक हिस्सा ही बनाकर रखना चाहिए था।

### महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा

हसनैन ने 'एलओसी', 'एलएसी' और 'एजीपीएल' के बारे में की चर्चा करते हुए कहा कि 'एलओसी' लाइन ऑफ कंट्रोल भारत और पाकिस्तान के बीच में है जो 1972 में बनाई गई थी और इसमें कहा गया था कि नॉर्थ टू द ग्लेशियर के लिए एग्रीमेंट हुआ, लेकिन फिर 13 अप्रैल 1984 को पाकिस्तान की आर्मी इस ग्लेशियर पर कब्जा करने की फिराक में थी और उन्हें 19 अप्रैल 1984 को सियाचिन ग्लेशियर पर अपनी आर्मी तैनात करनी थी, लेकिन उससे पहले ही 13 अप्रैल 1984 को इंडिया ने वहां अपने आर्मी को तैनात कर दिया तो यह भारत की सियाचिन ग्लेशियर पर अपने आप में एक बहुत बड़ी जीत है।

### सैन डिएगो में मनाया जाता है मनीष शंकर डे

*कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के डीजीपी आईपीएस कैलाश मकवाना रहे। एमएसएस सपोर्ट फाउंडेशन की आरती शर्मा ने बताया कि स्मृति शेष आईपीएस मनीष शंकर शर्मा ने बताया कि 20 जुलाई 2015 को सैन डिएगो शहर के मेयर केविन फॉल्कनर ने आधिकारिक घोषणा करते हुए इस दिन को मनीष शंकर शर्मा डे घोषित किया था। इसी सम्मान की दसवीं वर्षगांठ के रूप में हमने इस दिन को मनाया।*

### भारत और चीन के बीच, 'एलएसी' लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल

*वहीं 'एलएसी' के बारे में उन्होंने कहा कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल भारत और चीन के बीच की लाइन है जो एक टेंपरेरी लाइन है, जिसमें चीन ने अभी तक अपना विचार ही नहीं दिया कि वह कहां तक के एरिया को अपने हिस्से में मानता है और यह उसकी एक कूटनीतिक सोच है कि जिस वजह से चीन ने कभी अपनी बॉर्डर सेटल नहीं होने दी और भारत को हमेशा अपनी फौज वहां तैनात करनी पड़ी।*

## 10वीं वर्षगांठ पर हुआ आयोजन

# भोपाल की चार महान महिला हस्तियों का हुआ सम्मान

*एमएएस मनीष एस. शर्मा सपोर्ट फाउंडेशन ने शनिवार को अपने औपचारिक चार्टर (संविधान) का विमोचन किया। यह दस्तावेज संस्था के उद्देश्यों, कार्य पद्धतियों और मूल सिद्धांतों का विस्तारपूर्वक खाका प्रस्तुत करता है। साथ ही एसएस सपोर्ट फाउंडेशन के द्वारा मनीष एस शर्मा दिवस की 10वीं वर्षगांठ पर भोपाल की चार महिला हस्तियों को सम्मान मिला। इनमें पुलिस सेवा, एचआर, वासुसेना और विदेश सेवा के क्षेत्र में योगदान दिया है। जिसमें राजनयिक स्मिता पंत, विंग कमांडर तनुश्री पंत, दिव्या पंत और आईपीएस ईशा पंत के नाम शामिल हैं।*



## खबर संक्षेप



### धाकड़ महासभा युवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष बने नागर

**औबेदुल्लागंज।** सं. अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा भारतवर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नन्देड़ा द्वारा इकलामा निवासी रजनीश नागर को अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। तामोट निवासी संजीव नागर तामोट को अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा युवा संघ जिला रायसेन के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। दोनों की नियुक्ति पर समाज के अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, राजू भाई पटेल, कैलाश डब्बू नागर, गजेंद्र नागर ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जिला अध्यक्ष के पद पर आदिल की नियुक्ति



**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा और विभाग के प्रभारी निज़ामुद्दीन की सहमति से कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग जिला रायसेन का आदिल सिद्दीकी सिमराई को अध्यक्ष नियुक्त किया है। आदिल की नियुक्ति पर पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, राजेश खटीक, हरजीत सिंह मंगू, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष अशोक पटेल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष उमेश पाल, परेश नागर, संजीव नागर, राजू मेहरा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद इरपाचे, शाहिद भाई, कामिल क़ुरैशी गैरतगंज, नासिर भाई, फजल भाई, इसहाक खान, पूर्व पार्षद मनीराम, संजय मदान, अमित मौनी नागर ने हर्ष व्यक्त किया एवं पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### डॉ. नागर का मनाया जन्मदिन, दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** नगर के सबसे पुराने डॉक्टर नंदू नागर का रविवार



को जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। धाकड़ समाज के अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, वरिष्ठ सुरजीत सिंह बिल्ले, सेंकी मदान, सोहेल भाई एडवोकेट महेंद्र धाकड़, रवि कमल, शंकर चोपड़ा ने उनको जन्मदिन की बधाई दी।

### अवैध शराब और जुए से तामोट की छवि धूमिल

**तामोट।** तामोट में लगातार सट्टा चल रहा है। अवैध कच्ची शराब का तो अवैध बाजार चलता है। 20 और 30 रुपए में कच्ची दारू का गिलास मिलता है। तामोट में अतिक्रमण जोरों पर है। तामोट के पीछे उद्योग क्षेत्र की पहाड़ी पर जुआ खिलाते हैं। तामोट के नेताओं और लोगों में चिंता है कि तामोट शांतिप्रिय ग्राम है। तामोट का नाम मध्य प्रदेश में लिया जाता है, मगर सट्टा, अवैध दारू, अतिक्रमण एवं पहाड़ी पर जुआ होने से तामोट की छवि धूमिल हो रही है।

# सात महीने की गर्भवती ने डीजल छिड़ककर खुद को लगाई आग, मौत

**ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप** | **पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी की लेबर कॉलोनी का मामला** | **शराब के नशे में पति करता था प्रताड़ित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी लेबर कॉलोनी में शनिवार देर रात सात महीने की गर्भवती ने डीजल छिड़ककर खुद को आग लगा ली।

गंभीर रूप से झुलसी गर्भवती को एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल ले जायाा गया, वहां कुछ देर बाद ही गर्भवती की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि घटना से कुछ समय पहले गर्भवती ने अपने पिता को कॉल कर पति व ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित करने की बात कही थी।



### आत्महत्या से पहले पिता को कॉल कर बेटी ने बताया था अपना दर्द

प्रधान आरक्षक सूर्यकांत दुबे ने बताया कि शनिवार रात करीब 8 बजे अनुप्रिया ने अपने पिता रमेश सिंह को कॉल किया था। उसने कहा था कि पेट में बहुत दर्द हो रहा है, लेकिन पति और ससुराल पक्ष का कोई भी उसे अस्पताल नहीं ले जा रहा है। पिता रमेश का कहना है कि दामाद शराब पीकर मारपीट करता था। पिता रमेश सिंह का कहना है कि बेटी ने प्रेम-विवाह किया था। हालांकि परिवार इसके लिए तैयार नहीं था। बेटी की खुशी को देखते ही राजी हो गए थे। शादी के समय उन्होंने दीपक को दहेज भी दिया था। बावजूद इसके अनुप्रिया का पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोग दहेज की मांग करते थे। उसके साथ मारपीट की जाती थी। पति दबाव बनाता था कि वह घर से बिजनेस करने के लिए पैसे लेकर आए।

### दो साल पहले किया था प्रेम विवाह

*पुलिस के अनुसार फूटा ताल जबलपुर निवासी अनुप्रिया सिंह (27) की सोशल मीडिया पर लेबर कॉलोनी इन्द्रपुरी निवासी दीपक सिंह से दोस्ती हुई थी। दो साल पहले दोनों ने शादी कर ली। दीपक स्कूल की मैजिक वेन चलाता है। वह शराब पीने का आदी था और आए दिन शराब के नशे में उसका पत्नी से विवाद होता था। शनिवार रात भी उनके बीच विवाद हुआ और नशे में धुत दीपक बाहर छपरी में जाकर सो गया। इस बीच करीब पौने 12 बजे अनुप्रिया सिंह ने मैजिक वाहन में डीजल डालने वाली केन से डीजल खुद पर छिड़का और आग लगा ली। चीख-पुकार सुनकर पति व अन्य परिजन ने किसी तरह आग बुझाई और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लेकर पहुंचे। गंभीर रूप से झुलसने के कारण करीब डेड़ बजे उसकी मौत हो गई। रात करीब दो बजे दीपक सिंह ने अनुप्रिया के पिता रमेश सिंह को घटना की जानकारी दी। वे जबलपुर से भोपाल पहुंचे तो बेटी की लाश मर्चूरी में देखी।*

### छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित खेजड़ा गांव में निर्माणाधीन मकान में हुई दर्दनाक घटना

# पहली मंजिल की छत पर खेल रहा चार साल का मासूम गिरा, मौत

**निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे थे माता-पिता**

- बच्चे के हाथ में था मोबाइल फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित खेजड़ा गांव में निर्माणाधीन मकान की पहली मंजिल पर खेल रहा चार साल का मासूम छत से गिर गया। घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है। पास ही काम कर माता-पिता उसे लेकर भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए थे, वहां इलाज के दौरान शनिवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार अंतु खरिया मूलतः झाबुआ के रहने वाले हैं। वे पत्नी के साथ नवाब होटल अशोका गार्डन में किराए के मकान में रहते हैं। उनका काम खेजड़ा गांव में चल रहा है। शनिवार सुबह अंतु खरिया पत्नी और चार के बेटे आर्यन खरिया के साथ काम करने निर्माणाधीन मकान खेजड़ा गांव पहुंचे। दोपहर 12 बजे वह काम में व्यस्त थे। इस दौरान आर्यन छत पर खेल रहा था। उसके हाथ में मोबाइल भी था। खेलते-खेलते वह छत से नीचे गिर गया। आर्यन महज दस फीट की ऊंचाई से नीचे कांक्रीट वाली सड़क पर गिरा था। उसे सिर में गंभीर चोट थी। परिजन उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान शनिवार शाम उसकी मौत हो गई। अंतु खरिया ने बताया कि आर्यन उनका इकलौता बेटा था।



### मंदिर से लौट रही बुजुर्ग महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित ईदगाह मस्जिद के पास अज्ञात वाहन ने 75 साल की बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। घटना गत 18 जुलाई की शाम की है। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। शाहजहांनाबाद पुलिस के मुताबिक मल्टी वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स निवासी तरुण हिरवे (22) एमबीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। उसने बताया कि शुक्रवार 18 जुलाई को मेरी दादी सोना बाई (75) ईदगाह मंदिर गई थीं। वहां से लौटते समय शाम करीब छह बजे ईदगाह मस्जिद के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। उनके दाहिने पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। उस समय वहां मौजूद लोगों ने बुजुर्ग महिला को घर पहुंचा दिया था। तरुण की बहन शिवानी घर में मौजूद थी। उसने ही तरुण को कॉल कर हादसे की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही सभी परिजनों ने मिलकर सोना बाई को पहले जीवन रेखा अस्पताल और फिर वहां से भोपाल केयर अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान देर रात सोना बाई की मौत हो गई।

### अवधपुरी में छत से गिरकर मिस्त्री की मौत

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित सूरजकुंज अराधना नगर में दूसरी मंजिल से गिरकर मिस्त्री घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एएसआई रामदेनी राय ने बताया कि लालू अहिरवार पिता कुंजीलाल अहिरवार (32) मूलतः गांव मदनी, बेगमगंज, जिला रायसेन में रहता था। उसके साथ परिवार और बगल में साढूभाई भी रहता है। परिवार सेकंड फ्लोर पर बने कमरे में रहता है। शनिवार सुबह लालू सोकर उठा और घर के सामने रेलिंग के पास पहुंचा था, तभी रेलिंग से नीचे झांकते समय छत पर पानी से बनी फिसलन से उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलने से वह दूसरी मंजिल से नीचे सीसी रोड पर गिरा था।

### कार की टक्कर से घायल दूसरे छात्र की मौत

टीटी नगर पुलिस के मुताबिक अवधपुरी निवासी आदित्य सिंह (26) पढ़ाई कर रहे थे। विगत 13 जुलाई की रात वह अपने दोस्त आशीष गुप्ता के साथ पांच नंबर की ओर आ रहे थे। उसी दौरान वन भवन के पास उनकी मोटरसाइकिल आगे जा रहे लोडिंग ऑटो से टकरा गई। टक्कर होते ही लोडिंग ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया था, जबकि आदित्य और आशीष भी गाड़ी समेत नीचे गिर गए। उसी समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए दोनों दोस्तों पर कार चढ़ा दी और वहां से भाग निकला। पुलिस ने बताया कि आशीष की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि आदित्य को गंभीर हालत में नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात आदित्य सिंह ने भी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि लोडिंग ऑटो तो जब्त कर लिया गया था जबकि अज्ञात कार और उसके चालक का अब तक सुराग नहीं लग सका है। हादसे के समय तेज बारिश हो रही थी।

### लोडिंग वाहन की टक्कर से हुई थी युवक की मौत

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित एयरपोर्ट रोड पर सड़क पार करते समय युवक को टक्कर मारने वाले वाहन का सुराग लग गया है। हालांकि लोडिंग वाहन पुलिस को नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे सड़क पार कर कार की तरफ जाते समय मुख्य सड़क पर लोडिंग वाहन टक्कर मारते हुए फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार सईद कॉलोनी ब्यावरा निवासी अशोक नायक (45) की मां को पैरालीसिस का अटैक आया था। वह मां का इलाज कराने भोपाल आए थे। उन्होंने शुक्रवार सुबह मां को भोपाल मेमोरियल अस्पताल में भर्ती करा दिया था। बताया जा रहा है कि अशोक के दोस्त का एयरपोर्ट रोड स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। 19 जुलाई की सुबह वह दोस्त को देखने के लिए कार से मनुआभान टेकरी के पास मुख्य मार्ग पर अस्पताल पहुंचे। दोस्त से मिलने के बाद वह सड़क के दूसरी तरफ खड़ी अपनी कार की ओर जा रहे थे। उसी दौरान सड़क पार करते समय दूध के क्रेट से भरे अज्ञात लोडिंग वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। अशोक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक और लोडिंग वाहन की खोजबीन के लिए सीसीटीवी कैमरें खंगाले जा रहे हैं।

### गौतम नगर में वारदात को दिया अंजाम

# दफ्तर का ताला तोड़कर 2 लाख 37 हजार सहित लैपटॉप चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर, महाराष्ट्र बैंक के पास दफ्तर का ताला तोड़कर बदमाश 2 लाख 37 हजार रुपए की नगदी और लैपटॉप सहित धातु की मूर्ति चुराकर ले गए। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। पुलिस ने दफ्तर के मालिक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ नकजनी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 46 साल के राकेश कुमार सोनी, मकान नंबर-388, श्रीकुंज रचना नगर, गोविंदपुरा में रहते हैं। उनका दफ्तर ई-72 गौतम नगर में महाराष्ट्र बैंक के पास है। दफ्तर में शासकीय प्रचार एवं शासकीय आयोजन की प्लानिंग होती है।

### ड्यूटी पर पहुंचा कर्मी तो चोरी का पता चला

सोनी ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात साढ़े 11 बजे दफ्तर बंद किया था। अमूमन रविवार को दफ्तर की छुट्टी होती है, लेकिन काम होने के कारण इस छुट्टी रद्द कर दी थी। सुबह करीब 12 बजे राजू भारती ड्यूटी पर पहुंचा तो उसने मेन गेट का ताला टूटा हुआ देखा। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि सामान बिखरा पड़ा है। उसने राकेश कुमार को जानकारी दी। वे दफ्तर पहुंचे तो अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में कर्मचारियों के वेतन देने के लिए रखे गए 2 लाख 37 हजार रुपए नहीं थे। डेल कंपनी का लैपटॉप और धातु की मूर्ति चोरी हुई है। राकेश कुमार ने घटना की जानकारी गौतम नगर पुलिस को दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया।

### डिलीवरी ब्वॉय का पार्सल से भरा बैग ले उड़ा चोर

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित अमलतास कैम्पस में डिलीवरी ब्वॉय गेहूंखेड़ा निवासी अमन खान (25) का पार्सल से भरा बैग अज्ञात चोर चुरा ले गया। लोगों का कहना है कि मोटरसाइकिल सवार एक युवक बैग चुराकर ले गया है। घटना के समय डिलीवरी ब्वॉय बैग नीचे रखकर पांचवें फ्लोर पर डिलीवरी देने गया था। बैग में डिलीवरी का करीब 30 हजार रुपए का सामान रखा था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज अज्ञात चोर की खोजबीन शुरू कर दी है।

### नलों में आ रहा दुर्गंध वाला पानी

# औबेदुल्लागंज में दूषित पानी पीने से लोग हो रहे बीमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद औबेदुल्लागंज द्वारा सप्लाई किए जा रहे पीने के पानी में कचरा और गंदा पानी आने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। ग्रामीण रामशंकर ने बताया कि शिकायत के बाद भी पानी साफ नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि हमें तो लगता है कि दाहोद डैम से पानी फिल्टर भी नहीं होता है। गंदे पानी से लगातार मरीज बढ़ते जा रहे हैं। हिरानिया, वार्ड 8 और 9, महावीर कॉलोनी, वार्ड 2 में भी कई लोगों ने शिकायत की है कि नलों से कीचड़ और बदबूदार पानी निकलता है।

### कृषि पंप फीडर के समय में नहीं होगा परिवर्तन

*सहायक प्रबंधक, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, औबेदुल्लागंज ने बताया कि औबेदुल्लागंज उपकेंद्र से निकलने वाले कृषि पंप फीडर चलने के समय में परिवर्तन नहीं होगा। इकलामा पंप व डाटखेड़ा कृषि पंप फीडर का समय रात में 10:15 बजे से 2:15 बजे तक तथा सुबह-6:15 बजे से 12:15 बजे तक रहेगा। तामोट कृषि पंप व टिगरिया कृषि पंप फीडर का समय रात में 2:15 बजे से 6:15 बजे तक दिन में 12:15 बजे से शाम 6:15 बजे तक रहेगा।*

# मंडीदीप में पहुंची कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में श्रावण मास में योग पर्यावरण सेवा समिति ने कांवड़ यात्रा का आयोजन किया। मां नर्मदा का पावन जल लेकर यात्रा के संयोजक रामनिवास पाल के नेतृत्व में लगातार आठवें वर्ष कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया है।

जिसमें शाहगंज से मां नर्मदा का पूजन कर जल लेकर 21 युवाओं की कांवड़ यात्रा रविवार को मंडीदीप पहुंची। आज सोमवार को मां नर्मदा के जल से वार्ड 1 स्थित योग वेदांत समिति के आश्रम में भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। कांवड़ यात्रा नगर से निकली तो लोगों ने कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। नगर में प्रवेश पर कांवड़ यात्रियों को जिला वैश्य समाज ने जिला अध्यक्ष विनोद जैन के नेतृत्व तथा इंद्रपुरी चौराहे पर सेवा समिति अध्यक्ष जीवन सिंह पाल ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके अलावा नगर में कई स्थानों पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कचरा इकट्ठा करने रिक्शा भी दिया

# ग्रांप सिंधौरा में पानी की टंकी के लिए किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद

भाजपा नजीराबाद मंडल की प्रथम कार्यसमिति की बैठक रविवार को सिंधोरा गढ़ी पर हुई।

ग्राम पंचायत सिंधौरा में विधायक के दिए गए 10 लाख रुपए से शेड निर्माण का लोकार्पण और जनपद निधि से बनने वाली पानी की टंकी के भूमिपूजन के साथ ग्राम पंचायत को कचरा एकत्रित करने के लिए रिक्शा दिया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह मीणा, जिला उपाध्यक्ष राजमल कुशवाह, नजीराबाद मंडल अध्यक्ष रामबाबू गुर्जर के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सरपंच रामरतन गुर्जर, जनपद कैलाश अहिरवार, सचिव मेहरबान सिंह गुर्जर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### वार्ड दो में मूलभूत सुविधाएं नहीं, कोर्ट जाएंगे रहवासी

**औबेदुल्लागंज।** कॉलोनाइजर और प्रशासन के खिलाफ जल्द वार्ड नंबर 2 के रहवासी कोर्ट में जाएंगे। पार्षद प्रतिनिधि नरेश सेठी के नेतृत्व में वार्ड नंबर 2 के रहवासियों ने बैठक की, जिससे वार्ड में हो रही अव्यवस्थाओं एवं मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहने को लेकर चर्चा हुई। रहवासियों से पूरा भुगतान लेने के बाद भी अब तक नाली, सड़क और बिजली की व्यवस्थाएं न होने के कारण आए दिन गंदगी, कीचड़ होता रहता है, जिससे सभी परेशान है। कई बार नगर पंचायत और बिल्डरों से शिकायत के बाद भी व्यवस्थाएं नहीं सुधर रही है। बैठक में यह तय किया गया है कि एक समिति बनाकर वार्ड नंबर दो की सभी कॉलोनियों के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी। पार्षद सेठी ने बताया कि आप लोगों ने मुझे जिस काम के लिए चुना है, उसके लिए मैं अपनी पूरी ताकत लगा दूंगा। बैठक में लगभग 200 से अधिक महिला एवं पुरुष शामिल हुए।

### कार्यक्रम में लिया पौधों की देखरेख का संकल्प

# विद्या भारती के पूर्व छात्रों ने कलियासोत पहाड़ी पर रोपे 1100 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्या भारती के पूर्व छात्रों ने पर्यावरण के प्रति एक अनुकरणीय पहल की है। पर्यावरण पखवाड़े के अंतर्गत भोपाल में निवासरत करीब 248 पूर्व छात्रों ने शहर की कलियासोत पहाड़ी पर पौधरोपण अभियान चलाया।

इस दौरान 1100 पौधे रौपे गए और सभी ने इन पौधों की देखरेख का संकल्प लिया। विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री निखलेश माहेश्वरी ने पूर्व छात्रों के इस प्रयास की प्रशंसा की।



### युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा यह सामूहिक प्रयास

माहेश्वरी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण आज विश्व की सबसे बड़ी आवश्यकता है और पूर्व छात्रों का यह सामूहिक प्रयास समाज के लोगों, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य करेगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विद्या भारती का लक्ष्य ऐसे ही चरित्रवान और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है, जो राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पर्यावरण के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता

यह कार्यक्रम विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, मध्यभारत प्रांत के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद, विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांत संयोजक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि विद्या भारती के संस्कार हमें केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित नहीं रखते, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति कर्तव्यों का बोध भी कराते हैं। यह अभियान केवल एक दिवसीय नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# सिरोंजिया अग्रवाल समाज ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अग्रवाल समाज ने अग्रवाल सम्मान समिति के तत्वावधान में रविवार को श्री सिरोंजिया अग्रवाल मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन श्री सिरोंजिया अग्रवाल पंचायत भवन, पाठशाला भवन, टेढ़ा अटूट, गूजरपुरा में किया। समारोह में समाज के 55 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं और 12वीं, नीट, आईआईटी, आईआईएम, सीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता पर उन्हें प्रमाण-पत्र दिए। समारोह में शहर की बेहतर कानून व्यवस्था के लिए डीसीपी रियाज इकबाल एवं एसीपी चंद्रशेखर पाण्डे, थाना प्रभारी काशीराम कुशवाहा का भी सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि सीए नवनीत गर्ग ने बच्चों को सफलता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनमोहन मंगल ने की। समारोह का उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के साथ हो भोपाल पुलिस द्वारा नशे की प्रवृत्ति से बचने जागरूक करने एवं भावी पीढ़ी को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना रहा।

# महासदस्यता अभियान पर चर्चा, लक्ष्य किए निर्धारित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की भोपाल जिला ग्रामीण कार्यकर्ताओं की बैठक सरस्वती शिशू मंदिर नगर शाखा के विद्यालय में हुई।

इसमें संगठन के संभागीय संगठन मंत्री राजनारायण भारद्वाज ने महासदस्यता अभियान चलाने और जिला कार्यकारिणी की घोषणा संबंधी कार्यक्रम बताए। उन्होने सदस्यों से समाज में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रशिक्षित किया। संगठन से खजान सिंह ठाकुर, बलराम रत्नाकर, नीरज नामदेव, जितेंद्र भटनागर, कुलदीप शर्मा, विक्रम गौर, सुनील शर्मा ने भी संबोधित किया। सदस्यता अभियान को लेकर लक्ष्य निर्धारित किए गए। बैठक में संगठन के प्रदेश कार्यालय में जिला भोपाल ग्रामीण का सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। संगठन को ग्राहक शक्ति के रूप में समाज के हर घर पहुंचाने की योजना पर चर्चा हुई।

# शासकीय भवनों की छतों पर बिना निवेश के लगेंगे सोलर रूफटॉप संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। वर्ष 2030 तक 500 गीगा वॉट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मप्र निरंतर आगे बढ़ रहा है।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्रदेश के सभी शासकीय भवनों को दिसम्बर-2025 तक सौर ऊर्जीकृत किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। आरईएससीओ (रेस्को) की ओर से जिलों में पृथक-पृथक निविदाएं जारी कर दर आमंत्रित की गई है।

**खास बातें**

- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में रेस्को पद्धति से लगेंगे सोलर सिस्टम
- प्रदेश के सभी शासकीय भवन दिसम्बर-2025 तक किए जाने हैं सौर ऊर्जीकृत
- सभी जिलों के लिए अलग-अलग निविदाएं जारी कर मांगी गई दरें

## शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा



नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्रदेश में राज्य शासन के भवनों की छतों पर रेस्को पद्धति के तहत सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने हैं। शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा। शासकीय कार्यालयों की ओर से ऊर्जा के उपयोग के लिए रेस्को विकासक को प्रति यूनिट भुगतान करना होगा। रेस्को द्वारा लगाए गए संयंत्र की प्रति यूनिट दर विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा निर्धारित व्यवसायिक दर (जिसमें शासकीय कार्यालय भी शामिल हैं) से काफी कम होगी। इस प्रकार शासकीय कार्यालय शून्य निवेश, पहले दिन से बचत, नेट जीरो के सिद्धांत पर कार्य कर सकेंगे।

### न्यूनतम दर के आधार रेस्को परियोजनाएं स्थापित होंगी

रेस्को परियोजना अंतर्गत मप्र ऊर्जा विकास निगम ने प्रत्येक जिले के लिए पृथक-पृथक निविदा जारी की गई है। इसमें रेस्को विकासकों से प्रत्येक जिले के लिए पृथक–पृथक दर मांगी गई है। प्रत्येक जिले की न्यूनतम दर के आधार उस जिले में रेस्को परियोजनाएं स्थापित होंगी। भोपाल जिले में अधिकतम 15.6 मेगावाट की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जबकि ग्वालियर जिले में 5.26 मेगावाट, इंदौर जिले में 3.12 मेगावाट, छिंदवाड़ा जिले में 1.43 मेगावाट, दतिया जिले में 1.4 मेगावाट, धार जिले में 1.34 मेगावाट की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।

**25 वर्ष के लिए संयंत्र स्थापित किए जाएंगे**

शासकीय विभागों, संस्थाओं के भवन पर रेस्को इकाई की ओर से 25 वर्ष की अवधि के लिए सोलर रूफ़टॉप संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इस पूरी अवधि तक सोलर रूफ़टॉप संयंत्र का रख-रखाव रेस्को इकाई की ओर से किया जाएगा। रेस्को की आय पूरी तरह से 25 वर्ष तक सौर ऊर्जा के उत्पादन पर आधारित है।

### 133 शासकीय कार्यालयों में रेस्को पद्धति से संयंत्र लगाए गए: शुक्ला

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2018 से 2020 के बीच मप्र ऊर्जा विकास निगम की ओर से राज्य में 133 शासकीय कार्यालयों में सफलतापूर्वक रेस्को पद्धति से सोलर रूफ़टॉप संयंत्र लगाए, जो सफलतापूर्वक संचालित हैं। इसमें आईआईएम इंदौर, सीएपीटी भोपाल, शासकीय मेडिकल कॉलेज (रीवा, शिवपुरी, खण्डवा, दतिया, विदिशा), एनएलआईयू भोपाल, एजी कार्यालय ग्वालियर, एसएआई भोपाल, भारत सरकार का पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन आदि शामिल हैं। नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल एवं दक्षतापूर्ण क्रियान्वयन से निश्चित ही प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में होगा।

# अब तक की सबसे सफलतम विदेश यात्रा रही दुबई और स्पेन की यात्रा

सीएम ने यात्रा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि और कुशल नेतृत्व को दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 दिन की दुबई और स्पेन की विदेश यात्रा से रविवार को स्वदेश लौट आए। वैश्विक संबंधों को नई ऊर्जा देने वाली दुबई और स्पेन की इस यात्रा को मुख्यमंत्री ने सफलतम यात्रा निरूपित किया है। उन्होंने यात्रा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर-दृष्टि और कुशल नेतृत्व को दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश में अलग-अलग सेक्टर में काफी निवेश की संभावनाएं हैं। दुबई और स्पेन के 7 दिन के प्रवास से मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की अच्छी संभावनाएं बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान कई विदेशी कंपनियों से मध्यप्रदेश में निवेश और नॉलेज शेयरिंग के लिए करार भी हुए हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 7 दिन की विदेश यात्रा से स्वदेश लौटे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इससे पहले मप्र में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव और भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से लगभग 30.77 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेश धीरे-धीरे धरातल पर भी उतर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विदेश यात्रा से मप्र में कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, खनन, उद्योग और पर्यटन विकास के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं निकलकर सामने आई हैं, जिससे रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अब बड़ी तेजी से निवेश के लिए एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है।

### मुख्यमंत्री ने स्व. ब्रम्हानंद यादव को अर्पित की पुष्पांजलि



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदेश यात्रा से लौटने के बाद नई दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचकर अपने ससुर स्व. ब्रम्हानंद यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा में संजय नगर में स्व. ब्रम्हानंद यादव के आवास पर पहुंचकर परिजन से भेंटकर सांत्वना दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।

### स्टेट हैंगर भोपाल पर स्वागत



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दुबई और स्पेन की यात्रा से रविवार की शाम भोपाल लौटे। यहां मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। विमानतल पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और विभिन्न मंत्री, विधायक रामेश्वर शर्मा समेत जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं से स्वागत किया।

### सीएम आज करेंगे नवीन विधायक विश्राम-गृह का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में सोमवार, 21 जुलाई को सुबह 10.30 बजे विधायक विश्राम गृह खण्ड-क्रमांक-1 के सामने, विधायक विश्राम गृह परिसर भोपाल में नवीन विधायक विश्राम गृह निर्माण कार्य का भूमिपूजन होगा। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को भूमिपूजन स्थल का निरीक्षण किया और भूमिपूजन कार्यक्रम की उत्कृष्ट तैयारियों के अधिकारियों को निर्देश दिए। यह नवीन विधायक विश्राम गृह लगभग 160 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा और इसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ 102 फ्लैट्स का निर्माण प्रस्तावित है।

### मध्यप्रदेश में विकास के नए द्वार खोलेगी दुबई और स्पेन की यात्रा: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उनकी दुबई और स्पेन की यात्रा मध्यप्रदेश में विकास के नए द्वार खोलेगी। दुबई और स्पेन के निवेशक मध्यप्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अभिनंदन के पात्र हैं। उन्होंने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल में सात बार दुबई की यात्रा कर दो तरफा व्यापारिक और औद्योगिक साझेदारी को बढ़ाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों का अनुसरण करते हुए उद्योग एवं व्यापार वर्ष 2025 में देश-विदेश से निवेश लाने के प्रयास कर रहे हैं। इस क्रम में दुबई और स्पेन की यात्रा महत्वपूर्ण रही। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूर्ण करने के लिए इस यात्रा को सार्थक बनाने का प्रयास किया गया।

## नशे से दूरी, है जरूरी अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नशे से दूरी-है जरूरी विशेष अभियान के तहत राजधानी पुलिस स्कूलों, कॉलेजों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता अभियान चला रही है। अभियान में नशे से होने वाले भयावह परिणाम तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले विकारों से अवगत कराया गया' विद्यार्थियों तथा आमजनों द्वारा मानव श्रंखला बनाकर नशा मुक्ति की शपथ ली गई तथा स्टूडेंट्स के ग्रुप द्वारा नशा मुक्ति आधारिक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया और लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित का संदेश प्रसारित किया गया।

थाना शाहजहांनाबाद क्षेत्र अंतर्गत कैंसर हॉस्पिटल आश्रय स्थल ईदगाह हिल्स में मानव श्रृंखला बनाई जाकर पर नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत लोगों को स्वयं एवं अपने परिवार को नशे से दूर रखने तथा नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया एवं नशे से होने वाली पारिवारिक समस्यायों के संबंध में सजकता और सतर्कता बरतने के संबंध मे समझाइश दी गई।

थाना गांधी नगर क्षेत्र की नई बस्ती और अब्बास नगर नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोला मंदिर क्षेत्र के पटेल मार्केट भानपुर में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन हुआ। जिंसी चौराहा थाना जहांगीराबाद क्षेत्र में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। थाना शाहजहांनाबाद में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से दूरी है जरूरी का प्रचार-प्रसार किया गया है। थाना एमपी नगर ने इस अभियान में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया है। नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत थाना चूनाभट्टी क्षेत्र में मानव श्रृंखला बनाकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं क्षेत्र के व्यवसायिक वाहनो में पोस्टर चस्पा कर समझाईस दी गई।

### विधायक शर्मा ने नशा मुक्त हो मप्र का दिलाया संकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अभियान के तारतम्य में विधायक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में मुखर्जी नगर कोलार के एलएन मेडिकल कॉलेज में नागरिकों विशेषकर युवाओं को नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश का संकल्प दिलाया गया। संकल्प के पहले मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक का नशा मुक्त मध्यप्रदेश का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर डीसीपी जितेंद्र पवार, सहायक पुलिस आयुक्त अंजलि रघुवंशी, थाना प्रभारी संजय सोनी सहित वरिष्ठ समाज सेवी उपस्थित रहे।

# फरार नक्सलियों की तलाश में चलाया जाएगा ज्वॉइंट ऑपरेशन

मुठभेड़ के दौरान बरामद नक्सली साहित्य की पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बालाघाट में एमपी और छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर स्थित सघन वन क्षेत्र में शनिवार सुबह हॉक फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें क्रॉस फायरिंग के दौरान नक्सली भागने में कामयाब हो गए। पुलिस पूरे क्षेत्र की ड्रोन से निगरानी कर रही है। मौके से पुलिस ने नक्सली साहित्य भी बरामद किया था, जिसकी जांच जारी है, इससे उनकी प्लानिंग का खुलासा होगा। ऐसी आशंका है कि नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के प्रयास में थे, लेकिन वो नाकाम हो गए। दरअसल, बालाघाट से सटे लांजी क्षेत्र के जंगल में ये मुठभेड़ नक्सलियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना को लेकर शुरू हुई थी। हॉक फोर्स जवानों ने इलाके को घेरकर जब सर्चिंग शुरू की, तब नक्सलियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में कोबरा और हॉक फोर्स के जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए क्रॉस फायरिंग की। बावजूद इसके सभी मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि फरार नक्सलियों को पकड़ने के लिए जल्द ही छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ एक ज्वॉइंट ऑपरेशन चलाया जाएगा। इसके लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है।

## सियासतनामा



### वीडी को लेकर अटकलें, कहां सेवाएं लेगा नेतृत्व?

वीडी शर्मा का पार्टी नेतृत्व उपयोग अब कहां करेगा, इसे लेकर अटकलों का दौर जारी है। अब संघ का कृपा पात्र होने के कारण ही उन्हें कोई बड़ी जवाबदारी मिलने की अटकलें लगाई जा रही हैं। एक चर्चा यह भी है कि मंत्रिमंडल विस्तार में वे केंद्रीय मंत्री बन सकते हैं। पर केंद्रीय मंत्रिमंडल में प्रदेश से मंत्रियों की संख्या काफी है, इसलिए अब गुंजाइश नहीं। दूसरी चर्चा-संगठन में कोई जवाबदारी को लेकर है। यह कहने वाले भी कम नहीं कि वीडी को राष्ट्रीय कार्यसमिति का सदस्य बनाया जा सकता है क्योंकि कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले हैं, इसलिए कार्यकारिणी में पद के लिए प्रतियोगिता ज्यादा है। कुछ का यह भी कहना है कि वीडी अभी सांसद हैं, वे ये दायित्व ही निभाते रह सकते हैं।

### इन तेवरों से साध्वी उमा को क्या टिकट मिलेगा?

पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने अपने ताजा बयान में कहा कि उनकी और परिवार की प्रताड़ना जितनी कांग्रेस सरकार में हुई, उतनी ही भाजपा की सरकारों में। उन्होंने नाम नहीं लिया लेकिन उनका सीधा इशारा पूर्व मुख्यमंत्रियों स्व. सुंदरलाल पटवा और शिवराज सिंह चौहान की ओर था। उमा ने यह कह कर भी कई नेताओं की नींद उड़ा दी है कि वे 63 साल की हैं और आगे 15 साल तक राजनीति कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी ने टिकट दिया तो वे चुनाव भी लड़ना चाहेंगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऐसे तेवरों के बाद क्या भाजपा नेतृत्व उन्हें फिर टिकट देकर चुनाव लड़ाएगा?

### सड़क के गड्ढों पर 'बेतुकी' बयानबाजी

भाजपा सरकार के लिए सड़कों के गड्ढे मुसीबत बन गए हैं तो इसकी वजह बेतुकी बयानबाजी भी है। शुरुआत पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के एक प्रयास से हुई। उन्होंने एक एप तैयार कर लोगों से कहा कि वे गड्ढों की फोटो लेकर इसमें डालें, विभाग उन्हें समय रहते दुरुस्त करेगा। यह व्यवस्था सफल नहीं हो सकी। इस कारण विपक्ष मंत्री और विभाग पर हमलावर हो गया। जवाब में मंत्री राकेश सिंह ने कह दिया कि सड़कें हैं तो गड्ढे तो होंगे ही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 'सरकार को गड्ढों में डूब मरना चाहिए और मंत्री जल समाधि ले लें या फिर स्थायी समाधान ढूंढ़ें।

### इन बयानों पर भी क्या 'पाठशाला' में मिलेगी सीख

भाजपा पचमढ़ी में अपने नेताओं को अनुशासन, आचरण और मर्यादित भाषा के इस्तेमाल का पाठ पढ़ा चुकी है। अब कांग्रेस मांडू में पार्टी विधायकों और नेताओं को प्रशिक्षित करने जा रही है। बावजूद इसके नेता अपने बयानों से अपनी पार्टियों का बंटाढार करते नजर आते हैं। सीधी के सांसद राजेश मिश्रा ने तो सड़क की मांग कर रहीं गर्भवती महिलाओं से कह दिया कि 'डिलीवरी डेट बता देना, उससे पहले हेलीकॉप्टर से उठवा लेंगे।' कांग्रेस में भी कम बयानवीर नहीं। इसकी बानगी अशोकनगर में हुए न्याय सत्याग्रह में देखने को मिली। ग्वालियर ग्रामीण से पार्टी विधायक साहब सिंह गुर्जर ने मंच से संघ पर अभद्र टिप्पणी कर दी। दूसरे विधायक फूल सिंह बरैया ने कलेक्टर, एसपी को धमकाते हुए कहा कि 'कांग्रेस की सरकार बना दो, चमड़ी काट कर भूसा भर दूंगा'।

### सिलावट की पकड़ कमजोर, नुकसान सिंधिया को संभव

जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट की क्षेत्र में कमजोर होती पकड़ का उदाहरण बना वार्ड पार्षद का चुनाव। उनके क्षेत्र सांवेर के वार्ड चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। वार्ड में मुस्लिम मतदाताओं की तादाद काफी है। माना जा रहा था कि सिलावट के कारण उनमें से कुछ भाजपा में आ सकते हैं। ऐसा हुआ नहीं, उलटा भाजपा के कट्टर हिंदू मतदाताओं ने भी पार्टी को वोट नहीं दिया। ये एकजुट रहते तो कम से कम पार्टी की जमानत जब्त न होती। सिलावट सिंधिया खेमे के बड़े दलित चेहरे माने जाते हैं। उनके कमजोर होने का नुकसान सिंधिया को भी उठाना पड़ सकता है। सिंधिया ने जब कांग्रेस छोड़ी थी तो 19 विधायक साथ गए थे। सरकार बनने पर लगभग एक दर्जन मंत्री बने थे। मौजूदा स्थित यह है कि 19 में से सिर्फ 6 विधानसभा जीत कर आए हैं। इनमें भी मात्र 3 ही प्रदेश सरकार में मंत्री हैं।

दिनेश निगम 'त्यागी'

# आईएएस नियाज खान ने पूछा, सेवानिवृत्ति के बाद मुझे क्या करना चाहिए?

- राजनीति में जाऊं या पर्यावरण रक्षा को उद्देश्य बनाऊं
- अक्टूबर में रिटायर हो रहे आईएएस अधिकारी ने डाली पोस्ट

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ब्राह्मणों को लेकर अपनी पोस्टों से चर्चित प्रदेश के आईएएस नियाज खान अक्टूबर में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाल कर उन्होंने लोगों से पूछा है कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें क्या करना चाहिए? उन्होंने लिखा कि 'अक्टूबर में मैं आईएएस पद से रिटायर हो रहा हूं। कृपया बताएं कि क्या मुझे राजनीति में जाना चाहिए या फिर पर्यावरण की रक्षा का उद्देश्य बनाना चाहिए। आप लोगों की राय निर्णय लेने में सहायक होगी।' संभवतः नियाज पहले ऐसे अफसर हैं जिन्होंने रिटायर होने से पहले इस तरह अपनी अगली भूमिका को लेकर लोगों की राय मांगी है।

### मुस्लिम और कई समाज उनसे रहते है नाराज

नियाज खान अपने बयानों और पोस्ट को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। वे समसामयिक विषय और सनातन (हिंदू) धर्म खासकर ब्राह्मणों को लेकर पोस्ट करते रहते हैं। उन्होंने ब्राह्मण द ग्रेट किताब भी लिखी है जो काफी चर्चा में रही है। इसके कारण वे भी चर्चा में रहे। ब्राह्मण समाज को लेकर उनकी पोस्टों के कारण कुछ अन्य समाजों के साथ मुस्लिम समाज भी उनसे नाराज रहता है।

### भाजपा में जाकर राजनीति करने की अटकलें

नियाज खान ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों से राय भले मांगी है लेकिन लोग इसे दिखावा मानते हैं। सूत्रों का कहना है कि नियाज खान की सभी पोस्ट भाजपा को प्रसन्न करने वाली रही हैं। माना जा रहा है कि वे भाजपा ज्वाइन करने की मंशा रखते हैं और वहीं से वे राजनीति की शुरुआत करेंगे।

### कौन हैं आईएएस नियाज खान

नियाज खान मूल रूप से छत्तीसगढ़ के निवासी है। वे 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह राज्य सेवा में प्रशासनिक अधिकारी थे। उन्हें प्रमोट कर आईएएस अफसर बनाया गया और मध्य प्रदेश कैडर दिया गया। नियाज खान 7 नॉवेल लिख चुके हैं। एक नोवेल पर आश्रम वेब सीरिज भी बनी है।

**अनियमित कर्मचारियों ने राजधानी में दिया धरना**

# अनियमित कर्मचारियों की मांगों को विधानसभा में उठाए विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनियमित कर्मचारियों की मांगों को विपक्ष पार्टी कांग्रेस विधानसभा सत्र उठाए। लंबे समय से कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे है, लेकिन सरकार ने अब तक कोई निर्णय लिया। इसलिए हमारी मांग है कि कांग्रेस विधानसभा में अनियमित कर्मचारियों की मांगों को उठाए। यह बात मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में आयोजित अनियिमित कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते हुए प्रातांध्यक्ष अशोक पांडे ने कही। आंबेडकर मैदान में आयोजित धरने में प्रदेश भर के अनियिमित कर्मचारी शामिल हुए।

अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने नारेबाजी कर चेतावनी दी कि अगर जल्द ही उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो वह काम बंद आंदोलन करने का माजबूर होंगे। कर्मचारियों ने 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम टीटी नगर को दिया। अशोक पांडे ने बताया कि अनियमित संवर्ग के कर्मचारी एवं श्रमिक की मांगों का लेकर विधानसभा सत्र के एक सप्ताह पहले धरना देकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर मांग है कि सरकार विधानसभा सत्र में मांगों को मंजूर करने की घोषणा करें यदि सरकार हमारी मांगे मंजूर नहीं करती है तो विपक्ष को हमारी 11 सूत्रीय मांगों को विधानसभा सत्र में ध्यान आकर्षण के माध्यम से उठाना चाहिए। धरने में कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि अनियमित कर्मचारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों की लड़ाई सड़क पर भी लड़ेंगे और अब जरूरत पड़ी तो कोर्ट में भी लड़ेंगे।



### यह हैं प्रमुख मांगें

- स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान
- चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियमितीकरण
- अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर का वेतन
- अनुकंपा नियुक्ति व पेंशन का लाभ
- कर्मचारियों को 10 लाख की ग्रेजुटी
- अवकाश व स्वास्थ्य सुविधा का लाभ
- पीएफ सुविधा का लाभ

# पॉक्सो एक्ट के मामलों में तय समय सीमा में कोर्ट में पेश करें आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

स्पेशल डीजी महिला सुरक्षा शाखा के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के लिए पॉक्सो एक्ट, प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट अधिनियम लागू है। इस प्रावधान में बच्चों के साथ यौन अपराधों को घटित करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़े प्रावधान हैं। हालांकि इस तहत के मामलों में जब पुलिस तय सीमा में कोर्ट में चार्जशीट पेश नहीं करती तो कोर्ट में मामले प्रभावित होते हैं। कई बार आरोपियों को जमानत का लाभ भी मिल जाता है। हाल ही में महिला सुरक्षा शाखा ने भी इस तरह के मामलों की प्रदेश भर की समीक्षा की तो पाया गया कि 65 फीसदी मामलों में ही समय सीमा के अंदर चार्जशीट अदालत में पेश की गई है।

35 प्रतिशत मामलों में पुलिस समय सीमा के प्रावधान का पालन नहीं कर सकी, इसीलिए पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा के स्पेशल डीजी अनिल कुमार ने जिलों के लिए इस संबंध में निर्देश भी दिए हैं कि बच्चों से जुड़े अपराधों में तय समय में ही आरोप-पत्र अदालत में दाखिल कराया जाएं।

### चालान पेश नहीं होने पर होगी कार्रवाई




स्पेशल डीजी ने जिला के अफसरों को हिदायत भी दी है कि समय सीमा के अंदर पेश यदि अदालत में चालान पेश नहीं होने का मामला सामने आता है तो संबंधित अफसर को जिम्मेदार माना जाएगा। वहीं उसके खिलाफ एक्शन भी लिया जाएगा।

### पॉक्सो एक्ट में हैं सख्त सजा का प्रावधान

पाक्सो एक्ट में बच्चों के विरूद्ध घटित होने वाले विभिन्न अपराधों के लिए अलग-अलग सजा का प्रावधान है, जिसमें 3 साल से लेकर मृत्युदंड तक शामिल है। इस तरह के अपराध को गैर जमानती श्रेणी में रखा गया है। पॉक्सो एक्ट जो वर्ष 2012 में लागू किया गया, इस एक्ट में वर्ष 2020 में संशोधित कर अधिकतम सजा में मृत्युदंड तक का प्रावधान जोड़ा गया। वहीं विशेष न्यायालय में ही इस तरह के मामलों की सुनवाई हो रही है।

### 60 दिन के अंदर चालान प्रस्तुत करने का नियम

विधिक जानकारों की माने तो पॉक्सों एक्ट के मामलों में पुलिस द्वारा 60 दिन के अंदर अदालत में चार्जशीट दाखिल करने का प्रावधान है। किन्ही विशेष कारणों में ही इसे 90 दिन तक किया जा सकता है। हालांकि अधिकांश मामलों में पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही चालान प्रस्तुत करती है, ताकि पुलिस अपनी विवेचना को पूरा दिखा सके। आरोपी की फरार होने की स्थिति में चालान प्रस्तुत करने की स्थिति में पुलिस को ट्रायल में कई तरह की दिक्कत आती है। इसलिए ज्यादातर मामलों में पुलिस आरोपी को पकड़ने के बाद ही चालान पेश करती है।

## राज्य महिला आयोग के आग्रह पर कर्नाटक सरकार ने बनाई एसआईटी, 20 वर्षों के केस खंगालेगी

# दावा-अगवा कर महिलाओं-छात्रों को धर्मस्थलों के पास दफना दिया जाता है

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

कर्नाटक सरकार ने पिछले दो दशकों में धर्मस्थल में कथित सामूहिक कब्रों, गुमशुदगी और महिलाओं एवं छात्रों के खिलाफ अपराधों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एक सरकारी आदेश में कहा गया है कि धर्मस्थल पुलिस स्टेशन में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज अपराध और इसके संबंध में कर्नाटक राज्य के अन्य पुलिस स्टेशनों में दर्ज होने वाले सभी अन्य आपराधिक मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन करना उचित पाया गया है। राज्य महिला आयोग ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की अध्यक्षता में एक एसआईटी गठित करने का आग्रह किया था, ताकि पिछले 20 वर्षों में धर्मस्थल क्षेत्र में लापता महिलाओं और छात्राओं, अप्राकृतिक



मृत्यु, हत्या और बलात्कार के मामलों की व्यापक और निष्पक्ष जांच की जा सके। 14 जुलाई को लिखे पत्र में आयोग ने 12 जुलाई की मीडिया रिपोर्टों का हवाला दिया, जिसमें एक परिवार का बयान शामिल था, जिसकी बेटी लापता हो गई थी। जिसने दावा किया था कि उसने व्यक्तिगत रूप से धर्मस्थल और उसके आसपास 100 से अधिक शवों को दफनाया था।

### अहमदाबाद में सामूहिक आत्महत्या

## घर में मिले दंपती व तीन बच्चों के शव



*अहमदाबाद। जिले के बगोदरा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। शनिवार देर रात एक दंपती और उनके तीन बच्चों के शव उनके घर में मिले। पुलिस को शक है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। शुरुआती जांच में लग रहा है कि परिवार ने जहर खाकर जान दी है। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता चल सके। अहमदाबाद (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट ने बताया कि पुलिस को रात करीब 2 बजे इस बारे में सूचना मिली। मरने वालों की पहचान विपुल वाघेला (32), उनकी पत्नी सोनल (26), और उनके बच्चे करीना (11), मयूर (8) और राजकुमारी (5) के रूप में हुई है। विपुल ऑटो-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।*

### अहमदाबाद विमान हादसे में बड़ा खुलासा, जांच अधिकारी हैरान

# आखिरी 26 सेकंड में क्या हुआ, विमान के पिछले हिस्से में मिला अहम सुराग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद विमान हादसे की जांच में यह भी सामने आया कि दिल्ली से अहमदाबाद आने वाली पिछली उड़ान एआई-423 में पायलट ने एसपीएक्स (स्टेबलाइजर पोजिशन ट्रांसड्यूसर) की खराबी की शिकायत दर्ज की थी। यह सेंसर विमान की पिच को नियंत्रित करता है और फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम को डेटा भेजता है। अहमदाबाद में मेंटेनेंस इंजीनियर ने इसकी जांच के बाद उड़ान को मंजूरी दी थी, लेकिन अब जांचकर्ता इस सेंसर की खराबी को व्यापक इलेक्ट्रिकल सिस्टम की समस्या से जोड़ रहे हैं।

पिछले हिस्से के मलबे में मिले एपीयू, ट्रांसड्यूसर्स और रडर्स को सुरक्षित रखा गया है, ताकि इनका विस्तृत विश्लेषण किया जा सके। जांच में शामिल एक अधिकारी ने



बताया कि उड़ान के दौरान इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी से सेंसर डेटा में गड़बड़ी हुई होगी, जिसके कारण ईसीयू ने इंजनों को गलत कमांड भेजा। इसके बाद रैम एयर टरबाइन तैनात हुआ, जो इलेक्ट्रिकल विफलता के दौरान आपातकालीन शक्ति प्रदान करता है, लेकिन विमान की कम ऊंचाई (625 फीट) के कारण पायलटों को सुरक्षित लैंडिंग का समय नहीं मिला। विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल मेस भवन पर गिरा, जहां उसके पीछे का हिस्सा अलग हो गया और अपेक्षाकृत कम क्षतिग्रस्त रहा।

# अग्निवीर बनने मानसिक फिट होने का टेस्ट पास करना हुआ जरूरी

## भर्ती प्रक्रिया में किया एक महत्वपूर्ण बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब सिर्फ शारीरिक फिटनेस ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती की भी परख होगी। अगस्त 2025 से शुरू होने वाली इस नई व्यवस्था के तहत अग्निवीर उम्मीदवारों को फिजिकल टेस्ट के साथ-साथ एक ऑनलाइन साइकोलॉजिकल टेस्ट भी देना होगा। यह बदलाव मध्य प्रदेश के ग्वालियर,



चंबल और बुंदेलखंड जिलों में भर्ती रैलियों में पहली बार लागू किया जाएगा।

### क्यों जरूरी है साइकोलॉजिकल टेस्ट?

सेना के लिए यह बेहद जरूरी हो गया है कि वह न केवल शारीरिक रूप से मजबूत जवानों को चुने, बल्कि ऐसे उम्मीदवारों को भी चुना जाए जो मानसिक रूप से कठिनाइयों और तनाव से निपटने में सक्षम हों।

### क्या होगा टेस्ट का फॉर्मेट?

यह साइकोलॉजिकल टेस्ट लगभग 15 मिनट का ऑनलाइन टेस्ट होगा, जो फिजिकल टेस्ट के बाद उम्मीदवारों को मोबाइल फोन पर भेजा जाएगा। टेस्ट के लिए पात्र होने के लिए उम्मीदवार को पहले 1600 मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी। जो उम्मीदवार इस मानसिक परीक्षा में सफल नहीं होते, उन्हें भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में भाग लेने का मौका नहीं मिलेगा।

## पेज एक का शेष...

### संसदीय कार्यमंत्री...

दलों के 54 सदस्यों ने बैठक में भाग लिया। 40 सांसदों ने अपनी पार्टियों की ओर से अपनी राय रखी। यह बहुत रचनात्मक थी। सभी राजनीतिक नेताओं ने अपनी पार्टियों की स्थिति और उन मुद्दों को बताया जो वे इस सत्र में लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी की बातों पर ध्यान दिया है। हमने अनुरोध किया है कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को अच्छे समन्वय के साथ मिलकर काम करना चाहिए। हम अलग-अलग विचारधाराओं वाले राजनीतिक दल हो सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है कि संसद सुचारू रूप से चले। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावों के मुद्दे पर सरकार संसद में उचित जवाब देगी। कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर पार्टियों ने कहा है कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

### कांग्रेस इन...

हैं। हमें उम्मीद है कि आगामी संसद सत्र में इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक और गंभीर चर्चा होगी, और प्रधानमंत्री इन पर सदन में अपना पक्ष स्पष्ट करेंगे।

### मिले 11 हजार करोड़...

से नए युग का भारत दुनिया के मानचित्र पर दिखाई दे रहा है। जिसका प्रत्यक्ष आभास होता है। हमारा प्रयास है प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मप्र भी देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में कदम से कदम मिलाकर अपना अमूल्य योगदान दे। उन्होंने कहा कि हमारी दुबई- स्पेन यात्रा का मुख्य उद्देश्य ही मप्र को वैश्विक स्तर पर लाना रहा है। मप्र अनंत संभावनाओं वाला प्रदेश है। इस बात को हमने वैश्विक मंच पर मजबूती से रखा है।

**पर्यटन एवं वैलनेस टूरिज्म में भी ली रुचि:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के मुख्य औद्योगिक क्षेत्र जैसे पीएम मित्र का प्रचार कर दुबई के निवेशकों में रुचि ली है। इसके साथ ही हरित उर्जा के लिए भी मप्र को भारत में प्रमुख निवेश स्थान के रूप में दर्शाया एवं पर्यटन एवं वैलनेस टूरिज्म के लिए अनेक निवेश की संभावनाओं पर प्रकाश डाला है। स्पेन के मुख्यतम शहर जैसे बार्सिलोना एवं मेड्रिड में भी इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश बिज़नेस फोरम का आयोजन हुआ, इसमें टेक्सटाइल, परिधान, खाद्य प्रसस्करण एवं पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए मप्र को एक प्रमुख स्थल के रूप में एक वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया है।

**लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात में कई प्रस्ताव मिले:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 15 जुलाई को मैंने भारत मार्ट और डीपी वर्ल्ड का दौरा किया। मप्र को लॉजिस्टिक्स और निर्यात का केंद्र बनाने हेतु मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, इनलैंड कंटेनर डिपो जैसे प्रोजेक्ट्स पर गंभीर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि पर्यटन निवेश में भी काफी प्रस्ताव मिले हैं। इजी मनी ट्रीप, हिल्टन, ओबेराय, सफारी इंडिया जैसी कंपनियों के साथ हुई पर्यटन राउंडटेबल में मप्र को इको-रिसॉर्ट, हेरिटेज सर्किट, बुटीक डेस्टिनेशन और वेलनेस टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने की संभावनाएं उजागर हुई।

### दुबई इस तरह...

(उद्योग, पर्यटन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) ने भाग लिया। इस फोरम में हमारे संवाद का मुख्य उद्देश्य मप्र को आई 2 यू 2 के तहत एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्तापित करना था। इसके साथ ही भारतीय कारोबारी समुदाय, विशेषकर भारत मूल के उद्योगपतियों के समक्ष मप्र की प्रमुख नीतियों एवं निवेश के प्रस्तावों को दर्शाया गया।

### स्पेन से मिले...

*एआई-रेडी ग्रीन डेटा सेंटर एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। 16 जुलाई, 2025 को मैड्रिड में एवं 18 जुलाई को बार्सिलोना में आयोजित बातचीत में मैंने कुल 9 प्रमुख स्पेनिश और वैश्विक कंपनियों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर रणनीतिक वार्ता की। इन मीटिंग्स के दौरान कई महत्वपूर्ण निवेश प्रस्ताव सामने आए, मुख्यतः नवीकरणीय ऊर्जा, क्लीन टेक्नोलॉजी, खाद्य प्रसंस्करण, फैशन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और एंटरटेनमेंट में।*

### वर्चुअली संबोधित ...

चुनौतियों' पर मार्गदर्शन देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी वर्चुअली 'मध्यप्रदेश का भविष्य और आर्थिक नीति' विषय पर प्रदेश की आर्थिक चुनौतियों, अवसरों और विकास की रूपरेखा पर अपना वक्तव्य देंगे। राज्यसभा सांसद और सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा फर्जी मुकदमों और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर संवैधानिक प्रतिरोध के उपाय बताएंगे।

### विभिन्न विषयों पर...

सचिव भगवानदेव इसरानी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा, एआईसीसी मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा, कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन और कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष सुश्री सुप्रिया श्रीनेत संबोधित करेंगे।

### एआई से फैसला...

पहली ऐसी नीति है जो न्यायिक प्रक्रिया में एआई के दायरे को स्पष्ट रूप से परिभाषित करती है। इसमें कहा गया है कि एआई का अंधाधुंध उपयोग गोपनीयता के उल्लंघन, डेटा सुरक्षा जोखिम और न्यायिक प्रणाली में विश्वास की कमी जैसे गंभीर परिणाम ला सकता है। इस नीति का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान है। यह गाइडलाइन राज्य की जिला न्यायपालिका, उनके स्टाफ, और उनके साथ कार्यरत इंटर्न या लॉ क्लर्क्स पर भी लागू होगी।

### पानी लेने उतरी...

वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। रेलवे पुलिस और जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान अमृता नायर (21 वर्ष) के रूप में हुई है, जो जयपुर के धावास की रहने वाली थी। वह फेथ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बेंगलुरु की सेकंड ईयर की छात्रा थी और अपनी सहेली एंजल थॉमस के साथ ट्रेन में यात्रा कर रही थी। हादसे के दौरान ट्रेन के बी-3 कोच में सवार एक अन्य यात्री रोशन अली (50 वर्ष) भी घायल हो गए। वह राजस्थान के चुरू में ग्रेनाइट व्यवसायी है। उनके सिर और पैर में चोटें आई है। उन्होंने छात्रा को पकड़कर ट्रेन में चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन छात्रा का वजन अधिक होने के कारण वह उसे संभाल नहीं सके और दोनों नीचे गिर गए।

### निशातपुरा थाना ...

दबाव के कारण यह कदम उठाया है। हालांकि पुलिस के किसी भी आलाधिकारी ने इस बात की पुष्टि नहीं की है।

### आदिवासी युवक ...

हुए एसपी कार्यालय पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पीड़ित तब से लेकर रात 2 बजे तक धरने पर बैठे रहे। पुलिस तीन पीड़ितों को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल लेकर गई। पुलिस ने ट्रांसफॉर्मर का तेल चुराने के आरोप में पांच लोगों को पकड़ा था। पीड़ित ने बताया कि हम सब लोग कंजडपुर धरमपुरा के रहने वाले हैं और झाडू बनाकर बेचने का काम करते हैं। 15 जुलाई की शाम को वे नौगांव डिसलेरी रोड पर एक नए मकान के उद्घाटन कार्यक्रम में गए थे। यहां से लौटते समय सड़क किनारे खड़े थे, तभी डायल-100 पुलिस की गाड़ी आई और बिना वजह 5 लोगों को थाने ले जाया गया।

### 'दुख' को 'सेवा'...

की याद में 'राम हरप्रीत मेमोरियल ट्रस्ट' की स्थापना की है। यह ट्रस्ट समाज की जरूरतमंद बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए काम करेगा। हरप्रीत के पिता महेंद्र पाल सिंह होरा और मां बलजीत कौर होरा ने गुरुद्वारा समिति के माध्यम से ट्रस्ट की शुरुआत की है। सिख समाज के आठवें गुरु श्री हरकिशन साहिब के प्रकाश पर्व के मौके पर 19 जुलाई को ट्रस्ट की औपचारिक घोषणा की गई। इसके लिए प्रारंभिक अंशदान के तौर पर 2 लाख रुपए गुरुद्वारा सिंध सभा इंदौर को सौंपे गए हैं। यदि विमान हादसे से संबंधित कोई मुआवजा या बीमा राशि मिलती है, तो वह भी पूरी की पूरी इस ट्रस्ट को दी जाएगी।









### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION*
College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### नाम परिवर्तन

मैं गोविन्द सिंह मेवाड़ा पुत्र श्री नरबत सिंह आयु 35 वर्ष निवासी अमला, सीहोर, अमलाहा, म.प्र. । मेरे शासकीय व अशासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम व सरनेम अंग्रेजी व हिन्दी मे गोविन्द सिंह मेवाड़ा (GOVIND SINGH MEWADA) पुत्र नरबत सिंह (NARBAT SINGH) अंकित है। जो सही एवं सत्य है। मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम व सरनेम त्रुटिवश गोविंद्र कुमार (GOVINDRA KUMAR) पुत्र नरबत सिंह (NARBAT SINGH) हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम गोविन्द सिंह मेवाड़ा (GOVIND SINGH MEWADA) पुत्र नरबत सिंह (NARBAT SINGH के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक CV 078250

### नाम परिवर्तन

मैं, सुरेन्द्र सिंह सिंह पुत्र श्री मलखान सिंह आयु 41 वर्ष निवासी-वार्ड न. 13. खेरे की माता मुहल्ला, गढीमलहरा, गौर, छतरपुर, म.प्र. । मेरे पुत्र के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम व सरनेम रिषभ ठाकुर (RISHABH THAKUR) पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह (SURENDRA SINGH) दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश उदय सिंह (UDAY SINGH) पुत्र सुरेन्द्र सिंह (SURENDRA SINGH) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को रिषभ ठाकुर (RISHABH THAKUR) पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह (SURENDRA SINGH) के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक CV 078279

### नाम परिवर्तन

मैं संतोष मेवाड़ा पुत्र श्री गोपाल सिंह आयु 42 वर्ष निवासी कुमडावदा, पोस्ट-मैना तहसील आष्टा, जिला सीहोर, मध्यप्रदेश का निवासी हूँ। मेरे पुत्र के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम व सरनेम आकाश प्रताप सिंह मेवाड़ा (AKASH PRATAP SINGH MEWADA) पुत्र श्री संतोष मेवाडा (SANTOSH MEWADA) दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश राममूर्ति (RAMMURTI) पुत्र संतोष दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को आकाश प्रताप सिंह मेवाडा (AKASH PRATAP SINGH MEWADA) पुत्र श्री संतोष मेवाडा (SANTOSH MEWADA) के नाम से जाना व पहचाना जावे शपथ पत्र क्रमांक CV 070544

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## शब्द पहेली - 5934



**बाएँ से दाएँ**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली- 5933का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | रा |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | ख | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | रा | ल |

## सूडोकु नवताल - 5944

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5943 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## टमाटर हो या धनियां सभी सब्जियों के दाम दहाई के आंकड़े को पार

# गड़बड़ाया 'बजट', थैले में नहीं अब पॉलीथीन में आ रही सब्जी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के बाजार में इन दिनों सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है। वजह बारिश के चलते सब्जियों की आवक कम होना है। टमाटर हो या धनियां इनके दाम दहाई के आंकड़े को पार कर गए हैं, सब्जी महंगी होने से गृहणियों के रसोई का बजट गड़बड़ हो गया है। पहले जहां थैले में सब्जी आती थी, अब पॉलीथीन में आ रही है। सब्जियों पर महंगाई की मार इस कदर पड़ी है कि खरीदार भाव सुन कर तिलमिला रहा है। क्योंकि हाट बाजार में शिमला मिर्च , फूल गोभी , गिलकी, भिंडी सहित सभी तमाम सब्जियां हॉफ सेंचुरी के पार भाव पर बिक रही है।



### महाराष्ट्र, बेंगलुरू और कर्नाटक से आ रही सब्जियां

करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी में सब्जियों की आवक महाराष्ट्र, बेंगलुरू और कर्नाटक राज्यों से हो रही है। जिससे दामों में तेजी आई है और सब्जियों में महंगाई का रंग चढ़ा हुआ है।

### बारिश में भीगने से हो रहा हरी सब्जियों को काफी नुकसान

स्थानीय आपूर्ति प्रभावित होने से पिछले 15 दिनों में ही सब्जियों के दाम दोगुने हो गए हैं। सबसे ज्यादा असर टमाटर, शिमला मिर्च और हरी मिर्च पड़ा है। इनके साथ लोकी, तोरई, भिंडी के भाव भी बढ़ गए हैं। सब्जी मो. सलीम के मुताबिक खेतों में पानी भर गया है, जिससे स्थानीय फसलों की कटाई और आपूर्ति पर असर पड़ा है। बारिश में भीगने से हरी सब्जियों में काफी नुकसान हो रहा है।

#### सब्जियों की आवक में 30 फीसदी की कमी

सब्जी विक्रेता राजेन्द्र सैनी के अनुसार स्थानीय स्तर पर सब्जियों की आवक बहुत कम है, मंडी में 80 फीसदी सब्जियां बाहर राज्यों से आ रही है जिसके चलते सब्जियों तेवर चढ़े हुए हैं। बताया जा रहा कि बारिश के चलते स्थानीय सब्जी की फसल में काफी नुकसान हुआ है। अन्य जिलों से आने वाली सब्जियों की आवक में 30 फीसदी की कमी आई है, जिसके चलते सब्जियों के भाव लगभग दोगुने हो गए हैं। आने वाले दिनों में हरी सब्जियां और भी महंगी हो सकती हैं।

### भाव पर एक नजर

| सब्जियों के थोक भाव | सब्जियों के फुटकर भाव |
|---|---|
| लौकी 18/20 | 30/40 |
| शिमला मिर्च 50/60 | 60/70 |
| तोरई 20/25 | 40/60 |
| टमाटर 25/27 | 30/40 |
| बैगन भर्ता 35/40 | 50/ 60 |
| बैगन छोटा 20/22 | 35/ 40 |
| गिलकी 25/30 | 40/60 |
| भिंडी 16/22 | 30/40 |
| अरबी 20/22 | 40/60 |
| हरी मिर्च 70/80 | 80/100 |
| गोभी 25/40 | 60/65 |
| पत्ता गोभी 20 /22 | 30/40 |
| बरबटी 35/40 | 60/80 |
| कद्दू 10/12 | 30/40 |
| धनिया पत्ती 40/50 | 80/100 |

नोट : सब्जियों के रेट प्रति किलो

## एयरटेल और पर्प्लेक्सिटी की साझेदारी, 36 करोड़ ग्राहकों को मिलेगा सालभर फ्री एक्सेस

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने पर्प्लेक्सिटी के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत वह अपने सभी 36 करोड़ ग्राहकों को पर्प्लेक्सिटी प्रो का 12 महीने का सब्सक्रिप्शन बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराएगा। पर्प्लेक्सिटी एक आधुनिक जनरेटिव एआई टूल है, जो पारंपरिक सर्च इंजन के मुकाबले कहीं ज्यादा तेज, सटीक और गहराई से रिसर्च किए गए जवाब, यूजर को संवाद शैली में उपलब्ध कराता है। यह केवल वेबसाइट लिंक्स दिखाने की बजाय ऐसा उत्तर देता है, जिसे सीधे पढ़ा और समझा जा सके और जिसे यूजर अपनी जरूरत के अनुसार एआई से संवाद कर और बेहतर बना सकता है। पर्प्लेक्सिटी की एक फ्री सेवा भी मौजूद है, जिसमें बेसिक सर्च फीचर्स मिलते हैं। लेकिन पर्प्लेक्सिटी प्रो वर्जन खासतौर पर प्रोफेशनल्स और हेवी यूजर्स के लिए बनाया गया है। इसमें रोजाना अधिक प्रो सर्च की सुविधा, एडवांस एआई मॉडल्स का एक्सेस, मॉडल चयन की सुविधा, डीप रिसर्च, इमेज जनरेशन, फाइल अपलोड व एनालिसिस, और पर्प्लेक्सिटी पर्प्लेक्सिटी लैब्स जैसे इनोवेटिव टूल्स मिलते हैं, जो किसी भी विचार को वास्तविकता में बदलने में मदद करते हैं। इस सब्सक्रिप्शन की वैश्विक कीमत रु17,000 सालाना है।

## एसबीआई भोपाल सर्किल सहकारी साख समिति की 49वीं वार्षिक साधारण सभा



# सदस्यों के लिए कल्याणकारी योजनाएं, ऋण योजनाओं के साथ संस्था की सामूहिक प्रगति पर हुई लंबी चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्किल के कर्मचारियों की प्रतिष्ठित मल्टी-स्टेट सहकारी संस्था एसबीआई (भोपाल सर्किल) कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित द्वारा 49वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। सभा का उद्घाटन मुख्य अतिथि चंद्रशेखर शर्मा, उप प्रबंध निदेशक, एसबीआई भोपाल सर्कल ने विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक नेटवर्क-3 मनोज कुमार एवं उप महाप्रबंधक मनीष मठपाल मौजूद में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि चंद्र शेखर शर्मा, उप प्रबंध निदेशक, एसबीआई ने संस्था द्वारा सदस्यों के हितों के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि संस्था द्वारा सदस्यों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही विभिन्न समाजोन्मुखी कार्य भी किए जाते हैं जो सराहनीय है।

समारोह में कर्मचारी सहकारी समिति के अध्यक्ष विजय बक्षी ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 31 मार्च 2025 तक संस्था के 7541 सदस्य हैं। सदस्यों के कल्याणार्थ योजनाओं के अंतर्गत किसी सदस्य की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर ऋण माफी की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा सदस्यों के कल्याणार्थ अन्य योजनाएं जिसमें मेधावी छात्र /छात्राओं को मानदेय राशि का भुगतान किया जाता है। इस मौके पर संस्था के सचिव प्रवीण मेंघानी ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मान राशि की भेंट करने तथा प्राकृतिक आपदाओं आदि स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान करने जैसी सहायता संस्था सदस्यों को दी जाती है। उन्होंने कहा कि संस्था अपने सदस्यों के हितों तथा उत्तरोत्तर उन्नति के लिए, निरंतर प्रयत्नशीलशील है एवं भविष्य में और भी अधिक रचनात्मक कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। वार्षिक साधारण सभा में पंकज ठाकुर, उपाध्यक्ष, एसबीआई (भोपाल सर्किल) कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित एवं अध्यक्ष, एसबीआई अवॉर्ड स्टाफ एम्पलाइज यूनियन, भोपाल सर्कल भोपाल ने आभार प्रदर्शन किया। इस आयोजन में संख्या के संचालक मंडल के सभी सदस्य और सम्पूर्ण मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य ने स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं / कार्यालयों में पदस्थ जिलाप्रत्यायुक्त उपस्थित हुए।

### सभा में दिखी ट्रेड यूनियन और सहकारी नेतृत्व की एकजुटता

वार्षिक साधारण सभा में एसबीआई की विभिन्न यूनियनों और सहकारी संगठनों से जुड़े कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें प्रमुख रूप से संजीव मिश्रा, महासचिव, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ, अनिल कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष, एसबीआई अधिकारी संघ, सुरेश बाबू मीणा, अध्यक्ष, एसबीआई अधिकारी सहकारी साख समिति, प्रवीण मेंघानी, महासचिव, एसबीआई अवॉर्ड स्टाफ एम्प्लाईज यूनियन एवं सचिव, सहकारी साख समिति, पंकज ठाकुर, अध्यक्ष, एसबीआई अवॉर्ड स्टॉफ यूनियन एवं उपाध्यक्ष समिति, शोभित कुमार वाडेल, उपाध्यक्ष समिति एवं उपमहासचिव, एसबीआई यूनियन भोपाल अंचल मौजूद रहें। सभा की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विजय बक्षी ने की, जो रायपुर अंचल के उपमहासचिव भी हैं। सभा में संस्था के संचालक मंडल, राज्यभर के जिला प्रत्यायुक्त, स्टेट बैंक के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, संस्था के पूर्व पदाधिकारी और अतिथिगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एलएंडटी फाइनेंस का 701 करोड़ रुपए शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 2 फीसदी बढ़कर 701 करोड़ रुपए हुआ। एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने 30 जून 2025 को समाप्त पहली तिमाही के लिए 701 करोड़ रुपए का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 686 करोड़ रुपए की तुलना में 2 फीसदी अधिक है। समेकित बहीखाता आकार 1,02,314 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15 फीसदी अधिक है। शुद्ध ब्याज मार्जिन और शुल्क में 10.22 फीसदी की वृद्धि हुई।

### ई-वेस्ट और ली-आयन बैटरी रीसाइक्लिंग क्षमता बढ़ाई

**मुंबई।** ई-वेस्ट प्रबंधन कंपनी ईको रीसायक्लिंग लिमिटेड ने ई-वेस्ट और लिथियम-आयन बैटरी रीसायक्लिंग की बढ़ी हुई क्षमताओं के बारे में जानकारी साझा की है। यह क्षमता विस्तार कंपनी की ई-वेस्ट और लि-आयन बैटरियों के रीसायक्लिंग वॉल्यूम को बढ़ाने के साथ-साथ ई-वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2022 के तहत उत्पादकों की बढ़ती जिम्मेदारियों को पूरा करने में सहायक होगा। कंपनी ने अपनी कुल ई-वेस्ट प्रोसेसिंग क्षमता को विशेष रूप से लिथियम-आयन बैटरी रीसायक्लिंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए बढ़ाया है।

### एमआईटी-डब्ल्यूपीयू ने सम्मेलन में मेजबानी की

**मुंबई/पुणे।** राष्ट्रीय वैज्ञानिक गोलमेज सम्मेलन (एनएसआरटीसी) 2025 के दूसरे संस्करण का आज एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (एमआईटी-डब्ल्यूपीयू), पुणे में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ.एन. कलैसेल्वी द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया गया। 18 से 20 जुलाई तक चला यह तीन दिवसीय कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संवाद, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी भारतीय वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को एक साथ लाया।

### हयात का बहुप्रतीक्षित मेंबर डे ऑफर लांच

**नई दिल्ली।** हयात ने अपने बहुप्रतीक्षित मेंबर डे ऑफर लांच की घोषणा की है। यह सीमित समय का ऑफर असाधारण बचत और बोनस पॉइंट प्रदान करता है, जबकि सदस्य हयात के साथ एक प्रीमियम यात्रा अनुभव का आनंद लेते हैं। 18 जुलाई जुलाई से 18 दिसंबर 2025 तक, वर्ल्ड ऑफ हयात के सदस्य भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया में भाग लेने वाले हयात होटलों में किसी भी महीने की 18 तारीख को बुकिंग करने पर 30 दिनों के भीतर ठहरने पर 18 फीसदी की विशेष छूट का आनंद ले सकते हैं।

## सरकार की 5 हजार करोड़ रु. के निवेश की बड़ी योजना

# प्राकृतिक गैस की मांग 2030 तक 60 फीसदी तक बढ़ने की संभावना

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी एक स्वच्छ एवं स्वस्थ भविष्य की दिशा में बढ़ रहा है। इसके पीछे लोगों द्वारा तेजी से प्राकृतिक गैस को अपनाना है। यह सब संभव हुआ है थिंक गैस की पीएनजी की ओर रुख करने से। जिससे उत्सर्जन और ईंधन का खर्च काफी घटा है। भोपाल सहित सभी जिलों में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने 5,000 करोड़ रुपए के निवेश की एक बड़ी योजना बनाई है। नई नीतियों, स्थानीय प्रयासों और सरकार एवं कारोबारियों के बीच साझेदारी के साथ भोपाल धीरे -धीरे यहां के निवासियों के लिए ताजी हवा में सांस लेने का एक बेहतर बन रहा है।

#### देश विश्व के सबसे बड़े गैस उपभोक्ताओं में शुमार

*भोपाल का ऊर्जा परिवर्तन राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक परिवर्तन की झलक पेश करता है जहां आईईए की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक भारत के प्राकृतिक गैस की मांग 2030 तक करीब 60 प्रतिशत तक बढने की संभावना है। यह रिपोर्ट इस देश को विश्व के सबसे बड़े गैस उपभोक्ताओं में शुमार करती है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री की स्वच्छ ऊर्जा रूपरेखा में मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण विशेषकर देशभर में एलएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार करने को प्राथमिकता दी जा रही है।*

#### भोपाल में स्वच्छ परिवहन आंदोलन का हिस्सा बनकर उभरा

भोपाल में लॉजिस्टिक परिचालक रमेश सिंह ने कहाकि थिंक गैस एलएनजी स्टेशन और इनकी नेट मीटरिंग सेवा से हमारे परिचालन में व्यापक पारदर्शिता और कार्यकुशलता आई है। हम रीयल टाइम आधार पर ईंधन के उपयोग पर नजर रख सकते हैं जिससे लागत नियंत्रित करने और प्रदूषण घटाने में मदद मिलती है। यहां भोपाल में एक स्वच्छ परिवहन आंदोलन का हिस्सा बनकर उभरा है।

## मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में पंचकर्म अवेयरनेस कैंप में समस्याओं का समाधान

**भोपाल।** मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर के कम्युनिटी हेल्थ डिपार्टमेंट द्वारा केंद्रीय एवं अखिल भारतीय सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन भोजपुर क्लब भोपाल मध्यप्रदेश में जेरियाटिक केयर एवं पंचकर्म अवेयरनेस कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान वृद्धावस्था जन्य बीमारियों का पंचकर्म द्वारा उपचार एवं बचाव के विषय में वृद्धजनों को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में पेंशनर्स असोसिएशन के सदस्यों को डॉ.मनीष लधवे , प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ पंचकर्म एवं डॉ. प्रकाश सिंह राजपूत एसोसिएट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ पंचकर्म के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। वहीं चिकित्सकों द्वारा पंचकर्म चिकित्सा से संबंधित प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आत्मनिर्भर भारत की रीढ़

# सरकार से मांग, बैंक निजीकरण की योजनाओं पर तत्काल लगाई जाए रोक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के आह्वान पर राजधानी भोपाल में बैंक राष्ट्रीयकरण की 56वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राजधानी की विभिन्न बैंकों के सैकड़ों कर्मचारी व अधिकारी शामिल हुए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की मौजूदा चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बताया और सरकार से मांग की कि बैंक निजीकरण की योजनाओं को तत्काल रोका जाए। अगर सार्वजनिक बैंकों को कमजोर किया गया, तो इसका सीधा नुकसान देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और आम आदमी की बचत पर पड़ेगा। सभा को विभिन्न बैंक यूनियनों के प्रमुख पदाधिकारियों वीके शर्मा, दीपक रत्न शर्मा, मोहम्मद नजीर कुरैशी, जेपी झवर, गुणशेखरन,भगवान स्वरूप कुशवाह, देवेंद्र खरे, विशाल धमेजा, अशोक पंचोली, किशन खेराजानी, वैभव गुप्ता सहित वरिष्ठ बैंक नेताओं ने संबोधित किया।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन जिला रायसेन**

प्रकरण क्रमांक 123/बी-121/2024-25

**उद्घोषणा**

**(धारा 6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत)**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम सरार प.ह.न. 3 तहसील व जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 24 अप्रैल 1970 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग, एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित हो जावेगा। उल्लघंन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

अतः एतद द्वारा अपेक्षा की जाती है कि, इस उद्घोषणा के प्रकाशन दिनांक से तीन माह की अवधि के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

आज दिनांक 10.07.2025 को उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

**(मुकेश सिंह)**
**अनुविभागीय अधिकारी पदेन वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन जिला रायसेन**

जी - 15929/25 स्वच्छता ही सेवा है।

## बिजनेस न्यूज

### भोपाल उत्सव मेला समिति के नेत्र शिविर में 95 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन



**भोपाल।** भोपाल उत्सव मेला समिति एवं सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से दुबई सिंधी महिला मंडल धर्मशाला गांधीनगर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया शिविर में 255 बाहय रोगियों की जांच की गई। इनमें से 95 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सेवा सदन चिकित्सालय भेजा गया। इस अवसर पर भोपाल उत्सव मेला समिति के पदाधिकारी गण वासुदेव वाधवानी, मोहन सिंह कुशवाहा, प्रतीक गुप्ता, नारायण सिंह कुशवाहा, सुरेश आवत रामानी, योगेश हिंगोरानी, रमेश हिंगोरानी उपस्थित रहे।

### भाभा विवि दंत चिकित्सा विभाग के छात्रों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के अंतर्गत दंत चिकित्सा विभाग के छात्रों का वार्षिक परिक्षा परिणाम घोषित किया गया है। वार्षिक परिक्षा में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। चतुर्थ वर्ष मे प्रथम स्थानपर अमरजीत कुमार वर्मा द्वितीया स्थान श्रेया तुगनावत आकाश अहिरवार तथा तृतीय स्थान सपना पंचाल ने प्राप्त किया है। तृतीय वर्ष मे प्रथम स्थान निशा कुमारी द्वितीया स्थान मोनी कुमारी तृतीय स्थान जेबा अफरोज ने प्राप्त किया है। द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान पिल्ली भवानी ,द्वितीय स्थान रानी शर्मा तथा तृतीय स्थान जय कुमार पंथी ने प्राप्त किया है। इस अवसर पर भाभा विवि के सीइओ प्रसाद पिल्लई, कुलगुरु डॉ. दिलीप कुमार डे, प्रति कुलगुरू डॉ. एन के अग्रवाल, कुल सचिव डॉ. श्याम पाटकर, दंत चिकित्सा विभाग की डीन डॉ. उन्नति संगीता पितले एवं समस्त विभाग के शिक्षको ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### बैंक ऑफ इंडिया ने आयोजित किया विशेष आउटरीच कार्यक्रम



**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल द्वारा एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कार्यकारी निदेशक पीआर राजगोपाल की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं के बारे में जागरूक करना था, जिनमें पीएम-किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड तथा आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत दी जा रही वित्तीय ऋण पोषण योजनाएं शामिल थी। कार्यक्रम में राजगोपाल ने कहाकि किसान भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और बैंक ऑफ इंडिया उनके विकास और कल्याण के लिए सदैव समर्पित एवं तत्पर है। इस मौके पर बैंक के फील्ड महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक सुबोध कुमार तथा सहायक महाप्रबंधक भंवरलाल हर्ष के अतिरिक्त आंचलिक कार्यालय भोपाल से आंचलिक प्रबंधक विकास रंजन पटनायक, उप आंचलिक प्रबंधक संगीता गुप्ता सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण और किसान मौजूद रहे।

### पीएनबी ने साइबर सुरक्षा हैकाथॉन के पुरस्कार का वितरण किया



**भोपाल।** पीएनबी ने अपने मुख्यालय में कोड अगेंस्ट मैलवेयर हैकाथॉन के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। हैकाथॉन का संचालन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर के साथ मिलकर वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) और इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने व भारत के युवा तकनीकी प्रतिभाओं को जोड़ने के उद्देश्य से किया गया। समारोह में एम. नागराजू, आईएएस, सचिव डीएफएस ने मुख्य अतिथि के रूप में व आईआईटी के निदेशक प्रोफेसर मनिंद्र अग्रवाल, आईबीए के मुख्य कार्यकारी अतुल कुमार गोयल और बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसके अलावा विशिष्ट गणमान्य अतिथियों, संकाय सदस्यों, जूरी के सदस्यों और छात्र प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

### नई बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे लांच



**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू इंडिया ने भारतीय बाजार में बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे का अपडेटेड मॉडल लांच कर दिया है। सेकेंड जेनरेशन कार मौजूदा मॉडल से बड़ी और नए फीचर्स से लैस है। इसमें सेफ्टी के लिए ट्रेक्शन कंट्रोल और लेवल-2 एडीएएस जैसे फीचर्स दिए हैं। हालांकि नई 2 सीरीज में 1.5-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन दिया गया है, जबकि पुराने मॉडल में ज्यादा पावरफुल 2-लीटर टर्बो-पेट्रोल और डीजल इंजन का ऑप्शन मिलता था। कंपनी का दावा है कि ये सिर्फ 8.6 सेकेंड में 0 से 100केएमपीएच की स्पीड पकड़ सकती है। कंपनी ने कार को 2 वैरिएंट- 218 एम स्पोर्ट और 218 एम स्पोर्ट प्रो में पेश किया है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 46.90 लाख रुपए रखी गई है। ये कंपनी की सबसे सस्ती कार है। इसकी बुकिंग और डिलीवरी शुरू कर दी गई है।

### सनफीस्ट मॉम्स मैजिक 'भारत में गोद लेने' में निभा रहा है बड़ी भूमिका

**नई दिल्ली।** आईटीसी लोकप्रिय ब्रांड सनफीस्ट मॉम्स मैजिक का मानना है कि हर बच्चे की जिंदगी में मां की भूमिका एक वॉर्मेस्ट सुपरपावर की होती है। 'भारत में गोद लेने को सामान्य बनाना और प्रोत्साहित करना विषय पर आयोजित इस पैनल डिस्कशन में सौमेता मेधोरा, सचिव, इंडियन सोसाइटी फॉर स्पॉन्सरशिप एंड एडॉप्शन, फिल्मकार अनिरुद्ध रॉय चौधरी, अभिनेत्री जया आहसान, अभिनेत्री मंदिरा बेदी और आईटीसी फूड्स के चीफ डिजिटल मार्केटिंग ऑफिसर शुवदीप बनर्जी मौजूद रहे। इस परिचर्चा में समाज में खुली वाद-विवाद को बढ़ावा देने के बारे में बताया गया।

### रिलायंस का रिकॉर्ड मुनाफा, 26,994 करोड़ का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 26,994 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो अब तक का उसका सबसे ऊंचा तिमाही मुनाफा है। यह लाभ पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 78.3 फीसदी अधिक है। कंपनी के अनुसार इस वृद्धि के पीछे उपभोक्ता कारोबारों का दमदार प्रदर्शन और सूचीबद्ध निवेशों की बिक्री से प्राप्त आय प्रमुख कारण रहे। कंपनी का तिमाही लाभ 26,994 करोड़ रुपए रहा। तिमाही राजस्व 2.48 लाख करोड़, जियो का लाभ 7,110 करोड़ रुपए , ग्राहक संख्या 49.81 करोड़ पहुंच गई। रिलायंस रिटेल का लाभ3,271 करोड़ रुपए हुआ और स्टोर संख्या 19,592 स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और रिफाइनिंग गतिविधियों में कमी के कारण पेट्रोलियम कारोबार में 1.5 फीसद की गिरावट आई।

**।। जाहिर सूचना ।।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लता राजदेव पत्नी श्री कमल राजदेव निवासी ए 25/6 नया क्रमांक 24/252 ओवर टेक टेलर के पास बैरागढ वर्तमान निवासी पंचवटी लालघाटी भोपाल दिनांक 11 जुलाई 2025 को एक जाहिर सूचना प्रकाशित की गई थी जोकि एक प्लाट क्रमांक सी 30 मेसर्स खिला कालोनाईजर व्दारा विकसित कालोनी उमाधाम ग्राम खारखेडी पटवारी हल्का क्रमांक 27/37 विकास खण्ड फन्दा तहसील हुजूर जिला भोपाल के संबंध में प्रकाशित की गई थी इस सबंध में मुझे तय समय सीमा मे कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है ।

अतः आज दिनांक 18-7-2025 को उक्त सौदे को निरस्त मेरे व्दारा किया जा रहा है और बयाना राशि श्री मनीष कुमार पुत्र श्री नरेन्द्र दादलानी निवासी बैरागढ को वापिस की जा रही है। आज से उक्त प्लाट का स्वामित्व व आधिपत्य मालिकाना हक सिर्फ मेरा ही रहेगा ।पूर्व में जो मनीष कुमार को मेरे व्दारा चैक दिए गए थे उन्हें निरस्त मानकर मैं नये चैक श्री मनीष कुमार दादलानी को देना चाहती हूँ ।

भवदीय **लता राजदेव**
पंचवटी एक्सटेशन प्लाट नं 48
सेकण्ड फिलोर लालघाटी भोपाल
मो 9630988505

**// कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल //**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/ 469/25 दिनांकः- 16/07/2025

**ई-निविदा सूचना**

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दशार्ये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 29वीं वाहिनी "ए" "कंपनी कैम्प पुराना कंट्रोल रूम में मैस/ किचन कक्ष का निर्माण कार्य | 1,000/- | 4,99,887/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in सें निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 16/07/2025 के 12:00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 16/07/2025 के 12:00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 05/08/2025 के 12:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 06/08/2025 के 12:00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 23/07/2025 के 12:00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

**पुलिस उपायुक्त. (मुख्यालय)**
**नगरीय पुलिस, भोपाल**

जी - 15946/25 स्वच्छता ही सेवा

**// कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल //**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/ 475/25 दिनांकः- 16/07/2025

**ई-निविदा सूचना**

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दशार्ये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | थाना यातायात नगरीय पुलिस भोपाल में स्टोर रूम का निर्माण कार्य | 1,000/- | 4,99,193/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in सें निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 17/07/2025 के 12:00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 17/07/2025 के 12:00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 06/08/2025 के 12:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 07/08/2025 के 12:00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 23/07/2025 के 12:00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

**पुलिस उपायुक्त. (मुख्यालय)**
**नगरीय पुलिस, भोपाल**

जी - 15949/25 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

# कामकाज का गवाह बने मानसून सत्र

आज से संसद का मानसून सत्र शुरू हो रहा है, यह सत्र काफी हंगामेदार होगा, लेकिन समूचा सत्र हंगामे की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। सर्वदलीय बैठक में सरकार ने विपक्ष की सभी मांगों पर गौर करते हुए आश्वासन दिया है कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार अपने आश्वासन पर कायम रहेगी व बीच में विपक्ष कोई अनर्गल मांग नहीं करेगा तो करीब एक माह के इस सत्र में कामकाज शांतिपूर्ण तरीके से हो सकता है। यह सही है कि संसद चलाना सभी सांसदों व दलों की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार का रुख अधिक मायने रखता है कि वह विपक्षी दलों को कितना विश्वास में लेती है। इससे पहले संसद के शीत सत्र के दौरान वक्फ बिल को लेकर काफी हंगामा हुआ था। इस सत्र में विपक्ष के पास कई एजेंडे हैं, जिस पर वह बहस चाहता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जवाब चाहता है। इस दौरान अगर सत्ता पक्ष का अड़ियल रुख रहा तो, मानसूत्र में भी विपक्ष का हंगामा व नारेबाजी देखने को मिल सकती है। ऐसा हुआ तो यह सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ेगा। विपक्ष पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीजफायर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत व पाक के बीच संघर्ष विराम के अनेक बार मध्यस्थता के दावे, भारत की विदेश नीति, बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण आदि मुद्दों पर संसद में बहस चाहता है। पहलगाम की आतंकी घटना व ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए 3 जून को 16 विपक्षी दलों ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर विशेष संसद सत्र बुलाने की मांग की थी, जिसे सरकार ने यह कर टाल दिया था कि चर्चा मानसून सत्र में ही होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के साथ एक भी मुस्लिम देश समेत किसी देश का नैतिक रूप से साथ नहीं होने को विदेश नीति की विफलता कहकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू ने कहा है कि इस सत्र में 17 विधेयक सरकार के एजेंडे में हैं। सत्र 21 से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा, पहले यह 12 अगस्त तक प्रस्तावित था। सत्र का समय बढ़ने के पीछे माना जा रहा है कि बिहार चुनाव को देखते हुए सरकार का कोई सीक्रेट एजेंडा है। हालांकि 13 से 18 अगस्त के बीच कोई बैठक नहीं होगी। अंतिम चार दिनों सरकार कोई महत्वपूर्ण बिल ला सकती है। प्रधानमंत्री द्वारा संसद में विपक्ष के मुद्दों पर स्वयं जवाब देने की संभावना बहुत कम है। जब भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर चर्चा होगी, सरकार उचित जवाब देगी। राजग सहित कई नेता ऑपरेशन सिंदूर पर विभिन्न संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से सरकार की विदेश पहुंच की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए चर्चा भी चाहते हैं। सरकार संसद में अपना विचार रखने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी मैदान में उतार सकती है। सरकार ने महीने भर चलने वाले सत्र के दौरान संसद के सुचारू संचालन में विपक्ष से सहयोग मांगा है। संसद को चलाने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए, यह बहुत जरूरी है। सरकार का रुख लचीला हो और विपक्ष का मकसद संसद में केवल और केवल हंगामा न हो। सांसदों की कोशिश जनता के व्यय को अपव्यय करना न हो। संसद हंगामे का अखाड़ा बनने की बजाय कामकाज का राष्ट्रमंदिर बने। सत्र का सार्थकता ही देशहित में है। दलगत भावना से ऊपर उठकर सांसद अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी समझेंगे।



मानसून सत्र
प्रमोद भार्गव

# अखाड़ा बनकर न रह जाए संसद

21 जुलाई से मानसून सत्र शुरू हो रहा है। यह आशंका कायम है कि विपक्षी दल संसद को ठप बनाए रखने में ही अपना समय जाया करेंगे। इस सत्र में लंबे समय तक चलने वाला हंगामा बिहार में मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर हो सकता है। बिहार में इस साल के अंत में होने वाले चुनाव को लेकर संसद में गतिरोध बनाए रखने की कोशिश युद्धस्तर पर होगी। सत्ता पक्ष के लिए राहत की बात यह है कि निर्वाचन आयोग के बिहार की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक नहीं लगाई है, इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। अतएव विपक्ष इस मुद्दे के न्यायालय में विचाराधीन होने के बहाने को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करेगी।

इक्कीस जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र को गर्माए रखने के लिए कांग्रेस समेत लगभग समूचे विपक्ष ने अपने-अपने हथियार भांज लिए हैं। गोया, यह आशंका कायम है कि विपक्षी दल संसद को ठप बनाए रखने में ही अपना समय जाया करेंगे। इस सत्र में लंबे समय तक चलने वाला हंगामा बिहार में मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर हो सकता है। चुनाव आयोग की इस बड़े प्रयास पर समूचा विपक्ष बड़े राजनीतिक संग्राम की तैयारी में जुटा है। लोकसभा चुनाव की तरह एक बार फिर से इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के दल एकजुट होते दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से बैठक भी की है। इस हंगामे में मुख्य रूप से कांग्रेस, राजद और तृणमूल कांग्रेस कार्यस्थगन प्रस्ताव ला सकते हैं। अतएव आशंका है कि बिहार में इस साल के अंत में होने वाले चुनाव को लेकर संसद में गतिरोध बनाए रखने की कोशिश युद्धस्तर पर होगी। सत्ता पक्ष के लिए राहत की बात यह है कि निर्वाचन आयोग के बिहार की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक नहीं लगाई है, इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। अतएव विपक्ष इस मुद्दे के न्यायालय में विचाराधीन होने के बहाने को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करेगी।

सरकार ने इस सत्र में 8 नए विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किए हैं। इन विधेयकों में मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर संशोधन विधेयक-2025, सार्वजनिक न्यास प्रणाली (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक-2025, भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक-2025, पुरातत्व धरोहर स्थल और अवशेष (संरक्षण और देखरेख विधेयक-2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक-2025 एवं राष्ट्रीय डोपिंग (कचरा) रोधी संशोधन विधेयक-2025 शामिल हैं। इन विधेयकों पर सहमति बनाए जाने की चर्चा से पहले विपक्ष चाहेगा कि पहलगाम हमले में गुप्तचर तंत्र की नाकामी, सैन्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेशी हस्तक्षेप, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता के दावों के बीच सेना के अभियान को अचानक क्यों रोका गया जैसे मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा हो। विपक्ष की मंशा, मुद्दों की सच्चाई से कहीं ज्यादा सरकार को घेरना है। सत्तारुढ़ पक्ष इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे बताकर चर्चा से बचने की कोशिश कर सकता है ? इन बड़े मुद्दों के अलावा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के निवास में लगी आग के दौरान नकद राशि जलने के मामले में महाअभियोग लाने की पैरवी करने के साथ ओडिशा की छात्रा के साथ हुए अत्याचार जैसे मुद्दे भी सदन में गरमा सकते हैं। न्यायमूर्ती वर्मा के मामले में सरकार को उम्मीद है कि यदि वह इस मुद्दे पर महाअभियोग चलाने का प्रस्ताव लाती है तो उसे सभी दलों का समर्थन मिल सकता है। संभव है इस प्रक्रिया के शुरू होने से पहले वर्मा इस्तीफा दे दें। यदि नहीं देते हैं तो संसद में इस मुद्दे पर तीखी बहस संभव है। यदि बहस होती है तो न्यायाधीशों की मनमानी नियुक्ति प्रक्रिया पर भी गहन विमर्श होना तय है।

कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल मतदाता सूची को लेकर आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। जबकि सत्तारुढ़ दल चुनाव आयोग की जानकारी के आधार पर विपक्ष के



आरोपों का जवाब देने की तैयारी कर रहा है। बावजूद तेलुगु देशम पार्टी द्वारा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण पर सवाल उठाए जाने से सरकार की चुनौतियां बढ़ी हुई हैं। इधर निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार का ऐसा बयान आया है, जिसे सरकार अपनी ढाल बनाने का काम करेगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बिहार में एसआइआर के तहत मतदाता सूची को दुरुस्त करने के प्रयास में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखने में आई है। बिहार के 7.9 करोड़ मतदाताओं में से महज 6.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अब तक विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना फार्म नहीं भरे हैं। हालांकि राहुल गांधी, ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव ने इस कवायद पर कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं, जिन पर संसद में बहस हो सकती है। दरअसल समूचा विपक्ष इसलिए चिंतित है, क्योंकि पहली बार बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू हुई है। यही वह समय है, जब राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा सरकारें घुसपैठियों को देश से विस्थापित करने के राष्ट्रहितैषी काम में लगी हैं। इस बाबत असम के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने ठीक ही कहा है कि असम जैसे राज्य में घुसपैठिए एक ही धर्म के लोग हैं, जो कांग्रेस समेत गैर भाजपा दलों को वोट करते हैं। इन घुसपैठियों को बाहर कर देने से ये दल हार के खतरे को अनुभव कर रहे हैं। जबकि घुसपैठिए कई राज्यों का जनसांख्यिकी घनत्व बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। सम के सीमावर्ती जिलों अररिया, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिलों की मतदाता सूची में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिकों के नाम मिले हैं। एक अनुमान के मुताबिक इनकी संख्या 15 लाख से अधिक हो सकती है। गृह विभाग ने भी कई जिलों में बांग्लादेशियों की संख्या को लेकर रिपोर्ट पेश की है। इसके अनुसार सीमांचल में अवैध घुसपैठियों के कारण कई जिलों का जनसांख्यिकी गणित पूरी तरह गड़बड़ा गया है। 1951 से 2011 तक देश की कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी जहां चार प्रतिशत बढ़ी है, वहीं सीमावर्ती जिलों में यह आंकड़ा करीब 16 प्रतिशत है। सरकारी दस्तावेजों में ये लोग भारतीय नागरिक बनते जा रहे हैं। इस कारण उन्हें अनेक केंद्र एवं राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस कारण उनका भारत की जमीन पर रहना आसान हो गया है। अतएव प्रस्तावित विधेयकों की बजाय मतदाता सूची पर ज्यादा हंगामा होना तय है। यदि संसद में राजनीतिक गतिरोध बना रहता है और संसद अखाड़े में तब्दील होती रही तो उन विधेयकों और अधिनियमों पर बारीकी से बहस संभव नहीं है, जो देश की 1.4 करोड़ जनता की भलाई व नियमन के लिए कानून बनने जा रहे हैं? प्रत्येक सांसद का दायित्व बनता है कि वह विधेयकों के प्रारूप का गंभीरता से अध्ययन करे, जिससे यह समझा जा सके कि उसमें शामिल प्रस्ताव देश व जनता के हित से जुड़े हैं अथवा नहीं? लेकिन राज्यसभा और लोकसभा का यह दुर्भाग्य है कि ज्यादातर सांसद अधिनियम के प्रारूप पर चर्चा करने की बजाय, ऐसे मुद्दों को बेवजह बीच में घसीट लाते हैं, जिनसे उनकी क्षेत्रीय राजनीति चमकती रहे। ऐसी स्थिति सत्तारूढ़ सरकार के लिए लाभदायी होती है, क्योंकि वह बिना किसी बहस-मुबाहिशे के ही ज्यादातर विधेयक पारित करा लेती है। जबकि विपक्ष सार्थक बहस करने की बजाय गाहे-बगाहे सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगा रहकर संसद का समय जाया कर देता है। प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दृष्टि से यह स्थिति देशहित में कतई नहीं है। इस लिहाज से सत्तारूढ़ सरकार और दल का कर्तव्य बनता है कि वह राजनीतिक गतिरोध का समाधान, राजनीतिक तौर-तरीकों से ही निकाले।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

बड़ी समस्या
राकेश अचल



# कुत्तों की आवारगी पर बड़ी अदालत का रुख

इंसानों की आवारगी पर आज तक देश का कोई कुत्ता सर्वोच्च न्यायालय नहीं पहुंचा लेकिन इंसान आवारा कुत्तों के मुद्दे पर देश की सबसे बड़ी अदालत तक जा पहुंचा। संवेदनशील माननीय अदालत ने आवारा कुत्तों के बारे में याचिका सुनी भी और कुछ निर्देश भी दिए जो देशभर के कुत्ता विरोधियों के लिए एक सबक है। देश के आवारा कुत्तों की ओर से मैं सर्वोच्च न्यायलय का आभार व्यक्त करता हूँ। मेरी दादी फूलकुंवर देवी निरक्षर थीं लेकिन सांसारिक मुद्दों पर उनका ज्ञान असीमित था। वे आवारा कुत्तों को उसी स्नेह से रोटी खिलाती थीं जितने स्नेह से गाय को। सनातन भारतीयों के लिए आवारा गाय फिर भी पूजनीय है लेकिन आवारा कुत्ता नहीं। दादी आवारा, बेसहारा कुत्तों को 'बिना झोली का फकीर' कहती थीं। कमोवेश यही बात माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कही है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को खाना देने से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से ही सवाल पूछ लिए। अदालत ने नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना देने पर परेशान किए जाने का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, "क्या हमें इन बड़े दिल वाले लोगों के लिए हर गली, हर सड़क खुली छोड़ देनी चाहिए? इन जानवरों के लिए तो पूरी जगह है लेकिन इंसानों के लिए कोई जगह नहीं है। आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं देते? आपको कोई नहीं रोक रहा है।" यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट के मार्च 2025 के आदेश से संबंधित है। इस पर वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को परेशान किया जा रहा है और वह पशु जन्म नियंत्रण नियमों के अनुसार सड़कों पर रहने वाले कुत्तों को खाना देने में असमर्थ है। पशु जन्म नियंत्रण नियमावली, 2023 का नियम 20 सड़कों पर रहने वाले पशुओं के भोजन से संबंधित है और यह परिसर या उस क्षेत्र में रहने वाले पशुओं के भोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का दायित्व स्थानीय 'रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन' या 'अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन' या स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि पर डालता है। शीर्ष अदालत ने इस पर कहा, "हम आपको अपने घर में ही एक आश्रय स्थल खोलने का सुझाव देते हैं। गली-मोहल्ले के प्रत्येक कुत्ते को अपने घर में ही खाना दें।" याचिकाकर्ता के वकील ने नियमों के अनुपालन का दावा किया और कहा कि नगर प्राधिकार ग्रेटर नोएडा में तो ऐसे स्थान बना रहा है लेकिन नोएडा में नहीं। ऐसे स्थानों पर भोजन केंद्र बनाए जा सकते हैं जहां लोग अक्सर नहीं आते। पीठ ने इस पर पूछा, "आप सुबह साइकिल चलाने जाते हैं? ऐसा करके देखिए क्या होता है।"

जब वकील ने कहा कि वह सुबह की सैर पर जाते हैं और कई कुत्तों को देखते हैं तो पीठ ने कहा, "सुबह की सैर करने वालों को भी खतरा है। साइकिल सवार और दोपहिया वाहन चालकों को ज़्यादा खतरा है।" इसके बाद पीठ ने इस याचिका को इसी तरह के एक अन्य मामले पर लंबित याचिका के साथ संलग्न कर दिया। इससे पहले उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ता ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए नियमों के प्रावधानों को उचित देखभाल और सतर्कता के साथ लागू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया। न्यायालय ने कहा, "कानून के प्रावधानों के अनुसार गलियों में रहने वाले कुत्तों का संरक्षण आवश्यक है लेकिन साथ ही अधिकारियों को आम आदमी की चिंता को भी ध्यान में रखना होगा ताकि इन आवारा कुत्तों के हमलों से सड़कों पर उनकी आवाजाही बाधित न हो।" 2019 की पशुधन गणना के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या लगभग 1.53 करोड़ थी, जो 2012 में 1.71 करोड़ थी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है, और यह रेबीज जैसी बीमारियों के प्रसार का प्रमुख कारण भी है। भारत में कुत्तों की आवारगी भले ही एक राष्ट्रीय समस्या है लेकिन ये ही भारतीय कुत्ते को भगवान भैरव की सवारी मानकर उसे पूजते भी हैं। टोटके करने वाले लोगों को काले कुत्ते को रोटी खिलाने की सलाह देते हैं। हमारे समाज में कुत्ते की मौत को सबसे घृणित और निकृष्ट मानकर इसे गाली के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। दुर्भाग्य ये है कि देश में आवारा इंसानों के लिए हवालातें और मर्सी होम्स हैं। आवारा गायों के लिए गोशालाएं हैं लेकिन कुत्तों के लिए कोई माकूल इंतजाम नहीं है। कुत्ते आये दिन इंसानों की क्रूरता और नृशंसता के शिकार होते हैं, वाहनों से कुचले भी जाते हैं। विदेशों में कुत्ते इंसानों की तरह सम्मानित जीवन जीते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'




संकलित
दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया- गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।

राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# अहंकार ही समस्याओं का कारण



संकलित
प्रेरणा

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## सटाका




## आज की पाती

### सावन महीने से भगवान शिव का है शाश्वत संबंध

सावन हिंदू पंचांग का पांचवां महीना होता है। यह हरियाली, सुंदरता, सकारात्मकता, शुभता और पवित्रता का महीना होता है, जो प्राय: संपूर्ण सृष्टि के लिए नवोन्मेष एवं नवजीवन का उपहार लेकर आता है। सच कहा जाए तो ज्येष्ठ-आषाढ़ की तपती गर्मी, चिलचिलाती धूप, उमस और पसीने से परेशान संपूर्ण प्राणी जगत को सावन महीने की प्रतीक्षा रहती है, क्योंकि इस महीने में होने वाली रिमझिम वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आती है और प्रकृति में सुखद परिवर्तन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप संपूर्ण सृष्टि में तृप्ति और तुष्टि का प्रसार होता है तथा प्राणियों के जीवन में उमंग, उल्लास और प्रसन्नता का संचार होने लगता है। सारा संसार शिवमय हो जाता है।

*-रमेश कश्यप, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### 'एक पेड़ मां के नाम'

वन महोत्सव में माननीय न्यायाधीशों की भागीदारी हर किसी को प्रेरित करने वाली है। मुझे विश्वास है कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को इससे एक नई गति मिलेगी।


-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### विनम्र श्रद्धांजलि!

भारत माता के वीर सपूत, अमर क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपका बलिदानी और साहसिक जीवन स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथा है, जो सदैव हम सभी को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### नारी शक्ति मेरी प्रेरणा

मैं स्वयं को दिल्ली की हर उस नारी की प्रतिनिधि मानती हूँ जो निस्वार्थ भाव से अपने घर, समाज और राष्ट्र की नींव को सींच रही है। यही नारी शक्ति मेरी प्रेरणा है, मेरा दायित्व है। उनकी आकांक्षाएँ नीतियों की दिशा तय करती हैं और उनका संघर्ष मेरे संकल्पों को दृढ़ता देता है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### युवाओं को रोजगार

महारोज़गार मेला में उमड़ा जनसैलाब सिर्फ़ भीड़ नहीं, एक संदेश है कि बिहार का युवा अब रोज़गार से अपना भविष्य चाहता है। नीतीश सरकार ने बिहार को जिस तरह बेरोज़गारी की आग में झोंका, वहां से युवाओं को पलायन करना पड़ता है।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



## करंट अफेयर

### नेपाल के पीएम ओली मध्य सितंबर में भारत आएंगे


नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली सितंबर के मध्य में भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने कहा, प्रधानमंत्री की आगामी यात्रा की तैयारियां जारी हैं। हालांकि, यात्रा की तारीख और विस्तृत कार्यक्रम अभी तय नहीं हुए हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि ओली 16 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस बार यह यात्रा संक्षिप्त होगी, संभवत: सिर्फ दो दिन के लिए ही होगी। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ओली पिछले साल जुलाई में, चौथी बार प्रधानमंत्री बने थे। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को सीपीएन-यूएमएल के नाम से भी जाना जाता है। ओली प्रधानमंत्री पद का संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा के तौर पर भारत आने की बजाय चीन गए थे। उन्होंने पिछले वर्ष दिसंबर में चीन के प्रधानमंत्री ली. कियांग के निमंत्रण पर उक्त देश का दौरा किया था। ओली ने अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान बीजिंग में पीकिंग यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम को संबोधित किया था तथा राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री कियांग से मुलाकात की थी।



## ऑफ बीट

### तेल व गैस कुओं के पास रहने वालों बच्चों को ल्यूकीमिया

'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' भले ही दुर्लभ होता है लेकिन यह बच्चों में होने वाले सबसे सामान्य कैंसरों में से एक है। यह अस्थि मज्जा में शुरू होता है और तेजी से बढ़ता है। इन मामलों में लंबे समय तक जीवित रहने की दर 90 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन कई रोगियों को जीवन भर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें हृदय संबंधी समस्याएं, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और दूसरी बार कैंसर होने का अधिक जोखिम शामिल है। अमेरिका में कैंसर की कुल दर 2002 से घट रही है लेकिन बचपन में होने वाले 'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यह प्रवृत्ति इस बीमारी के केवल इलाज पर ध्यान देने के बजाय रोकथाम की आवश्यकता को और भी अधिक रेखांकित करती है। अध्ययन सामग्री से पता चलता है कि तेल और प्राकृतिक गैस के कुओं से निकलने वाले रसायनों के संपर्क में आने से बच्चों में 'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' होने का खतरा बढ़ जाता है। हम पर्यावरण महामारी विज्ञान के अध्ययनकर्ता हैं, जो कोलोराडो और पेंसिल्वेनिया में तेल और प्राकृतिक गैस विकास कार्यों से जुड़े स्थलों के आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# काफ्तान पैटर्न में हमेशा ध्यान रखें कि इसके साथ बेली पर एक बेल्ट जरूर पहनें, जो आपकी स्टाइलिंग में चार चांद लगा देगा

## स्टाइलिंग एक्सपर्ट नंदिता नायर ने शहर की महिलाओं को दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अफगानिस्तान से आया काफ्तान एक स्टाइलिंग आउटफिट है लेकिन काफ्तान पैटर्न में हमेशा ध्यान रखना चाहिए इसके साथ बेली पर एक बेल्ट जरूर पहनें, जिससे आपका लुक बल्की नहीं लगेगा बल्कि आपकी पर्सनालिटी निखर कर सामने आएगी। साथ ही जब आप ट्राउजर के साथ लांग टॉप वियर करें तो जरुर ध्यान रखें कि टॉप की कटिंग यू शेप की हो ताकि साइड्स क्लियर नजर आएंगे। चाहें तो आप शर्ट भी वियर कर सकती हैं, लेकिन आपकी बेली पतली होनी चाहिए, नहीं तो आप टमी टकर पहनें। यह कहना है स्टाइलिंग एक्सपर्ट नंदिता नायर का, जो रविवार को दस नंबर मार्केट स्थित एक निजी फैशन स्टूडियों में महिलाओं को स्टाइलिंग टिप्स दे रही थीं।



### कहीं जाने से पहले सोचें और आब्जर्व करें कि हम पर क्या सूट करेगा?

नंदिता ने कहा कि पहले के जमाने में हम देखते थे कि ज्यादातर महिलाएं फुग्गे वाली स्लीप्स के ब्लाउज पहनती थीं। फिर वे भले ही दुबली हों या मोटी, उनको शायद कोई फर्क ही नहीं पड़ता था कि हम कैसे लगेंगे, लेकिन अब महिलाएं अपने लुक के लिए काफी अवेयर हो गई हैं और अब उन्हें जरूर फर्क पड़ने लगा है। अब यह जरूरी भी है कि कहीं जाने से पहले हम सोचें और आबजर्व करें कि यह आउटफिट हम पर सूट करेगा या नहीं।

### मेकअप से पहले चेहरा क्लीन करना है जरूरी, फिर सीरम अप्लाई करें

मेकअप सेशन में नंदिता के साथ आए मेकअप आर्टिस्ट आदित्य ने बताया कि मेकअप करने से पहले चेहरा क्लीन जरूर करें। इसके बाद एक सीरम चेहरे पर अप्लाई करें, उसके कुछ मिनट बाद आई क्रीम और फिर मॉइश्चराइजर अप्लाई करें और जितने भी एप्लीकेशंस आप चेहरे पर कर रहे हैं उनके बीच में काम से कम 1 मिनट का गैप जरूर दें, नहीं तो सब पेची-पेची हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मॉइश्चराइजर के बाद फाउंडेशन अप्लाई करने से पहले आई मेकअप जरूरी है, क्योंकि आपके मेकअप का मेन एलिमेंट आई ही हैं।





# दुर्लभ और जटिल कथा को किया नृत्य और गीत संगीत में लयबद्ध

**भोपाल।** भारतीय शास्त्रों में दस अवतारों की अवधारणा मूल है। भगवान राम और कृष्ण सहित नौ देव पृथ्वी पर अवतरित हुए और उन्होंने जनकल्याण का ही कार्य किया। दसवें अवतार कल्कि की भारतभूमि को प्रतीक्षा है। इस दुर्लभ और जटिल कथा को नृत्य और गीत संगीत में प्रस्तुत किया बिंदु जुनेजा और शिष्याओं ने। मौका था रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में आयोजित जयदेव रचित दशावतार नृत्य नाटिका की प्रस्तुति का। जिसमें संगीत निर्देशन अभय फगरे का रहा और करीब एक घंटे की इस प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा।



एलबीटी में जयदेव रचित दशावतार नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

### दर्शकों ने भारतीय मनीषा की इस अद्भुत सर्जना का लिया आनंद

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप की इस प्रस्तुति को दर्शकों ने गहरी उत्सुकता और एकाग्रता के साथ देखा और भारतीय मनीषा की इस अद्भुत सर्जना का आनंद लिया। बैले में एक दिलचस्प संदर्भ यह भी रहा कि थियोसोफिकल एलिस बेली को ईश दर्शन की अनुभूति हुई और उन्होंने अपने अनुभवों को द ग्रेट इंवोकेशन के द्वारा सारे संसार से साझा करते हुए भारतीय अवतारवाद की धारणा की पुष्टि की।



## मानव संग्रहालय में व्हील्स ऑफ उड़ान साइकिल एग्जीबिशन में 15 लाख तक की साइकिल हुईं एग्जीबिट

# मेरे हॉफ लंग काम नहीं करते, रोजाना साइकिल चलाना जंग समान है, जिसे मैं रोज लड़ती हूं और जीतती भी हूं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेरा हाफ लंग या फेफड़े काम नहीं करते और एस्टेरॉइड ले रही हूं, बावजूद इसके मेरे लिए रोजाना साइकिल चलाना एक बहुत बड़ी लड़ाई है, जिसे मैं करती हूं जीतती हूं और खुद पर फख्र महसूस करती हूं। ऐसे में मुझे लगा कि और भी महिलाओं को साइकिल चलानी चाहिए, इसलिए पवन पुत्र हनुमान के नाम पर हमने 2019 में भोपाल का पहला फीमेल साइकिल ग्रुप 'पावनी' बनाया, जिसमें शुरुआत में 38 ऐसी महिलाएं हमारे साथ जुड़ी थी, जिन्होंने जीवन में पहली बार साइकिल चलाई थी। इस ग्रुप को बनाने का हमारा उद्देश्य था फीमेल को साइकिल चलाने के लिए मोटिवेट करना, क्योंकि कई बार फीमेल मेल्स के साथ साइकिल चलाने में अनइजी फील करती हैं और उनकी इस झिझक को साइकिल से दूर की जा सकती है।

यह कहना है 'पावनी' ग्रुप की फाउंडर बिंदिया खर्ब का, जिन्होंने टीम के साथ भाग लिया मानव संग्रहालय में आयोजित व्हील्स ऑफ उड़ान (ए राइड थ्रू टाइम) समय की सवारी एग्जीबिशन में। इस एग्जीबिशन करीब 15 लाख रुपए तक की साइकिल एग्जीबिट हुई। इस एग्जीबिशन को टीम ग्रीन प्लैनेट साइकिल राइडर्स एसोसिएशन के सहयोग से किया।



### जर्मनी से इंपोर्टेड 15 लाख की साइकिल, जिसके व्हील आए यूएसए से



फेल्ट कंपनी की जर्मनी से इंपोर्टेड 15 लाख की साइकिल को एग्जीबिट करने वाले जमरान हुसैन ने कहा कि मैंने इटली स्पैन, सहित कई देशों में साइकिल रेस की है और ऑस्ट्रेलिया में भी इस साल रेस करूंगा। कार्बन ज्योमेट्री पर आधारित मेरी साइकिल की खासियत है कि इसके स्लीक और लाइटवेट टायर भी इम्पोर्टेट हैं, जो यूएसए से मंगवाए, आज मेरी कार से ज्यादा महंगी मेरी साइकिल है। इस वजह से इसकी कीमत इतनी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मुझे 8000 की साइकिल से मेरी जर्नी स्टार्ट हुई और फिर धीरे-धीरे बढ़ाते-बढ़ाते यह शौक कब पैशन बन गया, पता भी नहीं चला। आज फर्स्ट आयरन मैन ऑफ भोपाल का खिताब भी मेरे पास है।

### 1934 की बाइसिकल का चित्र उस दौर में साइकिल की कीमत थी मात्र 18 रुपए



प्रदर्शनी में 1934 की बाइसिकल का चित्र और बिल भी प्रदर्शित किया। बिल में दर्शाया कि उस दौर में साइकिल की कीमत 18 रुपए होती थी।

### अपनी उम्र जितनी साइकिल चलाकर सेलिब्रेट करती हूं अपना जन्मदिन




अपने प्रत्येक जन्मदिन पर अपनी उम्र जितनी साइकिल चलाने वाली मालती इंदौरिया ने कहा कि मैं हमेशा से फिटनेस फ्रीक रही हूं और मैंने साल 2020 में साइकिल चलाना शुरू किया और यकीन मानिए उसके बाद शायद ही ऐसा कोई दिन गया हो कि जब मैंने साइकिल न चलाई हो। आज मेरे पास कई मेडल कई अवार्ड हैं और मैंने कुल 11451 किमी साइकिल चलाई है। रन भोपाल रन की एम्बेसेडर रहीं हूं। हाल ही में मैंने अपने 64वें जन्मदिन पर 64 किमी साइकिल चलाकर अपना बर्थ डे सेलिब्रेट किया।

### टीम भोपाल ने पिछले चार वर्षों से नेशनल लेवल साइकिल अवॉर्ड किए अपने नाम



पेशे से सीए नंदन नेल्लौर ने कहा कि फेल्ट कार्बन बॉडी की मेरी साइकिल की कीमत करीब 5 लाख रुपए है। इसमें पैडल शूज सेपरेट लगाए हैं और वहीं कोविड के समय आयरन मैन में रजिस्टर इंडिया की चार सबसे बड़ी साइकिल रेस में हमारी टीम भोपाल ने चारों अवार्ड अपने नाम किए, जिस वजह से अब एक अवार्ड टीम भोपाल नाम से भी बना। हमारी टीम में मैं और जमरान हुसैन दो मेन मेंबर हैं और हमारे साथ दस और लोग टीम भोपाल का हिस्सा हैं। इकलौती हमारी ऐसी टीम है, जिन्होंने चारों ही नेशनल लेवल के अवार्ड जीते। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे लंबी रेस 1800 किलोमीटर की रही है और हमने 2021, 22, 23, 24 हर वर्ष का नेशनल लेवल साइकिल अवार्ड जीता है।

### टेंडम बाइकः दो व्यक्तियों के लिए डिजाइन की गई साइकिल



टेंडम बाइक- दो व्यक्तियों के लिए डिजाइन की गई साइकिल विशेष रूप से लंबी दूरी की सवारी के लिए तैयार की गई है। स्टील बॉडी की साइकिल की कीमत 15 से 20 हजार है। यह भोपाल में मिलती नहीं बाहर से एंसेबल कराकर लाई जाती है। यह साइकिल संकल्प भटनागर ने प्रदर्शित की है।

### साइकिल के शो को चित्रों में उकेरा और बन गया साइकिल्स्ट कम आर्टिस्ट



साइकिलिस्ट के साथ-साथ आर्टिस्ट कपिल सेठ ने कहा कि मुझे साइकिल चलाने का शौक तो बचपन से ही था, और इसी पर आधारित फिर चित्रों को भी बनाने लगा और आज मेरे पास तीन अलग अलग वेरायटी की साइकिल हैं। जिसमें मैंने 300 किलोमीटर तक साइकिल राइड की है और मेरी इसी राइड को मैंने अपने चित्रों में भी दर्शाया है।

# यह मनुष्य के लिए एक छोटा कदम है, लेकिन मानवता के लिए एक विशाल छलांग...

## आंचलिक विज्ञान केंद्र में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय चंद्रमा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव इतिहास की सबसे अद्भुत उपलब्धियों में से एक को चिह्नित करते हुए, आंचलिक विज्ञान केंद्र द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय चंद्रमा दिवस मनाया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों और आम दर्शकों के लिए प्रेरणादायक व शैक्षणिक गतिविधियों से भरपूर रहा।

16 जुलाई 1969 को नासा का अपोलो-11 यान केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च हुआ। केवल चार दिन बाद, 20 जुलाई 1969 को नील आर्मस्ट्रांग ने चंद्रमा पर पहला कदम रखा, आर्मस्ट्रांग के शब्द यह मनुष्य के लिए एक छोटा कदम है, लेकिन मानवता के लिए एक विशाल छलांग... आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं।





### शैक्षिक गतिविधियों की एक श्रृंखला हुई आयोजित

कार्यक्रम के अंतर्गत रोचक एवं शैक्षिक गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इन गतिविधियों का उद्देश्य चंद्र विज्ञान, अंतरिक्ष अन्वेषण तथा ऐतिहासिक अपोलो-11 मिशन के प्रति जिज्ञासा और समझ को प्रेरित करना था।

### कार्यक्रम में यह भी रहा खास

**मून लैंडर निर्माण कार्यशाला :** विद्यार्थियों ने इस हैंड्स-ऑन कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया, जहां उन्होंने कागज से ईगल लूनर मॉड्यूल का प्रतिरूप (मॉडल) तैयार किया। इस दौरान उन्होंने इसके विभिन्न भागों जैसे अवतरण चरण, आरोहण चरण, हैच, ईंधन टैंक तथा एएफटी उपकरण आदि के महत्व को समझा।

**चंद्रमा पर प्रदर्शन:** विद्यार्थियों, अभिभावकों और अन्य आगंतुकों के लिए एक विशेष प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें चंद्रमा से जुड़ी अनेक रोचक बातें प्रदर्शित की गईं। इंटरैक्टिव प्रॉप्स की सहायता से चंद्र सतह की संरचना, ग्रहण, चंद्र कलाएं तथा पृथ्वी व चंद्रमा की गति और घूर्णन आदि को सरल ढंग से समझाया गया। एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में चंद्रमा से संबंधित प्रश्न उत्तर का क्रम चला।

## उपाध्याय ने सिखाए मंच संचालन के सूत्र

# तूर्यनाद समिति के साथ मंच संचालन कला कौशल पर संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैनिट की हिंदी समिति तूर्यनाद द्वारा मंच संचालन कला-कौशल पर विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रख्यात उद्घोषक विनय उपाध्याय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। वक्ता ने अपने व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से बताया कि मंच संचालन केवल शब्दों की प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक संवेदनशील सांस्कृतिक संवाद है, जिसमें वक्ता की गरिमा, विषय की गंभीरता और श्रोताओं की समझ का संतुलन आवश्यक होता है।



# 125 छात्राओं ने लगातार 12 घंटे तक क्रमवार दी शुद्ध कथक नृत्य की प्रस्तुति

## भोपाल की विविधा एकेडमी ने बनाया कथक का विश्व रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विविधा एकेडमी, भोपाल की आर्ट एंड कल्चर एकेडमी है, जिसने कथक नृत्य में विश्व रिकॉर्ड बनाकर भोपाल और मप्र को गौरवान्वित किया है। 125 से ज्यादा छात्राओं ने एक के बाद एक क्रम से 12 घंटे तक लगातार शुद्ध शास्त्रीय कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस में एकेडमी का नाम दर्ज किया है।

इस विश्व रिकॉर्ड को बनाने की परिकल्पना एकेडमी के डायरेक्टर संगीतकार अभय तिवारी ने की। सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना एवं गुरु अभिलाषा तिवारी के सानिध्य में छात्राओं ने विश्व रिकॉर्ड बनाया।



### 5 वर्ष से लेकर 59 वर्ष तक की छात्राओं ने किया नृत्य

गुरु अभिलाषा ने बताया कि इसकी तैयारी पिछले दो माह से चल रही थी तथा इस रिकॉर्ड में एकेडमी के 5 वर्ष से लेकर 59 वर्ष तक की छात्राओं ने हिस्सा लिया। विश्व रिकॉर्ड के दौरान गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से मनोज कुमार शुक्ला जज के रूप में मौजूद थे, साथ ही यूट्यूब की लिंक के द्वारा टेक्निकल टीम ने भी इसको वेरीफाई किया तथा रविवार को एकेडमी को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर भोपालवासी गौरान्वित है।



एक पेड़ मां के नाम

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

# सीजेआई ने पौधरोपड़ कर देश को जिम्मेदारी का अहसास कराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शनिवार को भारत के मुख्य न्यायधीश के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के कई जज भी शामिल हुए। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और सहित सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों ने दिल्ली के रिज स्थित पीबीजी मैदान में पौधरोपण किया। इस दौरान दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी वहां मौजूद रहे। उन्होंने संदेश दिया कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान को आज बड़ा बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस पी. श्री. नरसिम्हा, जस्टिस दीपांकर दत्ता, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस संजय करोल, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस केवी विश्वनाथन, जस्टिस एसवीएन भाटी सहित कई अन्य ने मां के नाम पौधे लगाए।



- पीएम मोदी ने कहा- वन महोत्सव में भागीदारी नागरिकों को प्रेरित करेगी
- मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के जजों ने भी लगाए पेड़
- दिल्ली सहित देशभर में पर्यावरण के संरक्षण का दिया संदेश

**वन मानवता की परंपरा के महत्वपूर्ण घटक**

### वन हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए: सीजेआई

पौधरोपण कार्यक्रम में सीजेआई गवई ने कहा कि वन केवल हमारे ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भी हैं। उन्होंने विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वह दिल्ली सरकार द्वारा वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत दिल्ली रिज स्थित पीबीजी मैदान में विशाल पौधरोपण अभियान में बोल रहे थे।

### विकास अहम लेकिन कीमत को समझना होगा

सीजेआई ने दिल्ली की प्रदूषण से सलाना लड़ाई का जिक्र करते हुए कहा कि अक्टूबर आते ही सभी चिंतित होने लगते हैं। विकास महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें इसके लिए चुकाई गई कीमत को भी समझना होगा। मानवता की परंपरा का हिस्सा रहे वन केवल हमारे ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भी हैं। वे दिल्ली के प्रदूषण को कम करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### सीजेआई ने की सभी से जिम्मेदारी निभाने की अपील

सीजेआई ने सतत विकास पर उच्चतम न्यायालय के निरंतर जोर और प्रदूषण नियंत्रण पर उसके ऐतिहासिक परामर्शों पर प्रकाश डाला और सभी हितधारकों से राजधानी के पर्यावरणीय संकट से निपटने में अपनी साझा जिम्मेदारी को पहचानने का आग्रह किया।



### पीएम मोदी ने न्यायाधीशों की भागीदारी को सराहा

अभियान में न्यायाधीशों की भागीदारी को पीएम मोदी ने भी सराहा है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि वन महोत्सव में न्यायाधीशों की भागीदारी हर किसी को प्रेरित करने वाली है। मुझे विश्वास है कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को इससे एक नई गति मिलेगी।

### सिरसा बोले- यह सशक्त संदेश

दिल्ली के वन मंत्री सिरसा ने सीजेआई वई और अन्य न्यायाधीशों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी उपस्थिति ने सामूहिक रूप से किए गए कार्य के महत्व का एक सशक्त संदेश दिया। सिरसा ने कहा कि जैसा कि प्रधान न्यायाधीश ने सही कहा है, दिल्ली के पर्यावरण की रक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### घोड़े से गिरकर घायल हुईं पूर्व मंत्री लेखी

**पिथौरागढ़।** कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल में शामिल पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी तिब्बत के दारचिन में घोड़े से गिरकर घायल हो गईं। उनकी कमर में गंभीर चोट आई है। उन्हें रेस्क्यू कर वापस लाया जाएगा। धारचूला के नाभिढांग से उन्हें हेलीकॉप्टर से देहरादून पहुंचाने की योजना है इसकी तैयारी प्रशासन ने की है।



### पिकअप को ट्रेलर ने मारी टक्कर, 4 की मौत

**बलिया।** यहां के नरहीं थाना क्षेत्र के तेतारपुर गांव से रविवार की दोपहर में 25 श्रद्धालु पिकअप वैन पर सवार होकर बाबा धाम जलाभिषेक करने जा रहे थे। बिहार के बेगूसराय में ट्रेलर ने पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में लाची देवी और हरेंद्र राजभर की मौके पर मौत हो गई। मुघुन राजभर और घुरूहू राम की बाद में मौत हुई।



### भूमि का बंटवारा से इनकार, 5 ने खाया जहर

**नालंदा।** जिले के पावापुरी में एक ही परिवार के 5 सदस्यों द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने के मामले में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। मृतक धर्मेंद्र कुमार, जो शेखपुरा जिले के पुरनकामा गांव के रहने वाले थे, लंबे समय से कर्ज और पारिवारिक विवाद से परेशान थे। धर्मेंद्र के सगोत्री के लोगों ने पुश्तैनी 9 बीघा जमीन को बांटने से मना किया था।



### 'केरल में कांग्रेस ने भाजपा के साथ किया गठबंधन'

**नई दिल्ली।** माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राज्य इकाई ने भाजपा के साथ गठबंधन किया है। जॉन ने राहुल के उस टिप्पणी पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे वैचारिक रूप से माकपा और संघ, दोनों से लड़ रहे हैं।



संसदीय कार्यमंत्री रिजिजू ने बताई सरकार की योजना

# 100 सांसदों ने कर दिए हस्ताक्षर, इसी सत्र में जस्टिस वर्मा के खिलाफ आएगा महाभियोग



संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसमें विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की प्लानिंग कर रहा है। दूसरी ओर दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले हुए नोटों का मुद्दा भी काफी अहम है। इस मामले पर पहले भी काफी वार-पलटवार हो चुके हैं।

**अदालत के पैनल ने कार्रवाई की सिफारिश की, जस्टिस ने शीर्ष कोर्ट में दी चुनौती**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसमें विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की प्लानिंग कर रहा है। दूसरी ओर दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले हुए नोटों का मुद्दा भी काफी अहम है। सुप्रीम कोर्ट की रिपोर्ट के जस्टिस वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव आने का अनुमान है। इसको लेकर ही अब संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने अहम टिप्पणी की है। दरअसल, संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले बताया कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए 100 से ज्यादा सांसदों ने अपनी सहमति पर हस्ताक्षर किए हैं। नकदी बरामदगी ने न्यायपालिका में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों को जन्म दिया, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने जांच शुरू की। 3 सदस्यीय पैनल ने उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की है और जज ने इसे शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

**खास बातें**

- समिति ने की थी इस मुद्दे पर जांच पड़ताल
- कमेटी ने दी कार्रवाई के लिए स्वीकृति
- घर में जली नकदी मिलने का मामला



### संसद की सर्वोच्चता को मिलेगी अहमियत

जस्टिस वर्मा के कैश कांड के बाद सत्ताधारी पार्टी के कई नेता सुप्रीम कोर्ट पर न्यायिक अतिक्रमण का आरोप लगाने और संसद की सर्वोच्चता को बढ़ावा देने का मामला सामने आया है। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार एक बेहद संवेदनशील मामला है और सभी राजनीतिक दल इस मुद्दे पर एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि रकार इसी सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी।

### इसके लिए सदन के दो-तिहाई सांसदों का समर्थन होना जरूरी

संविधान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के किसी भी जज को केवल सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार पर राष्ट्रपति के आदेश द्वारा ही पद से हटाया जा सकता है। ऐसे मामले में महाभियोग का प्रस्ताव तभी स्वीकार किया जाएगा, जब उसे राज्यसभा में कम से कम 50 सदस्यों या लोकसभा में कम से कम 100 सदस्यों का समर्थन प्राप्त हो। इस प्रस्ताव को पारित होने के लिए सदन के दो-तिहाई सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होगी।

### कांग्रेस भी इस मसले पर सरकार के साथ

इस मामले में कांग्रेस भाजपा के साथ आ गई है। सूत्रों ने बताया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित लगभग 35 लोकसभा सांसदों ने न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं।

### यह सभी सांसदों का काम, अकेले सरकार का नहीं

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जस्टिस वर्मा मामले में सभी पक्ष मिलकर प्रक्रिया अपनाएंगे। यह अकेले सरकार का कदम नहीं है। मामले को लेकर हस्ताक्षर की प्रक्रिया चल रही है और यह पहले ही 100 को पार कर चुका है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न दलों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की बैठकें बहुत अच्छी और प्रभावी रहीं और उन सभी अच्छे अनुभवों को राष्ट्र के सामने साझा किया जाना चाहिए।

### सभी दलों ने सरकार का साथ दिया

जस्टिस वर्मा वर्तमान में इलाहाबाद हाई कोर्ट में कार्यरत हैं। हालांकि उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है। दिल्ली हाई कोर्ट में जज रहने के दौरान उनके आवास से जली हुए नोटों की गड्डियां मिली थीं। इससे पहले रीजिजू ने शुक्रवार को कहा था कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दल एकमत हैं। न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से नोटों की जली हुई गड्डियां मिली थीं।

### आंतरिक जांच में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया

तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के आदेश पर हुई आंतरिक जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया है। न्यायमूर्ति वर्मा ने किसी भी गलत कार्य में संलिप्त होने से इनकार किया है, लेकिन सुप्रीम द्वारा गठित आंतरिक जांच समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां नकदी पाई गई थी। इससे यह साबित होता है कि मामला गंभीर है और उन्हें हटाया जाना चाहिए।

पीएनजीआरबी से घरेलू गैस उपभोक्ताओं को राहत



# सभी को एक समान रेट पर मिलेगी पाइपलाइन से गैस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गैस पाइप का उपयोग करने वाले घरेलू उपभोक्ता के लिए राहत की खबर है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे पाइप से मिलने वाली घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) की कीमत हर उपभोक्ता के लिए एक समान रखें, चाहे वह कितना भी गैस इस्तेमाल करे? सरकार शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को बाजार मूल्य से कम कीमत पर पीएनजी आवंटित करती है, ताकि वे इसे घरों में पाइप्ड प्राकृतिक गैस के रूप में बेच सकें। इसकी कीमत बाजार से कम होती है। यह सब्सिडी वाली गैस खास तौर पर घरेलू इस्तेमाल के लिए होती है ताकि आम लोगों को सस्ती दर पर रसोई गैस मिल सके। लेकिन पीएनजीआरबी ने पाया कि कुछ कंपनियां घरेलू उपभोक्ताओं पर टेलिस्कोपिक प्राइसिंग लागू कर रही हैं।

### कॉमर्शियल के चलते घरेलू उपभोक्ता प्रभावित

मामले में रेगुलेटर का कहना है कि यह तरीका गलत है, क्योंकि इससे कुछ कॉमर्शियल उपभोक्ता खुद को घरेलू उपभोक्ता बताकर सस्ती गैस का फायदा उठा सकते हैं। असली घरेलू उपभोक्ताओं को ज्यादा इस्तेमाल करने पर अनावश्यक रूप से ज्यादा बिल देना पड़ रहा है, जबकि कंपनियों को गैस एक ही रेट पर मिल रही है।

### खपत के पैटर्न की जांच भी की जाएगी

पीएनजीआरबी ने कहा कि हर घरेलू उपभोक्ता को गैस एक ही रेट पर दी जाए, चाहे वह कितनी भी गैस क्यों न इस्तेमाल करे। साथ ही सीजीडी कंपनियां खपत के पैटर्न की जांच करें और जिन उपभोक्ताओं की खपत असामान्य रूप से ज्यादा है, उनकी जांच कर उचित कार्रवाई करें। इससे गड़बड़ी और सब्सिडी के गलत इस्तेमाल को रोका जा सकेगा।

ईडी ने दो वकीलों को किया था तलब

# इस पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, आज सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों के वकीलों को तलब करने के मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने हाल ही में वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। इसे लेकर ईडी ने कहा कि उसने अपने जांच



अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ चल रही जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें। मनी लांड्रिंग मामलों की जांच कर रही ईडी ने एक आदेश जारी किया है। कहा गया कि किसी भी वकील को कोई समन जारी नहीं किया जाना चाहिए।

'शारदा' की छात्रा के सुसाइड में खुलासा

# प्रोफेसर ने चप्पल मारने और फेल करने की दी थी धमकी

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

यहां के शारदा विश्वविद्यालय के हॉस्टल में आत्महत्या करने वाली छात्रा ज्योति शर्मा अगस्त में होने वाली परीक्षा से पहले प्रोजेक्ट पर प्रोफेसरों के हस्ताक्षर नहीं करने से आहत थी। छात्रा की मां सुनीता के मुताबिक अगस्त में तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा होनी है।

छात्रा ने मेडिकल प्रोजेक्ट के तौर पर डेंचर (बत्तीसी) पर प्रोजेक्ट तैयार किया था। 30 नंबरों के इस प्रोजेक्ट पर विभाग के प्रोफेसरों के हस्ताक्षर होने थे। शुक्रवार को छात्रा



प्रोजेक्ट की फाइल पर हस्ताक्षर कराने के लिए गई थी। प्रोफेसरों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। छात्रा के प्रोजेक्ट की फाइल भी फेंक दी गई। प्रोफेसर ने चप्पल फेंककर मारने की बात कही। जिससे छात्रा आहत हो गई। मां का दावा है कि सारी बातें डीन को पता थी।

## केंद्रीय खेल मंत्री डॉ.मांडविया




### 'संडे ऑन साइकिल' रैली में दिया संदेश

**वाराणसी।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को वाराणसी के बीएचयू में 'फिट इंडिया' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने 'फिट इंडिया' मूवमेंट के तहत आयोजित किए गए 'संडे ऑन साइकिल' रैली का नेतृत्व किया। 'फिट इंडिया' मूवमेंट के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बीएचयू के छात्रों और ड्रग-फ्री यूथ कैंपेन के स्वयंसेवकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच फिटनेस और नशा-मुक्त जीवनशैली का संदेश देना है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थरूर का बड़ा बयान

सांसद देश को बनाने का जरिया

# राष्ट्र संकट में हो तो पार्टी हितों को छोड़कर देशहित और सुरक्षा सर्वोपरि

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. शशि थरूर ने कहा कि उनके लिए 'देश पहले है, पार्टी बाद में।' उन्होंने जोर देकर कहा कि राजनीतिक दल देश को बेहतर बनाने का जरिया होते हैं और सभी पार्टियों को उस मकसद तक पहुंचने के अपने-अपने तरीके अपनाने का हक है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर कोच्चि में शांति, सौहार्द्र और राष्ट्रीय विकास विषय पर एक निजी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

'मेरे लिए देश पहले, पार्टी बाद में'

### देश के प्रति निष्टा होनी चाहिए



थरूर ने कहा कि आपकी पहली निष्ठा किसके प्रति होनी चाहिए? मेरे हिसाब से देश के प्रति। राजनीतिक दल देश को बेहतर बनाने का एक माध्यम होते हैं। सभी पार्टियों का एक ही उद्देश्य होता है, देश को आगे ले जाना, भले ही तरीका अलग हो। उन्होंने ये भी कहा कि कुछ लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने हाल ही में सीमा से जुड़े मुद्दों और सशस्त्र बलों के मामलों में सरकार और फौज का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि मैं अपनी बात पर कायम रहूंगा।

### राष्ट्र हित में सभी दल साथ आएं

थरूर ने कहा कि राजनीति एक तरह की स्पर्धा है। हम अपने दलों की विचारधाराओं और मूल्यों का सम्मान करते हैं, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर पार्टियों को मिलकर काम करना चाहिए।

एयर इंडिया दुर्घटना के बाद टाटा समूह का अहम कदम

# टाटा संस ने पीड़ितों के लिए बनाया 500 करोड़ का ट्रस्ट



एजेंसी ▶▶ मुंबई

टाटा संस ने शुक्रवार को मुंबई में 500 करोड़ रुपए के एक पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन औपचारिक रूप से पूरा कर लिया। यह ट्रस्ट 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-171 की दुखद घटना के पीड़ितों को समर्पित है, जिसमें 260 लोग मारे गए थे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस ट्रस्ट का नाम 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' होगा।

**ट्रस्ट का नाम 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' होगा**

तत्काल और निरंतर सहायता मिलेगी



### टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स 250-250 करोड़ देंगे

टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स ने ट्रस्ट के परोपकारी कार्यों के लिए 500 करोड़ रुपए (दोनों ने 250-250 करोड़ रुपए) देने का संकल्प लिया है। इसमें मृतकों के लिए 1 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि, गंभीर रूप से घायलों का इलाज और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त भवनों की पुनर्निर्माण सहायता शामिल है।

### संकट को कम करने में मददगार

कंपनी ने कहा कि ट्रस्ट दुर्घटना के बाद अमूल्य संस्थागत सहायता और सेवा प्रदान करने वाले फर्स्ट रेस्पॉन्डर्स, मेडिकल और आपदा राहत पेशेवरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सरकारी कर्मचारियों को हुए किसी भी आघात या संकट को कम करने के लिए सहायता भी प्रदान करेगा।

### ट्रस्टियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी

ट्रस्ट का प्रबंधन और प्रशासन 5 सदस्यीय न्यासी बोर्ड द्वारा किया जाएगा। बोर्ड में नियुक्त शुरुआती दो ट्रस्टी टाटा समूह के पूर्व दिग्गज एस. पद्मनाभन और टाटा संस के जनरल काउंसल सिद्धार्थ शर्मा हैं। टाटा संस ने कहा कि अतिरिक्त ट्रस्टियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। कर अधिकारियों के साथ आवश्यक रजिस्ट्रेशन और वर्तमान में चल रही अन्य परिचालन औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद ट्रस्ट को फंड दिया जाएगा।

## दुनिया में 50 और भारत में 85% लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी | लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा

# त्वरित भुगतान में ग्लोबल लीडर बना भारत, बीते माह में यूपीआई से हुआ 24 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन

भारत में 49.1 करोड़ लोग यूपीआई का करते हैं उपयोग

18.39 अरब ट्रांजैक्शन में 24लाख करोड़ का लेनदेन

वैश्विक कंपनियों से ज्यादा यूपीआई से होता है लेनदेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




बीते महीने सालाना आधार पर यूपीआई लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पिछले साल जून में यूपीआई लेनदेन की संख्या 13.88 अरब थी। भारत त्वरित भुगतान में दुनिया में ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। यूपीआई से अकेले जून माह में 24.03 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन 18.39 अरब ट्रांजैक्शन के माध्यम से हुआ है। रविवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से जारी किए गए नोट में यह जानकारी दी गई। बीते महीने सालाना आधार पर यूपीआई लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पिछले साल जून में यूपीआई लेनदेन की संख्या 13.88 अरब थी। आईएमएफ की रिपोर्ट में बताया गया कि वर्तमान में भारत में सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत और दुनिया भर में सभी रियल टाइम डिजिटल भुगतानों में यूपीआई की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि अब यह प्रतिदिन 64 करोड़ से ज्यादा लेनदेन संभालता है। जो वीजा जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों से कहीं ज्यादा है। जो प्रतिदिन लगभग 63.9 करोड़ लेनदेन संभालती हैं।

### बन सकता है गेम चेंजर

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इसे स्वीकार कर लिया जाता है, तो इससे सीमा पार भुगतान तेज, सस्ता और अधिक सुरक्षित हो सकता है, जिससे वैश्विक डिजिटल लीडर के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को सरल, तेज और सुलभ बना दिया है। मोबाइल फोन पर बस कुछ ही टैप से, यूजर्स व्यापारियों को भुगतान कर सकते हैं। दोस्तों को पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं, या अपने बैंक खातों का प्रबंधन कर सकते हैं। इसकी सुविधा और गति ने इसे व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बना दिया है।

### 7 देशों के लोग कर रहे यूपीआई का इस्तेमाल

*आईएमएफ की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की सफलता वर्षों के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और समावेशी विकास के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग की एक मजबूत विजन का परिणाम है। यूपीआई की शुरुआत एक पेमेंट सिस्टम के रूप में हुई थी। अब पब्लिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में एक वैश्विक मानक बन गया है। यूपीआई का प्रभाव केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। यह पहले से ही संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस सहित सात देशों में मौजूद है। फ्रांस में इसकी शुरुआत यूरोप में इसके प्रवेश का प्रतीक है।*

### साढ़े 6 करोड़ व्यापारी करते हैं उपयोग

*यह उपलब्धि काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूपीआई केवल नौ वर्षों में इस मुकाम तक पहुंच गया है। यूपीआई प्लेटफॉर्म वर्तमान में 49.1 करोड़ व्यक्तियों और 6.5 करोड़ व्यापारियों को सेवाएं प्रदान करता है और 675 बैंकों को एक ही सिस्टम से जोड़ता है। इसने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिससे देशभर के लोगों विशेष रूप से ग्रामीण और छोटे शहरों के लोगों को आसान और किफायती तरीके से डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिली है।*

## खबर संक्षेप

### किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों की आतंकियों से मुठभेड़


**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद की आतंकियों की घेरेबंदी की है।



सुरक्षाबलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ देर रात तक चलती रही। शुरुआती जानकारी के अनुसार जैश ए मोहम्मद के काफी आतंकियों के इलाके में छिपे होने की आशंका है। यह मुठभेड़ किश्तवाड़ जिले के दच्छन इलाके में चल रही है। जम्मू कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद से सुरक्षा एजेंसियां लगातार हाई अलर्ट पर हैं। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनात की भी गई है। जम्मू कश्मीर में एक यह कार्रवाई एक गोपनीय सूचना पर की गई।

### 20 साल से कोमा: सऊदी के स्लीपिंग प्रिंस नही रहे

**दुबई।** सऊदी अरब के प्रिंस अल वलीद बिन खालिद बिन तलाल अल सऊद का शनिवार को निधन



हो गया। वे पिछले 20 साल से कोमा में थे। उन्हें स्लीपिंग प्रिंस (सोते हुए राजकुमार) के नाम से जाना जाता था। प्रिंस अल वलीद सऊदी अरब के राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य प्रिंस खालिद बिन तलाल के बेटे और अरबपति प्रिंस अल वलीद बिन तलाल के भतीजे थे। उनका जन्म अप्रैल 1990 में हुआ था। साल 2005 में, लंदन में मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान उनका भयानक सड़क हादसा हुआ।

### दवा के बदले यौन संबंध की मांग, डॉक्टर गिरफ्तार


**न्यूजर्सी।** यहां भारतीय मूल के डॉक्टर पर कई चिकित्सा धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। जैसे कि वैध



चिकित्सा उद्देश्य के बिना ओपिओइड वितरित करना। ओपिओइड दवाओं के बदले में मरीजों से यौन संबंध बनाने की मांग करना, तथा ऐसे दौरे के लिए बिल बनाकर न्यू जर्सी मेडिकेड को धोखा देना, जो कभी हुआ ही नहीं। 51 वर्षीय रितेश कालरा अब घर पर नजरबंद हैं और उन्हें चिकित्सा पद्धति अपनाने तथा दवा लिखने से प्रतिबंधित कर दिया गया है तथा मामला लंबित रहने तक उन्हें अपनी चिकित्सा पद्धति बंद करनी होगी।

### रूस में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**मॉस्को।** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रविवार को रूस के सुदूर पूर्व के तट पर कई



शक्तिशाली भूकंप आए। जिससे सुनामी की चेतावनी जारी हो गई। पहले रिक्टर स्केल पर 5.0 तीव्रता और 6.7 तीव्रता वाले भूकंप आए जिसके बाद सुनामी की चेतावनी नहीं दी थी। लेकिन इसके बाद जैसे ही 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, चेतावनी देनी पड़ी कि खतरनाक सुनामी लहरें संभव हैं। इसमें कहा गया है कि पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से दूर, प्रशांत महासागर में भूकंप के केंद्र के 300 किमी के दायरे में तटीय क्षेत्रों के लिए लागू किया गया है।

## लोग अपने परिवार को बचाने की जद्दोजहद करते दिखे

# 300 यात्रियों से भरे जहाज में लगी आग यात्री बच्चों को गोद में लेकर कूदे

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया में एक समुद्री जहाज में भीषण आग लग जाने से 300 से ज्यादा यात्रियों की जान आफत में फंस गई। वीडियो में भयानक आग का मंजर देखा जा सकता है। आग काफी तेजी से पूरी जहाज को अपनी चपेट में



ले लिया जिसमें से ऊंची लपटें और काला धुआं साफ दिखाई दिया। इस जलती हुई फेरी से 280 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। जबकि बच्चे सहित 18 लोग घायल हो गए हैं। जबकि काफी संख्या में लोग लापता भी बताए जा रहे हैं।

जहाज में भीषण आग लगने के बीच फंसे यात्रियों ने समुद्र में छलांग लगाना शुरू कर दिया। वीडियो में लोगों को समुद्र में कूदते देखा जा सकता है। यह आग इंडोनेशिया के तट के पास एक फेरी में लगी। इसके बाद उसमें सवार यात्रियों के बीच भयानक अफरातफरी मच गई। जहाज पर सवार 280 से अधिक लोग जान बचाकर निकलने में कामयाब रहे।

लापता लोगों की तलाश की जा रही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुतबिक, एक अधिकारी ने पुष्टि की कि राहत बचाव के लिए घटनास्थल की तरफ केएम बार्सिलोना 3, केएम वेनेशियन और केएम कैंटिका लेस्टारी 9एफ जहाज को रवाना किया गया। इसके साथ ही मछली पकड़ने वाली नौकाएं और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

इंडोनेशिया में एक समुद्री जहाज में भीषण आग लग जाने से 300 से ज्यादा यात्रियों की जान आफत में फंस गई। वीडियो में भयानक आग का मंजर देखा गया। आग ने काफी तेजी से पूरी जहाज को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें से ऊंची लपटें और काला धुआं साफ दिखाई दिया।

### स्थानीय प्रशासन और सेना के जवान बचाव कार्य में जुटे

### शुरू किया गया तलाशी अभियान

**मछली पकड़ने वाली नावों ने बचाई जान**

फुटेज में लोग मदद के लिए चिल्ला रहे हैं। क्योंकि आग पूरे जहाज को चीरती हुई दिखाई दे रही है और घना, काला धुआं आसमान में उठता हुआ दिखाई दे रहा है। पास के टैलिस द्वीप से गुजर रही कई मछली पकड़ने वाली नौकाओं ने कुछ जीवित बचे लोगों को पानी से बचाया और अपनी नावों चढ़ाकर किनारे तक लाए।

**हादसे की फुटेज हुई वायरल**

फुटेज में नाव पर सवार लोगों जान बचाने के लिए समुद्र में कूदते दिखाया गया है, जिनमें से अधिकांश ने लाइफ सेफ्टी जैकेट पहन रखी है, लेकिन कुछ ने नहीं पहनी थी। कई यात्री बिना जैकेट के ही समुद्र में कूद गए हैं। एक महिला द्वारा फिल्माए गए एक वीडियो में, जो आग से लगभग 10 से 15 मीटर दूर तैरकर पहुंची थी। तस्वीरों में नाव पर सवार लोगों की हताशा का पता चलता है।



### कितने लोगों की हुई मौत

*इस जहाज पर 300 से 500 के बीच सवारों की संख्या होने की आशंका जाहिर की जा रही है। काफी लोग लापता बताए जा रहे हैं। हालांकि अभी तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों और बचाव दल ने आग पर काबू पा लिया है और लापता लोगों की खोज जारी है। हादसे के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है।*

## आ रहा है आसमान का शिकारी!



# अपाचे की एंट्री से थरथर कांपेगा दुश्मन, ताकत उड़ाएगी होश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

15 महीने से ज्यादा की देरी के बाद भारतीय सेना को आखिरकार अपाचे एएच-64ई अटैक हेलिकॉप्टरों की पहली खेप मिलने वाली है।

ये डिलीवरी पश्चिमी सीमा पर सेना की ताकत बढ़ाने और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशनों में एयर स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

डिलीवरी शेड्यूल से वाकिफ सूत्रों के अनुसार, पहले तीन हेलीकॉप्टर 22 जुलाई को भारतीय सेना की एविएशन कोर को सौंपे जाने की संभावना है।

**आज या कल जोधपुर पहुंच जाएंगे हेलीकॉप्टर**

### कई मायनों में खास

एएच-64ई अपाचे दुनिया के सबसे एडवांस्ट मल्टी-रोल अटैक हेलिकॉप्टर्स में से एक है, जो दुर्गम इलाकों में भी हाई इम्पैक्ट वाले हमले करने में सक्षम है। अमेरिकी रक्षा कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित, अपाचे पहले से ही संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, मिस्र और अब भारत में सेवा में है। भारत ने 2015 के एक सौदे के तहत भारतीय वायु सेना के लिए 22 अपाचे खरीदे थे। फरवरी 2020 में रक्षा मंत्रालय ने छह और अपाचे के लिए 60 करोड़ डॉलर के कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी दी। इस बार विशेष रूप से भारतीय सेना के लिए।

### 6 अपाचे की खरीद, पहले 3 आएंगे

ये हेलीकॉप्टर आज या कल यानी 21 या 22 जुलाई तक जोधपुर पहुंच जाएंगे। इस दौरान आधिकारिक तौर पर सौंपे जाने से पहले इनका संयुक्त रसीद निरीक्षण (जेआरआई) किया जाएगा। ये भारतीय सेना के एविएशन कॉर्प्स के लिए खरीदे जा रहे छह अपाचे हेलीकॉप्टरों में से पहले तीन हैं। पश्चिमी सीमा पर इनकी तैनाती के लिए जोधपुर में एक समर्पित स्क्वाड्रन पहले ही तैयार किया जा चुका है।

## शुभांशु ने पोस्ट किया आईएसएस का वीडियो

# तेज होने के लिए कभी-कभी धीमा होना भी काफी जरूरी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा



किया है। इस वीडियो में शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर योग करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ शुभांशु ने लिखा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने के बाद से ही तय समयसीमा में अपने कामों और प्रयोगों को करने में व्यस्त थे।

### छोटी सी गड़बड़ी भी अंतरिक्ष में भारी

शुरुआत में यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि आप सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) में चलना सीख रहे होते हैं और स्टेशन के बारे में जान रहे होते हैं। शुभांशु शुक्ला ने लिखा कि यह वीडियो मिशन के कुछ दिनों बाद का है जब मैं आखिरकार अपनी गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण कर पा रहा था। मैं बस स्थिर रहना चाहता था, कोई भी छोटी सी गड़बड़ी अंतरिक्ष में आपके शरीर को हिला सकती है और पूरी तरह से स्थिर रहने के लिए बेहद कौशल की जरूरत होती है।

## मॉस्को पर यूक्रेन का बड़ा हमला

# 134 फ्लाइट डायवर्ट, पुतिन 2,000 ड्रोन से देंगे जवाब

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस की राजधानी मॉस्को समेत कई शहरों पर यूक्रेन ने बड़ा हमला बोला है। इसकी वजह से हवाई सेवा बाधित हो गई है। करीब 134 फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है। यूक्रेन ने मॉस्को पर 19 कामिकेज ड्रोन दागे हैं। इनमें से कुछ ड्रोन ऊंची इमारतों से टकराए हैं। यूक्रेन ने रूस पर कुल 93 कामिकेज ड्रोन से हमले बोले थे। इन हमलों से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तिलमिला उठे हैं। अब रूस यूक्रेन पर 2000 ड्रोनों से हमले की तैयारी कर रहा है।

### मॉस्को के आसपास हुए बड़े हमले

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बाद में कहा कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर रात भर में नौ क्षेत्रों में 93 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से 19 मॉस्को ओब्लास्ट क्षेत्र में थे। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी सेना ने रविवार तड़के मॉस्को और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए हैं। रूसी टेलीग्राम चैनलों के अनुसार, जेलेनोग्राद के उपनगरीय शहर के निवासियों ने विस्फोटों की आवाज सुनने की सूचना दी। धमाकों से कुछ इमारतों को नुकसान पहुँचा।


## प्लास्टिक प्रदूषण से मिलेगी राहत

# वैज्ञानिकों ने अमेजन के जंगलों में खोजा प्लास्टिक खाने वाला फंगस

येल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अमेजन में यह फंगस खोजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्लास्टिक प्रदूषण आज के सबसे गंभीर पर्यावरणीय संकटों में से एक है। हर साल लगभग 8 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा समुद्रों में पहुंचता है, जिससे समुद्री जीवन, पारिस्थितिकी और भूमि प्रदूषण पर गंभीर असर पड़ता है। खासतौर पर पॉलीथीन (पीई) और पॉलीयूरीथेन (पीयू) जैसे गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का निपटान बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। जर्मनी की लेक स्टेचलिन में वैज्ञानिकों द्वारा की गई हालिया खोज ने दुनिया को एक नई उम्मीद दी है।



वैज्ञानिकों ने ऐसे फंगस (कवक) की खोज की है जो सिंथेटिक पॉलिमर पर ही विकसित होता है और प्लास्टिक को खाकर बायोमास बना सकता है। ये फंगस विशेष परिस्थितियों जैसे तापमान, सूक्ष्म पोषक तत्व आदि पर निर्भर करता है और प्लास्टिक को ऊर्जा स्रोत के रूप में उपयोग करने में सक्षम है।

### विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को नष्ट करने में सक्षम

*यह खोज तेजी से बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए एक क्रांतिकारी समाधान हो सकती है। 2011 में येल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अमेजन वर्षावन में यह फंगस की खोज की थी, जो ऑक्सीजन रहित परिस्थितियों में पॉलीयूरीथेन प्लास्टिक को पचा सकता है। इस खोज ने आगे चलकर विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को नष्ट करने में सक्षम फंगस प्रजातियों पर रिसर्च का रास्ता खोला।*

## लक्षद्वीप के अन्य इलाकों में बसाए जाने की चल रही प्रक्रिया

# तैयारी: बिट्रा द्वीप का अधिग्रहण करने जा रही सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार लक्षद्वीप के 'बिट्रा द्वीप' के अधिग्रहण की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक इस द्वीप का इस्तेमाल रक्षा उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यहां पर रहने वाले लोगों को भी विस्थापित किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें लक्षद्वीप के अन्य इलाकों में बसाया जाएगा।

वहीं लक्षद्वीप से सांसद हमदुल्ला सईद ने सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध किया है। सांसद हमदुल्ला सईद ने बिट्रा के स्थानीय निवासियों को अपना पूरा समर्थन देते हुए आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव का विरोध करने के लिए वे राजनीतिक और कानूनी रास्ते अपनाएंगे।

भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम के तहत मिलेगा मुआवजा

बिट्रा लक्षद्वीप का सबसे छोटा आबादी वाला द्वीप



### सांसद हामदुल्ला सईद ने किया विरोध

पिछले सप्ताह जारी अधिसूचना में बताया गया है कि यह कदम द्वीप की रणनीतिक स्थिति, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इसकी प्रासंगिकता और वहां की नागरिक आबादी से जुड़ी प्रशासनिक व रसद संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखकर उठाया गया है। क्षेत्रीय प्रशासन 2013 के भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम के तहत उचित मुआवजा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए द्वीप का अधिग्रहण करेगा। इस बीच, लक्षद्वीप के सांसद हामदुल्ला सईद ने बिट्रा द्वीप को अधिग्रहित करने के कदम का कड़ा विरोध किया है।

### एकतरफा कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ

उन्होंने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की भी मांग की। सईद ने बताया कि रक्षा उद्देश्यों के लिए आवश्यक भूमि सरकार द्वारा कई द्वीपों पर पहले ही अधिग्रहित कर ली गई है। दशकों से स्थायी आबादी वाले बिट्रा द्वीप को निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इस तरह की कार्रवाई बिना स्थानीय निवासियों से किसी भी प्रकार की बातचीत के की जा रही है, ये पूरी तरह गलत है।

## कश्मीर जाने वाला रास्ता बंद

# जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर समरौली के पास भूस्खलन



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-श्रीनगर हाईवे राज्य का एकमात्र प्रमुख संपर्क मार्ग है, जो जम्मू को कश्मीर घाटी से जोड़ता है। ऐसे में इस मार्ग पर भूस्खलन से न केवल यात्री परेशान हैं, बल्कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है।

### जेसीबी हटा रही रास्ते का मलबा


इससे वाहनों के चालक व यात्री परेशान होते रहे। सड़क पर पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थरों के साथ मलबा भी गिरा था। इससे सड़क पूरी तरह से बंद हो गई थी। एकतरफा भी वाहनों को नहीं निकाला जा सकता था। सूचना मिलने के बाद विभागीय टीम जेसीबी और कर्मचारियों के साथ पहुंच गई। जेसीबी की मदद से सड़क से बड़े-बड़े पत्थरों को हटाया। साथ ही मलबा साफ किया गया। इसके बाद वाहनों को दोनों तरफ से निकाला जाना शुरू कर दिया गया।



# हमारे राम में रावण बने आशुतोष राणा

**मुंबई।** आशुतोष राणा बॉलीवुड में कई किरदार निभाने के लिए मशहूर रहे हैं। फिल्मों में उन्होंने सबसे ज्यादा नेगेटिव गिरदार निभाए हैं। अनुभवी अभिनेता इन दिनों नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका निभाकर मंच पर सबका दिल जीत रहे हैं। अपने अनुभव के बारे में बताते हुए, राणा ने बताया कि यह नाटक मनोरंजन से कहीं ज्यादा है। उन्होंने नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका और उसके महत्व के बारे में बात की है। आशुतोष राणा ने कहा 'अगर हम अपनी जिंदगी में भगवान राम की इस कहानी को अपनाते हैं, तो जिंदगी की सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं।

लाइफ Style



# उर्फी पैपराजी से चेहरा छिपाती आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्फी जावेद का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पैपराजी के सामने से भागती नजर आ रही हैं। वह पोज देने से भी बचती दिख रही हैं। उर्फी का कहना था कि उनके होंठ काफी सूज गए हैं। इसकी वजह वह पैपराजी को नहीं बताती हैं। लेकिन ,अपने इंस्टाग्राम पर इस प्रॉब्लम को डिस्कस करती हैं।

वायरल वीडियो से इतर उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक पोस्ट साझा की है। जिसमें वह लिखती हैं, '18 साल की उम्र से मैं लिप फिलर ट्रीटमेंट ले रही हूं। हाल ही में मैंने इन्हें रिमूव करवाया है।'उर्फी कुछ दिन बिना लिप फिलर के ही नजर आएंगी। जल्द ही दोबारा इस ट्रीटमेंट को ले सकती हैं। इसी कारण से उनके होंठ सूज गए हैं। कई बार एलर्जी के कारण भी उर्फी के साथ ऐसा होता है। उर्फी अक्सर ही एलर्जी का शिकार भी होती हैं, जिससे उनके चेहरे पर सूजन आ जाती है। इस इंफ्लुएंसर ने बताया है कि वह इस दिक्कत का ट्रीटमेंट भी ले रही हैं। मगर जब-तब उनको यह समस्या आ जाती है।

हाल ही में उर्फी जावेद ने रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स'जीता है। इस शो को जीतने के कारण वह चर्चा में आईं। सोशल मीडिया पर उर्फी की खूब ट्रोलिंग भी हुई। साथ ही उन्हें कई यूजर्स ने भला-बुरा भी कहा, गालियां तक दी हैं। इस बात को उर्फी ने खुलकर सोशल मीडिया पर साझा किया था। कुछ समय पहले उर्फी की लाइफ को लेकर एक रियालिटी शो 'फॉलो कर लो यार'आया था। इसमें उन्होंने अपनी जिंदगी को दिखाया था। साथ ही अपनी लाइफ, स्ट्रगल से जुड़ी कई बातें भी साझा की थी।

## हॉलीवुड मसाला



# जोश ने ब्रायना से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश लुकास, जो 'येलोस्टोन' और 'स्वीट होम अलबामा' फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने हाल ही में टीवी मौसम विज्ञानी ब्रायना रफैलो से वेटिकन सिटी में शादी कर ली। यह निजी समारोह उनके करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में हुआ। दोनों 2022 से एक-दूसरे के साथ थे। 34 साल की ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, श्रीमान और श्रीमती। कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी में यह पवित्र संस्कार करके हम बहुत खुश और धन्य हैं।



# लाइव परफॉर्मेंस के दौरान गिरते-गिरते बचीं

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी पॉप सिंगर कैटी पेरी का हालिया परफॉर्मेंस उनके लिए किसी डरावने अनुभव से कम नहीं रहा। कॉन्सर्ट के दौरान वो लगभग परफॉर्म करते-करते गिरने वाली थीं, गनीमत रही कि उन्होंने खुद को संभाल लिया और बड़ा हादसा होने से टल गया। सैन फ्रांसिस्को में चल रहे 'लाइफटाइम्स टूर'के दौरान सिंगर एक विशाल तितली के आकार वाले प्रॉप पर बैठकर अपनी हिट सॉन्ग रॉर परफॉर्म कर रही थीं, तभी अचानक उसी प्रॉप में तकनीकी खराबी हो गई। प्रॉप हवा में झूल रहा था, तभी वो अपना बैलेंस खो बैठा और कैटी लगभग नीचे गिरने वाली थीं। लेकिन, कैटी ने अपने आप को शांत रखते हुए अपना गाना नहीं छोड़ा। सिंगर के इसी प्रोफेशनलिज्म की फैंस तारीफ कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# रावण के नजरिए से बनेगी रामायण

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म 'रामायण' का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होने वाली है। इस पर अभी काम चल रहा है। अभिनेता विष्णु मांचू ने भी हाल ही में खुलासा किया है कि उनके पास भी एक स्क्रिप्ट तैयार है। लेकिन, रामायण का उनका संस्करण रावण के जीवन पर केंद्रित है। नयनदीप रक्षित के साथ बातचीत में विष्णु मांचू से पूछा गया कि वह कहानी के हिसाब से किसे कास्ट करेंगे। इस पर उन्होंने कहा 'भगवान राम की भूमिका के लिए मेरे दिमाग में सबसे पहले अभिनेता सूर्या का नाम आता है।' सीता की भूमिका के लिए, उन्होंने आलिया भट्ट को चुना। उन्होंने खुलासा किया 'मेरे पास रावण के बारे में एक स्क्रिप्ट पहले से ही है। इसमें उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक की कहानी है।



# वीकएंड पर आई सैयारा की आंधी

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें से कुछ ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया तो कुछ फिल्मों का प्रदर्शन फीका रहा। अहान पांडे की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अहान पांडे की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला है। फिल्म ने दूसरे दिन भी अच्छी कमाई की है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा ने पहले दिन 21 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 24 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इस तरह से फिल्म ने अब तक 45 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। 18 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में अनीता पड्डा भी अहम किरदार में हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पहले ये कॉमेडी सीरियल भी हुए खूब फेमस

**नई दिल्ली।** कई साल से कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। लेकिन, यह अकेला कॉमेडी शो नहीं है जो चर्चा में है। 90's में कई कॉमेडी सीरियल टेलीकास्ट हुए जिनकी चर्चा आज तक होती है। आज सास-बहू के नाम पर टीवी सीरियल में ड्रामा, साजिश दिखाई जाती है। लेकिन 1996 के सीरियल 'तू तू मैं मैं' में सास-बहू की नोक-झोंक को कॉमेडी के अंदाज में दिखाया जाता है। साथ ही सास-बहू के बीच की प्यारी बॉन्डिंग भी इस सीरियल में नजर आती थी। 'तू तू मैं मैं' में सास के रोल में रीमा लागू और बहू के रोल में सुप्रिया पिलगांवकर थीं। साल 1989 में टेलीकास्ट हुए सटायर कॉमेडी सीरियल 'फ्लॉप शो' में कॉमेडियन जसपाल भट्टी ने दर्शकों को खूब हंसाया। वह सीरियल में एक तरफ हंसी का तड़का लगाते थे, वहीं सिस्टम, सोसायटी और पॉलिटिक्स पर सटायर भी करते थे। इस शो में उनका साथ पत्नी सवित भी देती थीं। आर. माधवन आज बॉलीवुड और साउथ के चर्चित एक्टर हैं लेकिन उनकी शुरुआत टीवी से हुई। माधवन ने कॉमेडी सीरियल 'घर जमाई(1997)' में दर्शकों को खूब हंसाया। इस सीरियल में एक पंजाबी ससुर और दक्षिण भारतीय दामाद के रिश्ते की कहानी दिखाई जाती थी। माधवन के किरदार सुब्बू की पत्नी के रोल में मंदिरा बेदी नजर आई थीं।

## तुलसी ने याद दिलाया मां-पत्नी-बहू का फर्ज

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी... टीवी की वो शो है, जो सालों पहले बंद हो गया, लेकिन उसकी कहानी और किरदारों की चर्चा आज भी खूब होती है। टीवी क्वीन एकता कपूर के इस शो लोगों ने खूब प्यार दिया था। लोगों को प्यार को देख एकता एक बार फिर से 'शांति निकेतन की यादों को ताजा करने के लिए 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ला रही हैं। शो का पहला प्रोमो सामने आने के बाद फैंस शो के लिए एक्साइटेड थे। अब मेकर्स ने दूसरे प्रोमो के साथ एक्साइटमेंट लेवल को और हाई कर दिया है। क्योंकि, उन्होंने शो की रिलीज डेट के साथ टाइमिंग का भी ऐलान कर दिया है। शो में एक बार फिर स्मृति ईरानी नजर आने वाली हैं।



स्टार प्लस ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शो का टीजर रिलीज किया है। इसमें स्मृति ईरानी की झलक है। उनकी एंट्री के साथ बैकग्राउंड से आवाज आती है, 'कभी-कभी सोचती हूं, अपने वो नहीं जो तस्वीरों में साथ खड़े होते हैं। अपने वो हैं जो तकलीफों में साथ खड़े होते हैं। लगता है जैसे कल की ही बात हो जब मैं शांति निकेतन आई थी, जहां एक छत के नीचे रहकर भी दिलों में फासले थे. कभी बच्चे राह से भटके, कभी बहू-बेटियों में फर्क किया गया, पर एक मां-पत्नी और बहू का फर्ज कहता है उसूलों के साथ प्यार हो तो परिवार जुड़ा रहता है।


# छह महीनों में 17 फिल्मों ने किया 100 करोड़ का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ की कई फिल्में 2025 में रिलीज हो चुकी हैं। जबकि साल के सेकंड हाफ यानी जुलाई से दिसंबर में अभी कई बड़ी फिल्में रिलीज होनी बाकी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि पिछले 6 महीनों में कौनसी फिल्में हैं, जिन्होंने 100 करोड़ का आंकड़ा बॉक्स ऑफिस पर पार किया है। वहीं इनमें बॉलीवुड की कितनी हैं? साउथ से कितनी हैं और हॉलीवुड से कितनी हैं? दरअसल एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 के पहले छह महीनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 17 फिल्मों ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। इसमें आठ बॉलीवुड की फिल्में हैं, जबकि हॉलीवुड की एक और साउथ की नौ फिल्में शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक लिस्ट में पहले नंबर पर छावा है, जिसने 693 करोड़ की कमाई भारत में की है। वहीं, अन्य बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर ने 201 करोड़, हाउसफुल 5 ने 200 करोड़, रेड 2 ने 199 करोड़, स्काई फोर्स ने 130 करोड़, सिकंदर ने 121 करोड़, केसरी चैप्टर 2 ने 109 करोड़ और जाट ने 103 करोड़ की कमाई की है। साउथ की फिल्मों को देखें तो लिस्ट में दूसरे नंबर पर सांक्रितिकी वास्तुनम है, जिसने 222 करोड़ की कमाई की थी। इसके बाद गुड बैड अग्ली ने 183 करोड़, गेम चेंजर ने 153 करोड़, थुडरुम ने 144 करोड़, एल2ई एम्पुरान ने 126 करोड़, ड्रैगन ने 122 करोड़, डाकू महाराज ने 109 करोड़, कुबेरा ने 106 करोड़ की कमाई हासिल की है। हॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग ने 121 करोड़ की कमाई भारत में हासिल की है। जबकि जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वही, सुपरमैन भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।



# नसीरुद्दीन शाह की रोमांटिक फिल्में इन किरदारों से जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** नसीरुद्दीन शाह हिंदी सिनेमा के उन दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने हर तरह के किरदार को अपनी शानदार अदाकारी से जीवंत किया है। चाहे कैसा भी किरदार क्यों न हो नसीरुद्दीन शाह का अभिनय उस किरदार में जान फूंक देता है। गंभीर रोल हो, खलनायक की भूमिका हो या फिर रोमांटिक किरदार, नसीरुद्दीन ने हर बार दर्शकों का दिल जीता है। आइए, जानते हैं उनकी कुछ खास फिल्मों के बारे में, जहां उन्होंने रोमांटिक किरदार निभाकर सभी का दिल जीत लिया।



**स्पर्श** : 1980 में आई सई परांजपे के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्पर्श' में नसीरुद्दीन शाह ने अनिरुद्ध परमार का किरदार निभाया। यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जिसमें नसीर एक नेत्रहीन स्कूल प्रिंसिपल बने, जो कविता (शबाना आजमी) से प्यार कर बैठते हैं। दोनों के बीच स्पर्श के जरिए पनपने वाला प्यार दर्शकों को बहुत पसंद आया। इस फिल्म के लिए नसीर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।

**बाजार** : सागर सरहदी की फिल्म बाजार 1982 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने सलीम का किरदार निभाया। यह फिल्म सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ प्यार की भावनाओं को भी दिखाती है। नसीर के किरदार और स्मिता पाटिल, फारुख शेख जैसे कलाकारों के साथ उनकी केमिस्ट्री ने इस फिल्म को यादगार बना दिया।

**इश्किया** : फिल्म इश्किया में नसीरुद्दीन ने खालूजान का किरदार निभाया है, जो एक चालाक लेकिन दिल से रोमांटिक ठग है। यह फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कृष्णा (विद्या बालन) के साथ उनकी केमिस्ट्री और मजेदार संवाद दर्शकों को खूब पसंद आए। नसीरुद्दीन ने इस किरदार में कॉमेडी और रोमांस का शानदार तालमेल दिखाया।

**द डर्टी पिक्चर** : फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' में नसीरुद्दीन ने सूर्यकांत का किरदार निभाया, जो एक मशहूर फिल्म स्टार है। रेशमा उर्फ सिल्क (विद्या बालन) के साथ उनके रोमांटिक और जटिल रिश्ते को नसीरुद्दीन ने बखूबी पेश किया। उनका यह किरदार प्रेम, महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की भावनाओं को दर्शाता है। यह फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी।

**मासूम** : शेखर कपूर की फिल्म 'मासूम' 1983 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने एक शादीशुदा व्यक्ति का किरदार निभाया, जिसकी जिंदगी में प्यार और जिम्मेदारियों का तालमेल दिखाया गया। उनके संजीदा और रोमांटिक अंदाज ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस फिल्म में शबाना आजमी और सुप्रिया पाठक के साथ उनकी जोड़ी को खूब सराहा गया।

### पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर जैसी फिल्मों में किया था बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम

# डॉन के प्रोड्यूसर के पास नहीं बची थी फूटी कौड़ी, चंद्र बरोट ने पूरी की शूटिंग

*__नई दिल्ली।__ अमिताभ बच्चन की 1978 की कल्ट क्लासिक फिल्म डॉन के निर्देशक चंद्र बारोट का रविवार, 20 जुलाई को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। डायरेक्टर चंद्र बारोट का जन्म तंजानिया में हुआ था और वो वहीं बड़े हुए थे। वहां बैंक में काम करने के बाद, उन्होंने भारत आने का फैसला किया. यहां मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। चंद्र ने न केवल भारतीय सिनेमा को कल्ट क्लासिक डॉन दी, बल्कि पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर और रोटी कपड़ा और मकान जैसी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान अभिनीत फिल्म 'डॉन (1978)' भारतीय सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्मों में से है। इस फिल्म का निर्देशन चंद्र बरोट ने किया था। यह फिल्म इतनी कामयाब रही थी कि इसी के नाम पर दो और फिल्में बनी हैं। आइए जानते हैं इस फिल्म से जुड़े कुछ किस्से।*

## नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए बनाई गई डॉन

डॉन'फिल्म को बनाने का काम तब शुरू हुआ जब अभिनेता-निर्माता नरीमन ईरानी की फिल्म 'जिंदगी जिंदगी' (1972) असफल हो गई। इसकी नकामी के बाद ईरानी कंगाल हो गए। नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए निर्देशक चंद्र बरोट ने उनकी इस फिल्म में अपना हाथ लगाया। फिल्म में अमिताभ बच्चन को कास्ट किया गया। इसकी पटकथा के लिए सलीम-जावेद से हाथ मिलाया गया है। इसके बाद यह फिल्म बनाई गई।

## अमिताभ ने फीस नहीं लेने का किया वादा

बताया जाता है कि नरीमन ईरानी उन दिनों 12 लाख रुपए के कर्ज में थे। उस वक्त यह बड़ी रकम थी। ऐसे में कर्ज से उबरने के लिए अमिताभ बच्चन, जीनत अमान और चंद्र बरोट ने उन्हें एक और फिल्म बनाने की सलाह दी। उस वक्त नरीमन ईरानी से अमिताभ बच्चन ने कहा था कि अगर उनकी फिल्म हिट होती है, तो वह अपनी फीस लेंगे वरना वह फिल्म में काम करने का काई पैसा नहीं लेंगे। ऐसे में ईरानी फिल्म बनाने को राजी हो गए। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी चंद्र बरोट ने संभाली।



**अमिताभ और बरोट को पसंद आई कहानी** : नरीमन ईरानी जब कहानी लेकर आए तो चंद्र बरोट ने इस पर काम करना शुरू किया। यह कहानी अमिताभ और चंद्र बरोट दोनों को पसंद आई। इस कहानी को पहले से ही लोग 'डॉन' कहानी के नाम से बुलाते थे। चंद्र बरोट को भी यह नाम पसंद आया। ऐसे में ईरानी ने डॉन के नाम से इस कहानी को रजिस्टर करा दिया।

## मुफ्त में मिली डॉन की कहानी

नरीमन ईरानी जब फिल्म बनाने को तैयार हुए तो उनके पास कोई कहानी नहीं थी। ऐसे में अमिताभ ने ईरानी को सलाह दी कि वह कहानी के लिए सलीम-जावेद से संपर्क करें। ईरानी ने ऐसा ही किया। सलीम-जावेद ने ईरानी को बहुत महंगी कहानी सुनाई। इसके बाद वहीदा रहमान की सिफारिश पर सलीम-जावेद ने ईरानी को एक फिल्म की कहानी दी। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म हिट हुई तो पैसे देना, वर्ना पैसे मत देना। यह कहानी कोई और नहीं, बल्कि फिल्म डॉन की कहानी थी।

## हिट हुई फिल्म डॉन

पहले तो फिल्म को अच्छा रिस्पांस नहीं मिला, हालांकि कुछ दिनों के बाद फिल्म पर लोगों ने अपना प्यार लुटाना शुरू किया। बताया जाता है कि यह फिल्म 70 लाख में बनी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 7.20 करोड़ रुपए का कारोबार किया। फिल्म के 5 गाने हिट रहे। इसे तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले।

## तबेले में हुई फिल्म की शूटिंग

फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। चूंकि, नरीमन ईरानी के पास पैसे नहीं थे। ऐसे में चंद्र बरोट ने महंगे सेटों पर शूटिंग न करके फिल्म की मुंबई की गलियों में शूटिंग की। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म का गाना 'खईके पान बनारस वाला' की शूटिंग तबेले में हुई थी।

**फिल्म रिलीज से पहले हुआ बड़ा हादसा** : हैरानी की बात यह है कि फिल्म के पूरा होने से पहले ही इसके निर्माता नरीमन ईरानी का निधन हो गया। नरीमन ईरानी राजकमल स्टूडियो में थे, तभी बादल फटने से दीवार गिरी और उनका निधन हो गया। हालांकि, चंद्र बरोट ने फिल्म का काम नहीं रोका। तीन साल के बाद उन्होंने इस फिल्म को बिना प्रचार के रिलीज किया।



# एक पांव नहीं पर हौसले बुलंद, अरुणिमा ने एवरेस्ट समेत पांच महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फहराया तिरंगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फतह कर बनीं पहली भारतीय दिव्यांग महिला खिलाड़ी

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी अरुणिमा सिन्हा की कहानी सिर्फ एक पर्वतारोही की विजय गाथा नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय, साहस और आत्मविश्वास की ऐसी मिसाल है, जो हमें सिखाती है कि हालात कितने भी कठिन क्यों न हों, अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं होता। उन्होंने अपनी सबसे बड़ी कमजोरी को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया और दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फतह किया। आज अरुणिमा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने दुनिया की पांच अन्य महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फतह हासिल की और तिरंगा फहराया।



## लूटपाट की हुई शिकार, खोया एक पैर

अरुणिमा सिन्हा का जन्म 20 जुलाई 1989 को उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले के पंडाटोला मोहल्ले में हुआ था। बचपन से ही उन्हें खेल-कूद में गहरी रुचि रही। वह वॉलीबॉल की खिलाड़ी थीं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी इस प्रतिभा के बल पर पहचान बनाई। हालांकि, अरुणिमा की जिंदगी में एक बहुत ही दर्दनाक मोड़ तब आया, जब अप्रैल 2011 में वह लखनऊ से दिल्ली की यात्रा कर रही थीं। एक सोने की चेन के लिए कुछ बदमाशों ने उन्हें चलती ट्रेन से फेंक दिया था। हादसे में उनके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे और डॉक्टरों को मजबूरन उनका एक पैर काटना पड़ा। उनकी जगह कृत्रिम पैर लगाया गया। इस दर्दनाक हादसे ने अरुणिमा का हौसला तोड़ने के बजाए उन्हें और मजबूत कर दिया। कुछ ही महीनों में जब उनकी तबीयत में सुधार हुआ, तो उन्होंने एक ऐसा निर्णय लिया, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया। उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का संकल्प लिया।

## अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर तिरंगा फहराया

सिर्फ दो साल के भीतर, 2013 में अरुणिमा सिन्हा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया। वह दुनिया की पहली दिव्यांग महिला बनीं, जिसने एवरेस्ट फतह किया। इस कठिन यात्रा के दौरान उनके कृत्रिम पैर से खून बहता रहा, वे बार-बार गिरीं, लेकिन हर बार उठीं और आगे बढ़ती रहीं। अरुणिमा का सफर यहीं नहीं रुका. एवरेस्ट के बाद उन्होंने पांच अन्य महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों में शामिल माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट कोजिअस्को (ऑस्ट्रेलिया), माउंट अकोंकागुआ (दक्षिण अमेरिका), कार्स्टेंन्ज पिरामिड (इंडोनेशिया) और माउंट एल्ब्रुस (यूरोप) पर भी चढ़ाई की। यही नहीं, उन्होंने अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर भी तिरंगा फहराया। अरुणिमा सिन्हा का यह पूरा सफर उनके धैर्य, दृढ़ता और दृढ़ विश्वास की कहानी को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप



### तैराक नटराज ने किया सेमीफाइनल क्वालीफाई

**बर्लिन।** तैराक श्रीहरि नटराज ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' बेहतर करते हुए 49.46 सेकेंड का समय निकाला और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नटराज ने ग्वांग्झू एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2008 में बनाए गए 49.47 सेकेंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। नटराज ने हीट नंबर 6 रेस जीती और कुल मिलाकर 12वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### भाटिया संयुक्त 34वें और राय संयुक्त 44वें स्थान पर



**पोर्टरश।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने ब्रिटिश ओपन के तीसरे दौर में एक-अंडर 70 का स्कोर किया, जिससे वह संयुक्त 34वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया ने सातवें और नौवें होल पर दो बर्डी लगाई लेकिन आखिरी नौ होल में वह दो बोगी कर बैठे। भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय शुरुआती दो दौर की लय को बरकरार नहीं रख पाए और पार 71 का कार्ड खेलने के बाद 18 स्थान नीचे खिसक कर संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर आ गए।

### आठ देशों को मिले आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार

**सिंगापुर।** नेपाल और भूटान समेत आठ देशों ने आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2024 में शीर्ष पुरस्कार हासिल किए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को अपनी सालाना बोर्ड बैठक में यह जानकारी दी। अमेरिका को आईसीसी एसोसिएट सदस्य वर्ष की पुरूष टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार मिला। अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्व कप 2024 में अमेरिकी टीम सुपर आठ चरण तक पहुंची थी। अमेरिका ने कनाडा और पाकिस्तान को हराकर सनसनी फैला दी थी। अमेरिका, नेपाल और भूटान के अलावा इंडोनेशिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, तंजानिया और वानुआतू को भी पुरस्कार मिले।

### मुक्केबाजी: निशांत देव ने इवांस को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के फ्रिस्को में स्थानीय मुक्केबाज लाकुआन इवांस को तकनीकी नॉकआउट आधार पर हराया। 24 वर्ष के निशांत ने सुपर वेल्टरवेट मुकाबले के छठे दौर में जीत दर्ज की, जो पेशेवर सर्किट पर उनकी लगातार तीसरी जीत है। निशांत ने लगातार घूंसे बरसाए, जिसके बाद रैफरी ने एक मिनट 58 सेकंड के बाद मुकाबला रोक दिया।

## मैनचेस्टर टेस्ट में तोड़ सकते हैं 19 साल पुराना रिकॉर्ड, मोहम्मद यूसुफ को छोड़ देंगे पीछे

# गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बनने से 25 रन दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में जबरदस्त लय में नजर आ रहे हैं। दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के पास इतिहास रचने का मौका होगा। वह इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बन सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें मैनचेस्टर टेस्ट में सिर्फ 25 रन और बनाने होंगे। उन्होंने तीन मैचों में 600 से अधिक रन बना लिए हैं।

### तोड़ सकते हैं युसूफ का रिकार्ड

इंग्लैंड के खिलाफ एक द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड एशियाई बल्लेबाजों के बीच पाकिस्तान के मोहम्मद युसूफ के नाम है। उन्होंने साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में 631 रन बनाए थे। वहीं गिल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में तीन मैचों की 6 पारियों में 607 रन बना चुके हैं। उन्हें युसूफ के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए चौथे टेस्ट मैच में 25 रन और बनाने होंगे। इस सीरीज में अब तक गिल एक दोहरा शतक और दो शतक जड़ चुके हैं। उनका हाईएस्ट स्कोर 269 रन है। अगर वह चौथे टेस्ट में 25 रन बना लेते हैं तो वह मोहम्मद युसूफ का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे।




### जायसवाल का रिकॉर्ड खतरे में

इस मैच में शुभमन गिल के पास कुछ और भी रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा। मैनचेस्टर टेस्ट मैच में गिल अगर 146 रन बना लेते हैं तो वह भारत और इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। यह रिकॉर्ड फिलहाल इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम गूच के नाम है। उन्होंने 1990 में एक सीरीज में 752 रन बनाए थे। गिल इसके साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन सकते हैं। उनके पास यशस्वी जायसवाल को पीछे छोड़ने का मौका है। 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जायसवाल ने 712 रन बनाए थे। गिल को जायसवाल से आगे निकलने के लिए 106 रन और बनाने होंगे। अब इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट मैच में गिल कितने रिकॉर्ड अपने नाम करते हैं ये देखना दिलचस्प होगा।

### बुमराह के पास ईशांत को पीछे करने का मौका

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपने नाम एक खास रिकॉर्ड बना सकते हैं। वह एक विकेट लेते ही इंग्लैंड में अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे कर लेंगे और खास अर्धशतक लगा देंगे। बुमराह ने अभी तक इंग्लैंड की धरती पर 11 टेस्ट मुकाबले खेले हैं, जिसमें 49 विकेट हासिल किए हैं। अगर वह चौथे टेस्ट मैच में तीन विकेट लेने में कामयाब हो जाते हैं, तो वह ईशांत शर्मा को पीछे करके इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। ईशांत ने इंग्लैंड में कुल 51 विकेट हासिल किए हैं। जिस तरह की फॉर्म में बुमराह चल रहे हैं। उससे वह आसानी से ईशांत को पीछे कर सकते हैं। फिर वह टॉप पर होंगे और नंबर-1 का ताज हासिल कर लेंगे।

## अंशुल कम्बोज को किया गया शामिल

# टीम इंडिया में मैनचेस्टर टेस्ट से पहले बदलाव

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

■ आकाश दीप, अर्शदीप के कवर के तौर पर कम्बोज खेलेंगे चौथा टेस्ट

इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के लिए फिट होने की कोशिशों में जुटे आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ग्रोइन की चोट से जूझ रहे आकाश दीप ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला था जबकि अर्शदीप इस श्रृंखला में अभी तक नहीं खेल सके हैं।

आकाश दीप की उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है जबकि अर्शदीप का मैनचेस्टर टेस्ट में खेलना मुश्किल ही लग रहा है, जिसकी वजह से चयनकर्ताओं ने कम्बोज को बुलाया। अर्शदीप को नेट सत्र के दौरान साइ सुदर्शन का एक शॉट बचाते समय बायें हाथ में चोट लगी



थी। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा था,' हम मैनचेस्टर टेस्ट पास आने पर टीम संयोजन के बारे में फैसला लेंगे, खासकर अर्शदीप की स्थिति को ध्यान में रखते हुए।' उन्होंने कहा था,' उसे कट लगा है लेकिन देखना है कि यह कितना गहरा है। मेडिकल टीम उसे डॉक्टर के पास ले गई है और देखना है कि उसे टांके आते हैं या नहीं।'

### अंशुल ने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिए

*कम्बोज ने टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल केरल के खिलाफ लाहली में रणजी ट्रॉफी मैच में हरियाणा के लिए एक पारी के दस विकेट चटकाए थे। वह बंगाल के प्रेमांग्शु चटर्जी (1956.57) और राजस्थान के प्रदीप सोमासुंदरम (1985.86) के बाद यह कारनामा करने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। उन्होंने पिछले सत्र में छह रणजी मैचों में 34 विकेट लिए थे।*

## बैडमिंटन

# भारत ने हांगकांग को हराया, ग्रुप डी में शीर्ष पर, अब जापान से भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| सोलो (इंडोनेशिया)

■ बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़िया का बेहतर प्रदर्शन

भारत ने रविवार को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में हांगकांग चीन को 110-100 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा और ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और हांगकांग दोनों इस मैच से पहले ही नॉक-आउट चरण में अपनी जगह पक्की कर चुके थे। रुजुला रामू ने आईपी सुम याउ को 11-8 से हराकर एक बार फिर भारत को जीत से शुरुआत कराई। इसके बाद भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की दुनिया की छठे नंबर की युगल जोड़ी ने चेउंग साई शिंग और देंग ची फाई के खिलाफ बढ़त 22-13 कर दी। हांगकांग के लाम का तो ने 13 अंक बनाकर अपनी टीम को अंतर कम करने में मदद की लेकिन रौनक चौहान भारत को 33 अंक तक ले गए। पांच मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच 55-49 के स्कोर से छह अंक का अंतर था। फिर जूनियर विश्व नंबर एक खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने दूसरे बालिका एकल में लियू होई किउ अन्ना पर दबदबा बनाते हुए 66-54 से बढ़त बनाकर भारत को एक बार फिर बढ़त दिला दी। हालांकि अगले चार मैच बराबरी के रहे, पर भारत ने बढ़त बनाए रखी और ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए सोमवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जिसमें उसका सामना जापान से होगा। जापान ग्रुप ए में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।भारत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में किया था, जिसमें उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले साल भारत क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से 2-3 से हारकर पदक से चूक गया था।

## शतरंज : कार्लसन तीसरे स्थान के लिए अमेरिकी खिलाड़ी नाकामुरा से भिड़ेंगे

**लास वेगास (अमेरिका)।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने लय में वापसी करते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अर्जुन एरिगेसी को 2-0 और आर प्रज्ञानानंदा को 3-1 से शिकस्त दी। अब 750,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट के फाइनल में हैंस मोके नीमन का सामना अमेरिका के लेवोन अरोनियन से होगा जबकि कार्लसन तीसरे स्थान के लिए दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा से भिड़ेंगे। कार्लसन के लिए दोनों मैच काफी रोमांचक रहे क्योंकि इससे पहले प्रज्ञानानंदा ने उन्हें टूर्नामेंट जीतने का मौका हासिल करने से महरूम कर दिया था। भारतीय खिलाड़ी ने इस मिनी-मैच के पहले गेम में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की लेकिन नॉर्वे के खिलाड़ी ने 'रिटर्न गेम' में वापसी की और जीत हासिल कर टूर्नामेंट में वापसी की। वहीं अर्जुन ने पहले गेम में बढ़त हासिल की लेकिन इसे कायम नहीं रख सके जबकि दूसरे गेम में कार्लसन सर्वश्रेष्ठ साबित हुए।



## महिला यूरो 2025



**बेसल।** स्विट्जरलैंड के बेसल में सेंट जैकब-पार्क में फ्रांस और जर्मनी के बीच महिला यूरो 2025 क्वार्टर फाइनल फुटबॉल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती जर्मनी की खिलाड़ी।

## स्टार लांग जंपर मुरली ने पुर्तगाल एथलेटिक्स मीट में जीता खिताब

# श्रीशंकर ने लगाई 7.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ 14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में खेलेंगे टूर्नामेंट

भारत के स्टार लांग जंपर मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल के माइया में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के कांस्य स्तर के टूर्नामेंट मीटिंग माइया सिडाडे डो डेसपोर्टो में 7.75 मीटर की कूद लगाकर खिताब जीत लिया।
एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने दूसरे दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उन्होंने 7.63 मीटर की कूद के साथ शुरूआत की और दूसरे दौर में 7.75 मीटर की कूद लगाई। तीसरी कूद में उन्होंने 7.69 मीटर का फासला नापा। अगला प्रयास फाउल रहा और इसके बाद 6.12 और 7.58 मीटर की कूद लगाई। पोलैंड के पियोत्र तारकोवस्की ने भी 7.75 मीटर की कूद लगाई लेकिन उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.58 मीटर था, जो श्रीशंकर के 7.69 मीटर से कम था। विश्व एथलेटिक्स के नियमों के अनुसार अगर दो खिलाड़ियों में टाई होता है तो दूसरी वैध कूद को टाइब्रेकर माना जाता है।



घुटने के आपरेशन के कारण लंबे समय खेल से दूर रहे श्रीशंकर ने इस महीने की शुरूआत में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट के जरिए वापसी की है। उनकी नजरें सितंबर में टोकियो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर लगी है, जिसके लिए स्वतः क्वालीफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। वह 14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में टूर्नामेंट खेलेंगे, जिसके लिए सरकार ने 5.58 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

### 8 मीटर का आंकड़ा कर चुके हैं पार

26 वर्षीय मुरली श्रीशंकर ने अपनी छलांग की शुरुआत 7.84 मीटर से की, फिर इसे बेहतर करते हुए 7.99 मीटर तक पहुंचे। इसके बाद 8 मीटर का आंकड़ा पार किया। हालांकि, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालिफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। लगभग दो साल पहले चीन के हांगझोउ में हुए 2023 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के बाद मुरली श्रीशंकर का यह पहला प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन था।

## रोहित नगर टर्फ जोन में फुटसल टूर्नामेंट 2 अगस्त से

**भोपाल।** टर्फ जोन, रोहित नगर में भव्य फुटसल टूर्नामेंट का आयोजन 2 अगस्त से किया जा रहा है। भोपाल के सबसे बड़े टर्फ मैदान में 7 अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में भोपाल की प्रमुख टीमें भाग लेंगी और रोमांचक मुकाबलों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के योगेश पटेल एवं जेपी झावर ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन 2 अगस्त को किया जा रहा है, जिसमें विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में टूर्नामेंट ट्रॉफी का अनावरण किया जाएगा।

- 7 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट में भाग लेंगी भोपाल की प्रमुख टीमें

## अंडर-14 में शिशुकुंज इंदौर ने, अंडर 17 में ज्ञानोदय नीमच और अंडर 19 में सेंट जोसेफ ने जीता खिताब

### आईईएस पब्लिक स्कूल मेगा सीबीएसई क्लस्टर (राज्य स्तर) बास्केटबाल गर्ल्स टूर्नामेंट का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा मेगा सीबीएसई क्लस्टर (राज्य स्तर) बास्केटबाल गर्ल्स टूर्नामेंट का आयोजन आईईएस पब्लिक स्कूल परिसर के बास्केटबाल कोर्ट में किया गया, जिसमे सभी मैच के उपरांत रविवार को फाइनल मैच खेले गए। इनमें अंडर-14 में शिशुकुंज इंदौर ने, अंडर 17 में ज्ञानोदय नीमच और अंडर 19 में सेंट जोसेफ स्कूल भोपाल की टीम ने खिताब जीता और अपने स्कूल का नाम रोशन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी एवं विशिष्ट अतिथि सुपरिंटेंडिंग आर्कियोलॉजिस्ट, एएसआई डॉ. मनोज कुमार कुर्मी और डायरेक्टर, खेल एवं युवा कल्याण राकेश गुप्ता आईपीएस ने पुरस्कार वितरित किए।

उन्होंने छात्रो को होसला वर्धन किया एवं दोनों वर्ग के विजेता एवं उप विजेता टीम ट्रॉफी एवं पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण समारोह के अंत में अजय के शर्मा, डायरेक्टर, आईईएस पब्लिक स्कूल ने सभी छात्रों की उत्साह बढ़ाते हुए सभी वर्ग के विजेताओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।






**यह रहे टूर्नामेंट के विस्तृत परिणाम**



चौथे दिन फाइनल का पहला मैच अंडर-14 से शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल इंदौर ने गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल शहडोल को 49-23 से हराकर शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल इंदौर विजयी रहा। वही अन्डर 17 का मुकाबला ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल नीमच और शिशुकुंज इंटरेस्ट इंदौर 39-9 से हराकर ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल नीमच विजयी हुआ एवं अन्डर 19 का फाइनल मैच सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल भोपालऔर शारदा विद्या मंदिर, भोपाल मे 44-16 से हराकर सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल भोपाल विजयी हुआ।

### सेंट टेरेसा गर्ल्स स्कूल ने जीता कांस्य पदक



सीबीएसई क्लस्टर 12 बास्केटबॉल कंपटीशन अंडर 14 में सेंट टेरेसा गर्ल्स स्कूल भोपाल टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और कांस्य पद हासिल किया। कोच राजकुमार के प्रशिक्षण के कारण सेंट टेरेसा गर्ल्स स्कूल भोपाल ने दूसरी बार भोपाल का नाम रोशन किया। यह टूर्नामेंट इस स्कूल रातीबड़ भोपाल में आयोजित किया गया था।

### केएन प्रधान तिराहे के पास हुआ हादसा, आरोपी चालक फरार

## ड्यूटी जा रहे विशेष शाखा के एसआई को अज्ञात कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र के केएन प्रधान तिराहे के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक पर जा रहे विशेष शाखा के उपनिरीक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। सिर व नाक में चोट आने से वह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार ए-ब्लॉक, पुलिस आईटीआई के सामने जहांगीराबाद निवासी राहुल बुधोलिया (40) पुलिस की विशेष शाखा भोपाल में उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। विगत 18 जुलाई की सुबह करीब सवा 8 बजे वह शासकीय मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 03 ए 8572 से प्रोफेसर कॉलोनी स्थित ऑफिस जा रहे थे। जैसे ही वह केएन प्रधान तिराहे पर पहुंचे, पीतल मंदिर की तरफ आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह गाड़ी समेत नीचे गिर गए। उनके सिर व नाक में गंभीर चोट आई है। गंभीर हालत में उन्हें चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद आरोपी चालक अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल और उस ओर आने-जाने वाले रास्तों पर लगे कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### सामने जा रहे ट्रक में घुसे बाइक सवार एक की मौत, दूसरा घायल

*बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित पुराना हबीबगंज नाका के पास वाइन शॉप के सामने बाइक सवार युवक सामने सड़क से गुजर रहे ट्रक में पीछे से जा घुसे। हादसे में बाइक चला रहे युवक को सिर और नाक में गंभीर चोट थी, जबकि पीछे बैठे उसके साथी का चोट कम थी। दोनों को एम्स ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। उसके साथी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार दीपक पटेल पिता राम सजीवन पटेल (26) गांव कंचनपुर, तहसील अमरपाटन, जिला मैहर में रहता था। इन दिनों वह बैंक कॉलोनी अशोका गार्डन में किराए के मकान में रह रहा था और मंडीदीप की फैक्ट्री में काम कर रहा था। एएसआई मनोज शर्मा ने बताया कि दीपक अपने साथी सुयश के साथ बाइक से अशोका गार्डन से नर्मदापुरम सड़क होते हुए बागसेवनिया थाने की तरफ आ रहा था। रात करीब पौने 12 बजे वे पुराना हबीबगंज नाका के पास वाइन शॉप के सामने पहुंचे ही थे कि बाइक सामने चल रहे ट्रक में जा भिड़ी। हादसे में ट्रक का चेचिस दीपक पटेल के सिर और मुंह और नाक पर टकराया था। इससे उसे गंभीर चोट आई थी। वहां से गुजर रहे राहगीर ने दीपक और उसके साथी सुयश को एम्स पहुंचाया, वहां देर रात दीपक की इलाज के दौरान मौत हो गई।*

### जीआरपी भोपाल ने बदमाश को किया गिरफ्तार

## हत्या सहित गंभीर अपराधों का आरोपी ट्रेन में कर रहा था चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हत्या, हत्या के प्रयास सहित गंभीर अपराधों को अंजाम देने वाला शातिर बदमाश ट्रेनों में चोरी करने लगा था। जीआरपी भोपाल ने उसे गिरफ्तार कर उसके पास से ट्रेन में चोरी किए गए डेढ़ लाख के जेवर बरामद किए है। बदमाश ने उक्त जेवर हमसफर एक्सप्रेस में सफर कर रहे दंपती के पर्स से चुराए थे। आरोपी के पास से सोने की अंगूठी, दो मोबाइल, घड़ी और 10 हजार रुपए नगदी सहित डेढ़ लाख का सामान मिला है। उक्त वारदात का खुलासा जीआरपी ने सीसीटीवी



कैमरे के फुटेज देखने के बाद महज कुछ घंटे के भीतर करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि बुरहानपुर निवासी अमन अग्रवाल पत्नी के साथ नागपुर से इंदौर की यात्रा हमसफर एक्सप्रेस में कर रहे थे। भोपाल स्टेशन से गुजरने पर उनका ध्यान पत्नी के पर्स पर गया तो पर्स चोरी हो चुका था।

### आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड

रिजवान उर्फ गोल्डन की आपराधिक पृष्ठभूमि अत्यंत गंभीर है। उस पर हत्या (302), हत्या की कोशिश (307), लूट (394), हमला (324), छेड़छाड़ (354), और आर्म्स एक्ट सहित 13 से अधिक संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं। वह नशे का आदी हो चुका है और नशे की लत के चलते ट्रेन में वारदातों को अंजाम दे रहा था। इसके अलावा जीआरपी भोपाल द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आरोपी को भविष्य में नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

## शौक पूरे करने मास्टर की से बाइक चुराने वाले तीन चोर गिरफ्तार

**भोपाल।** बागसेवनिया पुलिस तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन बाइक जब्त की है। जब्त बाइक की कीमत दो लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी अपने शौक पूरे करने बाइक चुरा रहे थे। वे चोरी की बाइक बेचकर हाथ लगा पैसा अय्याशी में उड़ा देते थे। उनके पास से बाइक चुराने वाली मास्टर की भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार राम आरसे, निवासी कमला नगर पिपलानी ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि एमपीबी नेहरू नगर में नौकरी करते हैं। 15 जुलाई को उन्होंने बाइक एम्स अस्पताल की पार्किंग में खड़ी की थी। शाम चार बजे वह पार्किंग में पहुंचे तो बाइक चोरी हो चुकी थी। एक अन्य बाइक हबीबगंज कलारी के पास से चोरी होने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए। इस दौरान कुछ संदिग्ध बाइक चुराते हुए नजर आए। इसके बाद तीनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। तीनों की पहचान गुलशन चंदेलकर व मनमोहन मेहरा और भगवान सिह मेहरा के रूप में की गई।

## दुष्कर्म का केस वापस लेने एएसआई ने लेडी टीचर के साथ की मारपीट

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित सागर स्टैट के पास शासकीय स्कूल की टीचर से एएसआई नीलेश व्यास द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। टीचर ने एएसआई पर एसिड अटैक करने की बात भी कही है। हालांकि एसिड अटैक के शरीर पर निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने टीचर की शिकायत पर एएसआई के खिलाफ दर्ज कर ली है। एसिड अटैक हुआ या नहीं इसकी जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 43 साल की महिला करोंद इलाके में रहती है और शासकीय स्कूल में टीचर है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार रात वह पड़ोस में रहने वाले दंपती के साथ राज दरबार होटल खाना खाने गई थी। वहां से रात करीब साढ़े 12 बजे वह स्कूटर से घर लौट रही थी। इस बीच उनके पति बाइक से राज दरबार होटल पानी की बोतल लेने गए। टीचर स्कूटर के पास खड़ी थी, तभी वहां एएसआई नीलेश व्यास पहुंचे। उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। वह कह रहे थे कि यदि मेरे खिलाफ की गई शिकायत वापस नहीं लेगी तो जान से खत्म कर दूंगा। इसी बीच वह बाइक पर रखे बैग से प्लास्टिक की बोतल निकालकर लाए। तरल पदार्थ उन्होंने टीचर की तरफ फेंका, जो उनके बांए पैर के पंजे पर गिरा था। इससे पंजे में जलन होने लगी। तरल पदार्थ फेंकने के बाद वह मौके से भाग निकले। इधर, पानी की बोतल लेकर लौटे पड़ोसी के पति को उन्होंने घटना की जानकारी दी।




अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी : गंगोत्री मोटर्स 9755101902, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379

FCB INTERFACE/2074/JULY25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930